# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 11 मार्च 2025



11 वनडे विश्व कप में काफी समय, भारत को बदलाव...





विचार पेज

06 राजनीति में अपराधीकरण...


शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संसद में दिया जवाब

# केंद्रीय विद्यालयों में 'दाखिले' के लिए सांसद कोटे को फिर शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय विद्यालयों में फिर से सांसद कोटा शुरू किए जाने की अटकलों पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संसद में जवाब दिया है। सोमवार को उन्होंने एक लिखित जवाब में कहा कि केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए सांसद कोटा को फिर से शुरू करने का कोई प्रस्ताव फिलहाल सरकार के विचाराधीन नहीं है। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन ने सांसद कोटा सहित कुछ विशेष प्रावधानों को वापस ले लिया, जो कक्षा की स्वीकृत सीट संख्या के अतिरिक्त था और छात्रों की शिक्षा को प्रभावित कर रहा था। प्रधान ने आगे कहा कि यह कोटा कक्षा की स्वीकृत सीट संख्या से अतिरिक्त था और इसलिए बेहतर छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) को बनाए रखते हुए प्रणाली में गुणात्मक परिवर्तन लाने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप वांछित शिक्षण परिणाम प्राप्त करने के लिए इन्हें समाप्त कर दिया गया। था।

### क्यों बंद किया गया था कोटा?

1 बेहतर छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) को बनाए रखते हुए प्रणाली में गुणात्मक परिवर्तन लाने

2 राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप वांछित शिक्षण परिणाम प्राप्त करने के लिए

### केंद्रीय विद्यालयों में क्या था सांसद कोटा?



जब तक यह कोटा था तो एक सांसद को किसी केंद्रीय विद्यालय में 10 बच्चों के दाखिले के लिए सिफारिश करने का विशेषाधिकार प्राप्त था। यहां तक कि जिलाधिकारी को भी प्रायोजक प्राधिकरण कोटे के तहत 17 छात्रों के प्रवेश के लिए सिफारिश करने की शक्ति थी। लोकसभा के 543 और राज्यसभा के 245 सदस्य इस कोटे के तहत एक साल में कुल 7,880 बच्चों के दाखिले की सिफारिश कर सकते थे, लेकिन 2022 में केंद्र सरकार ने इस कोटे को खत्म कर दिया था।

### कोटा खत्म होने से पहले कितने होते थे एडमिशन?




यह कोटा खत्म होने से पहले सांसदों की सिफारिश पर केंद्रीय विद्यालयों में बच्चों के एडमिशन सीमित संख्या से ऊपर पहुंच जाते थे। आंकड़ें बताते हैं कि वर्ष 2018-19 में सांसद कोटे के तहत कुल 8,164 एडमिशन हुए थे। इसी तरह वर्ष 2019-20 में एमपी कोटे से 9411 एडमिशन हुए, तो वहीं 2020-21 में कुल 12,295 बच्चों के दाखिले हुए। हालांकि, साल 2021-22 में एमपी कोटे के तहत कुल 7301 एडमिशन हुए।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली — आज के अंक के साथ


### पीएचडी छात्रों के लिए बढ़ाई 62% फेलोशिप



**नई दिल्ली।** पीएचई दिल्ली स्टेट यूनिवर्सिटी में शुमार ट्रिपल आईटी दिल्ली ने पीएचडी छात्रों के लिए खुशखबरी दी है। संस्थान ने पीएचडी फेलोशिप की धनराशि बढ़ा दी है। दिल्ली की इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि पीएचडी फ़ेलोशिप 62 फीसदी तक पीएचडी फेलोशिप बढ़ा दी है। इस कदम का उद्देश्य टॉप लेवल की रिसर्चर को बढ़ावा देना और भारत के इनोवेशन सिस्टम को मजबूत करना है। अब पीएचडी फेलोशिप की राशि 60,000 प्रति माह दी जाएगी। पहले 37,000 रुपए मिलती थी। इसके साथ ही अन्य वित्तीय प्रोत्साहन भी दिए जाएंगे।

**विधानसभा का बजट सत्र :** राज्यपाल ने की अभिभाषण में सरकार व सभी योजनाओं की तारीफ

# युवा शक्ति,गरीब कल्याण, किसान कल्याण और नारी सशक्तिकरण मिशन बेहद 'प्रभावी'



### 27 पेज के अभिभाषण को महज 21 मिनट के संक्षिप्त वक्तव्य में पूरा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विधानसभा के बजट सत्र में राज्पपाल मंगुभाई पटेल ने अपने अभिभाषण में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जमकर तारीफ की। उन्होंने कुल 27 पेज के अभिभाषण को महज 21 मिनट के संक्षिप्त वक्तव्य में पूरा किया। इसमें केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का भारत, उनकी कल्याणकारी नीतियों, गरीब-युवा-अन्नदाता और नारी इन चारों वर्गों के ⏩ शेष पेज 4 पर

*किसानों को पिछले वर्ष 4 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि दी गई। किसानों को गेहूं के समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल के अतिरिक्त 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस सहित 2600 रुपए देने का निर्णय लिया गया।*

नदी जोड़ो परियोजना मप्र की तकदीर व तस्वीर बदल देगी

प्रदेश की उपज को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक बनाएंगे



### तीन वर्ष में 30 लाख सोलर पंप देंगे

धान उत्पाद करने वाले किसानों को 4 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय भी लिया गया है। कोदो कुटकी के उपार्जन के लिए महासंघ का गठन, पैक्स में पीएम किसान समृद्धि केंद्र खुल रहे हैं। किसानों को बिजली बिल से मुक्ति के लिए तीन साल में 30 लाख किसानों को सोलर पंप मुहैया कराया जाएगा। 5 रुपए में किसानों को स्थाई बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए मप्र डेयरी बोर्ड के साथ अनुबंध की पहल हुई है। सांची ब्रांड को मतबूत किया जाएगा। गोवंश के आहार राशि को देखकर 40 रुपए प्रति गोवंश किया जा रहा है। ⏩ पढ़ें पेज 02 भी

### ◆ 89 हजार 710 मेधावी छात्रों को लैपटॉप के लिए 224 करोड़

*हमारी सरकार ने 89 हजार 710 मेधावी छात्रों को लैपटॉप देने के लिए 224 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। 7,822 मेधावी छात्रों को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान की गई है। सभी जिलों में एक-एक पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए हैं। इस तरह के 55 कॉलेज खोले गए हैं। 780 पीएम श्री स्कूलों की स्थापना का लक्ष्य रखा गय है। समेकित छात्र वृति योजना में 355 करोड़ की छात्रवृत्ति की राशि वितरित की जाएगी। व्यावसायिक शिक्षा के तहत 2,283 स्कूलों में 4 हजार छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश के चार संभागीय मुख्यालयों सागर, जबलपुर, उज्जैन एवं रीवा में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का उन्नयन कर मप्र इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी की स्थापना की जा रही है। आईआईटी दिल्ली के सहयोग से 3 कॉलेजों में 4 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जा रहे हैं। मप्र* ⏩ शेष पेज 4 पर

**आज ही विस** परिसर में कैबिनेट बैठक



# आज आएगा आर्थिक सर्वेक्षण और द्वितीय अनुपूरक बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

■ द्वितीय अनुपूरक बजट 10 हजार करोड़ का होगा

राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा के बजट सत्र में दो दिन 11 व 13 मार्च को चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही सरकार मंगलवार को सदन में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेगी। इसमें सरकार के आर्थिक परिदृश्य, खासकर आय-व्यय, प्रमुख योजनाओं, सरकार की आर्थिक नीतियों के अलावा सरकार यह भी बताएगी कि आखिर में राज्य सरकार का विकास के मुद्दे पर किस तरह से सफल रही है। आर्थिक सर्वेक्षण वस्तुतः राज्य सरकार की आर्थिक नीतियों का आइना होता है। इसमें सरकार के खर्च करने के तौर तरीकों से लेकर आय व व्यय का पूरा ब्यौरा होता है। आर्थिक सर्वेक्षण के साथ ही सरकार करीब 10 हजार करोड़ रुपए का द्वितीय अनुपूरक बजट भी पारित कराएगी। इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान बजट में दी गई राशियों को मंजूरी दी जाएगी।

बुधवार को विधानसभा परिसर में ही सुबह 9.30 बजे कैबिनेट की बैठक भी रखी गई है। इसमें एक दर्जन से अधिक मुद्दों को मंजूरी दी जाएगी। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सोमवार को विभिन्न विभागों खासकर निर्माण विभागों की बैठक ली। उन्होंने बजट में मांगी गई राशि के प्रस्तावों पर चर्चा की है। इसके अलावा केंद्र प्रवर्तित योजनाओं तथा प्रदेश की विभिन्न योजनाओं को लेकर भी चर्चा की गई।

***पुलिस ने बेरिकेड्स** लगाकर रोका, मंच पर चढ़े ज्यादा पदाधिकारी तो भरभरा गया*

कई नेता मंच पर दबने से हुए घायल, जीतू पटवारी अस्पताल देखने पहुंचे

# कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान मंच 'टूटा' 3 महिला नेत्रियों सहित दर्जन भर नेता जख्मी

### राजीव सिंह की ज्यादा चोटें, 3 घंटे चली सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मप्र विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन भोपाल में किसान कांग्रेस विरोध प्रदर्शन को लेकर आक्रामक रही। प्रदेश भर से आए कांग्रेसी कार्यकर्ता और पदाधिकारी रंगमहल पर बने मंच पर सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान मंच पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता चढ़ गए और अचानक मंच टूटने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी ⏩ शेष पेज 4 पर ⏩ पढ़ें पेज 02 भी

**कांग्रेस विधायकों का अनोखा प्रदर्शन...**

### काले नकाब से मुंह छिपाकर पहुंचे विधानसभा

◆ विपक्ष बोलाः जनता के सवालों से मुंह छिपा रही सरकार



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक काला नकाब पहनकर विधानसभा पहुंचे। कांग्रेस विधायकों ने गांधी की प्रतिमा के सामने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी ⏩ शेष पेज 4 पर







***विदिशा में भाजपा** नेता की पत्नी की हत्या*

# दिनदहाड़े घर में घुसकर हमलावर ने कुल्हाड़ी से उतारा मौत के घाट

पुलिस और फॉरेंसिक की टीम जांच में जुटी, हत्या का कारण स्पष्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



अहमदपुर रोड स्थित जेतपुरा गांव की पूर्व जनपद सदस्य रानी ठाकुर को उनके ही घर में कुल्हाड़ी मारकर मौत के घाट उतार दिया गया।

घटना सोमवार सुबह 11.30 बजे की बताई जा रही है। जिस समय इस घटना को अंजाम दिया गया तब उनके पति पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामविलास ठाकुर खेत पर थे। रानी की बेटी बाथरूम में नहा रही थी। आरोपी ने खाना बना रहीं पूर्व जनपद सदस्य की गर्दन पर पीछे से वार किया। वार इतनी तेजी से किया गया कि महिला वहां से हिल भी नहीं पाई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पति रामविलास के घर पहुंचने के बाद जब उन्होंने पत्नी को आवाज लगाई तो अंदर से कोई नहीं आया। जैसे ही वह अंदर कमरे में पहुंचे तो ⏩ शेष पेज 4 पर

# रंगभरी एकादशी पर मार्कंडेय मंदिर बांके बिहारी गुफा मंदिर, मां वैष्णो धाम में खूब उड़ा गुलाल

## श्रीजी मंदिर में श्रद्धालुओं ने फूलों से राधा-कृष्ण संग खेली होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रंगभरी एकादशी पर सोमवार को भक्त देवो के देव महादेव व भगवान विष्णु पर रंग-गुलाल चढ़ाकर जीवन में खुशहाली के लिए प्रार्थना की। ऐसी मान्यता है कि रंगभरी एकादशी के दिन सहस्त्रानाम पाठ के साथ शिवलिंग पर गुलाल और भगवान विष्णु पर तुलसी व गुलाल चढ़ाने से विशेष फल मिलता है। साथ ही भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। शहर के प्रमुख मार्कंडेय मंदिर बांके बिहारी, गुफा मंदिर लालघाटी, मां वैष्णो धाम आदर्श नगर व श्रीजी मंदिर सहित अन्य में मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ की गई। इसके चलते दिन भर मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही।



### प्रभु श्रीनाथजी का नीले वस्त्र, सोने के आभूषण और सिर पर मीना के मुकुट से किया श्रृंगार

*पुराने शहर के लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर का सोमवार को नजारा कुछ अलग दिखा। शाम छह बजे से बड़ी संख्या में मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। रात साढ़े सात बजे तक बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ हो गई थी। इसके बाद राधा व श्रीकृष्ण बने युवक-युवतियों के साथ फूलों की होली खेली गई। मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि रंगभरी एकादशी के मौके पर प्रभु श्रीनाथजी नीले वस्त्र के साथ सोने का श्रृंगार और सिर पर मीना के मुकुट के साथ श्रृंगार किया। विविध प्रकार के पुष्पों से निर्मित झूले में विराजमान किया और मुकुट काछनी का श्रृंगार धराया गया। प्रभु संग गुलाब, गेंदे एवं बिजली के 200 किलो फूलों से होली खेली गई। वैष्णव के ऊपर भी पुष्प वर्षा की गई। साथ में पिचकारी से इत्र उड़ाया गया। गुलाल उड़ाई गई ऐसा प्रतीत हो रहा था, जैसे गुलाल के बादल छा गए हों।*

### पहली होली पीहर में मनाएंगी मां गौरा, होली के रंग में रंगेंगे बाबा बटेश्वर

*होली के पूर्व श्री बड़वाले महादेव मंदिर से मंगलवार को मां गौरा अपने मायके भवानी मंदिर सोमवारा पहुंचेंगी। श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के द्वारा मंगलवार शाम 6 बजे से विदाई होगी। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि शाम को बड़वाले महादेव मंदिर परिसर में मां भवानी मंदिर समिति के अध्यक्ष आशीष सैनी की अगुवाई में माता जी की शोभा यात्रा शाम 5 बजे पहुंचेगी। यहां स्वागत एवं आरती पूजन के बाद माता पार्वती की पारंपरिक विदाई होगी। इसके बाद विदाई शोभायात्रा जवाहर चौक जुमेराती, लोहा बाजार, चौक बाजार, लखेरापुरा से भवानी मंदिर सोमवारा पहुंचेंगी। यहां फाग उत्सव के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। शोभायात्रा में धर्म ध्वज, बैंड, ढोल, डीजे, श्री राधा कृष्ण, श्री गणेश एवं अन्य देवी देवताओं की झांकियों के साथ सबसे आखिर में फूलों एवं विद्युत से सुसज्जित रथ में माता पार्वती विराजमान होंगी।*

#### पंचभूत स्वरूप में सजेंगे बटेश्वर

*श्री बड़वाले महादेव मंदिर में बाबा बटेश्वर का प्रदोष उत्सव के अवसर पर बाबा बटेश्वर का उमा महेश, चंद्र मोलिश्वर, छबीना, एवं होलकेश्वर स्वरूप में श्रृंगार कर रंग गुलाल एवं फूलों से सजाकर महाआरती की जाएगी एवं गुलाल व फूलों से फाग उत्सव होगा। इसी के साथ 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का समापन होगा। मंदिर समिति के प्रकाश मालवीय ने बताया कि सनातन परंपरा के अनुसार नई दुल्हन पहली होली ससुराल में नहीं मनाती इसी परंपरा के तहत उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।*

# होली पर रेलवे ने चलाईं 20 स्पेशल ट्रेनें: भोपाल मंडल के कई स्टेशन से गुजरेंगी, हजारों यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**भोपाल।** होली पर यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त यातायात को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने मध्य प्रदेश के लिए कई विशेष ट्रेनों का संचालन किया है। ये ट्रेनें राज्य के प्रमुख शहरों जैसे भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर, रीवा, सतना और अन्य क्षेत्रों को जोड़ती हैं। होली पर्व के दौरान यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इन विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेन देश भर के यात्रियों के लिए चलाई हैं, जिसमें 20 ट्रेनें मध्य प्रदेश के अनेक स्टेशनों से गुजरेंगी। भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि ट्रेनों के बारे में जानकारी के लिए एनटीईएस एप के अलावा रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 से प्राप्त कर सकते हैं।

## इन ट्रेनों से लोगों को मिलेगी विशेष सुविधा



उधना-सुबेदारगंज-उधना होली विशेष ट्रेन (गाड़ी संख्या 09117/09118) यह ट्रेन भोपाल मंडल के शाजापुर, पचोर रोड, ब्यावरा राजगढ़, रूठियाई, गुना, बदरवास और शिवपुरी स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

09117 उधना-सुबेदारगंज होली विशेष ट्रेन 14 मार्च से 27 जून 2025 तक 17 ट्रिप में चलेगी।

09118 सुबेदारगंज-उधना होली विशेष ट्रेन 28 जून 2025 तक 17 ट्रिप में चलेगी।

काचीगुड़ा-मदार जंक्शन-काचीगुड़ा होली स्पेशल ट्रेन (गाड़ी संख्या 07701/07702) यह ट्रेन भोपाल मंडल के रानी कमलापति स्टेशन से होकर गुजरेगी।

07701 काचीगुड़ा-मदार जंक्शन स्पेशल ट्रेन 11 और 16 मार्च 2025 को चलेगी।

07702 मदार जंक्शन-काचीगुड़ा स्पेशल ट्रेन 13 और 18 मार्च 2025 को चलेगी।

वलसाड-दानापुर-वलसाड होली विशेष ट्रेन (गाड़ी संख्या 09025/09026) यह ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी जंक्शन से होकर गुजरेगी।

09025 वलसाड-दानापुर होली विशेष ट्रेन 30 जून तक 18 ट्रिप में चलेगी।

09026 दानापुर-वलसाड होली विशेष ट्रेन 1 जुलाई तक 18 ट्रिप में चलेगी।

चर्लपल्ली-दानापुर-चर्लपल्ली होली स्पेशल ट्रेन (गाड़ी संख्या 07709/07710) यह ट्रेन इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल (जबलपुर), कटनी, मैहर और सतना स्टेशनों से होकर गुजरेंगी

07709 चर्लपल्ली-दानापुर स्पेशल ट्रेन 9 और 19 मार्च 2025 को चलेगी।

07710 दानापुर-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन 11 और 21 मार्च 2025 को चलेगी।

रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति होली विशेष ट्रेन (गाड़ी संख्या 01661/01662) यह ट्रेन नर्मदापुरम और इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

01661 रानी कमलापति-दानापुर होली विशेष ट्रेन 12 और 15 मार्च 2025 को चलेगी।

01662 दानापुर-रानी कमलापति होली विशेष ट्रेन 13 और 16 मार्च 2025 को चलेगी।

पुणे-दानापुर-पुणे होली विशेष ट्रेन (गाड़ी संख्या 01481/01482) यह ट्रेन इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेंगी

01481 पुणे-दानापुर होली विशेष ट्रेन 10, 14 और 17 मार्च 2025 को चलेगी।

01482 दानापुर-पुणे होली विशेष ट्रेन 12, 16 और 20 मार्च 2025 को चलेगी।

रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति होली विशेष ट्रेन (गाड़ी संख्या 02185/02186) यह ट्रेन विदिशा और बीना स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

02185 रानी कमलापति-रीवा होली विशेष ट्रेन 12 मार्च 2025 को चलेगी।

02186 रीवा-रानी कमलापति होली विशेष ट्रेन 12 मार्च 2025 को चलेगी।

रीवा-रानी कमलापति-रीवा होली विशेष ट्रेन (गाड़ी संख्या 01704/01703) यह ट्रेन विदिशा और बीना स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

01704 रीवा-रानी कमलापति होली विशेष ट्रेन 16 मार्च 2025 को चलेगी।

01703 रानी कमलापति-रीवा होली विशेष ट्रेन 17 मार्च 2025 को चलेगी।

# होलिका दहन के लिए कल से 47 स्थानों पर मिलेगी गोकाष्ठ 10 रुपए प्रतिकिलो की दर से 25 एवं 30 किलो के होंगे बैग

**भोपाल।** भोपाल शहर का पर्यावरण स्वच्छ, प्रदूषण रहित रहने के साथ ही लकड़ियों के लिए जंगल भी न कटे। कुछ इसी सोच को ध्यान में रखते हुए। गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति ने आगामी पर्व होलिकादहन 13 मार्च के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी कर ली है। तो वहीं होलिका दहन के लिए आमजन को सुगमता से गोकाष्ठ उपलब्ध हो सके इसके लिए पूरे शहर में 47 स्थानों पर गोकाष्ठ विक्रय काउंटर लगाए जाएंगे। समिति के समन्वयक मम्तेश शर्मा ने बताया कि जहां पर मंगलवार से यानी 12 से गोकाष्ठ 10 रु प्रतिकिलो के हिसाब से मिल सकेगी। यह गोकाष्ठ 25 एवं 30 किलो के कपड़े के बैग में उपलब्ध रहेगी। उल्लेखनीय है कि शहर की 18 गोशालाओं से क्रय की गई इस गोकाष्ठ को शहरवासियों को उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए विक्रय सेंटर तक पहुचने के बाद इसकी कीमत लगभग 15 रु प्रतिकिलो आ रही है।




### यहां बनाए गए गोकाष्ठ विक्रय सेंटर

*कालिका मंदिर भदभदा रोड, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, भोजपुर क्लब, नर्मदा इंडस्ट्रीज गोविंदपुरा, माता मंदिर प्लेटिनम प्लाजा के सामने, शुभम नर्सरी बावडिया, राम मंदिर हमीदिया रोड, ओल्ड भास्कर कोतवाली रोड , मानस भवन श्यामला हिल्स, मिलन स्वीट्स बरखेड़ा, शुभम नर्सरी -21मॉल के सामने, मानस उद्यान गुफा मंदिर, गिरधर स्टोर गोमती कॉलोनी नेहरू नगर, करोंद,मं दाकिनी ग्राउंड कोलार, शिव मंदिर मेहता मार्केट सुभाष नगर, रेलवे स्टेशन मंडीदीप, बस स्टैंड बैरसिया, गंगेश्वर शिव मंदिर एम्स के पीछे साकेत नगर, महात्मा गांधी चौराहा भेल, अफसरा टॉकीज, पिपलानी पेट्रोल पंप, अशोका गार्डन 80 फिट रोड, मंगलवारा थाने के पास, शुभम नर्सरी पटेल नगर, दीप इलेक्ट्रिकल गौतम नगर,फायर ब्रिगेड आफिस के पास बैरागढ, नगर निगम आफिस के पास गांधी नगर आदि जगहों पर गोकाष्ठ मिल सकेगी।*

# इधर, होली के उड़ेंगे रंग, उधर जुमे की नमाज अदा करेंगे

**भोपाल।** रमजान के मुबारक माह में 14 मार्च शुक्रवार के दिन होली और बुधवार 19 मार्च को रंगपंचमी का त्यौहार रहेगा। जुमे के दिन होली होने की वजह से ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अहमद खुर्रम ने होली का त्यौहार प्रेम और सौहार्द्र से मनाने की अपील की है। खुर्रम ने जारी बयान में कहा कि हमारी पहचान प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द्र में है। हर बार की तरह इस बार भी मिल-जुलकर खुशियां बंटें। हम जुमे की नमाज अदा करें, आप होली का पर्व मनाकर एक-दूसरे की खुशियों में साझेदार बनें। अखिल भारतीय मुस्लिम त्योहार कमेटी ने सभी जिला कमेटियों के जिम्मेदारों को हिदायत दी है कि वे सद्भाव और मेल-जोल की इस परंपरा को बनाए रखें और अपने-अपने धर्म और आस्थाओं के साथ-साथ दूसरों के त्योहारों की भी इज्जत करें।

**आल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने जारी की अपील**



राजधानी के आजाद मार्केट में सजी रंग-गुलाल और पिचकारी की दुकान।

## होली चल समारोह में की जाएंगी समस्त पारंपरिक व्यवस्थाएं

**भोपाल।** होली एवं रंग पंचमी पर पुराने शहर से निकले जाने वाले चल समारोह में पर्याप्त पानी एवं समस्त पारंपरिक व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त की जाएंगी। सोमवार को इस संबंध में पुराने कंट्रोल रूम में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें डीसीपी रियाज इकबाल ने यह जानकारी दी। तो वहीं एडीसीपी शालिनी दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार 14 मार्च को निकाले जाने वाले होलीकोत्सव चल समारोह पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। इस मार्ग पर आने वाली समस्त मस्जिदों में नमाज के दौरान नमाजियों के आने-जाने एवं पार्किंग की अलग व्यवस्था रहेगी।

## ओम शिव शक्ति सेवा मंडल ने बांटी जरूरतमंद बच्चों को पिचकारी

**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड की ओर से होली के रंग बच्चों के संग के तहत जरूरतमंद बच्चों को मंडल सदस्यों द्वारा गोविंद गार्डन, गोविंदपुरा में पिचकारी एवं गुलाल वितरित की गई। सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि जिससे यह बच्चे भी होली के पर्व की खुशियां मना सकेंगे। पिचकारी मिलने पर बच्चे खुशी से झूम उठे। पिचकारी वितरण के पहले बच्चों को स्वल्पाहार कराया एवं होली की शुभकामनाएं दी गई। पिचकारी वितरण करने में मुख्य रूप से रिंकू भटेजा, सचिन सेवारमानी, गुड्डू अग्रवाल, गजेंद्र ठाकुर, राधेश्याम कैलाशिया, सचिन आर्य, कपिल ग्वाला जनार्दन शर्मा, भरत रामचंदानी, सत्य नारायण अग्रवाल, मुकेश रैकवार, उमेश अग्रवाल, अवनीश वर्मा, प्रदीप सोनी सहित अनेकों मंडल सदस्य शामिल हुए।

## भारत के चैंपियंस ट्रॉफी में विजय होने पर किया सुंदरकांड और भंडारा

**भोपाल।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में विजेता होने पर समाजसेविका मेघा धीरज सोनी द्वारा राजराजेश्वरी मंदिर गौतम नगर नियर पीजीबीटी कॉलेज पर सुंदरकांड और विशाल भंडारे का आयोजन किया। इसमें दक्षिण पश्चिम विधायक भगवान दास सबनानी,पवन सक्सेना, भगवान दास ढालिया, पृथ्वीराज चौहान, शैलेंद्र साहू आदि के साथ क्षेत्र वासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## माशिमं : 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं का मूल्यांकन 13 मार्च से होगा शुरू

मूल्यांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कार्य कराया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं जारी है। इसके साथ ही पहले चरण का मूल्यांकन 13 मार्च से शुरू हो जाएगा। एक मार्च तक जितने विषयों की परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं, उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन इस चरण में किया जाएगा। अब तक हुए प्रश्नपत्रों की उत्तर पुस्तिकाएं संग्रह केंद्रों से जिला मुख्यालयों में स्थित मूल्यांकन केंद्रों में पहुंचने लगी हैं। 30-30 उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल बनाकर समन्वयक केंद्रों पर भेजा जाएगा। माशिमं की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य में इस बार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मूल्यांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कार्य कराया जाएगा। साथ ही, उत्तर पुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठ पर ओएमआर शीट भरवाई गई है।

समन्वयक केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं पर लगे बारकोड को स्कैन किया जाएगा। पहले चरण के मूल्यांकन के लिए करीब 5,000 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। विषयवार मूल्यांकनकर्ताओं की सूची तैयार की गई है। दूसरे चरण का मूल्यांकन 21 मार्च से शुरू होगा।

## रोटरी क्लब ने किया 30 जरूरतमंद बालिकाओं को साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद नॉर्थ, रोटरी क्लब ऑफ इंदौर एवं रोटरी क्लब ऑफ सागर फीनिक्स के सौजन्य से विभिन्न रोटरी क्लबों के माध्यम से जरूरतमंद बालिकाओं को 30 साइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश साहू निर्वाचित मंडलाध्यक्ष 3040 रहे। कार्यक्रम में पीडीजी कर्नल महेंद मिश्र, धीरन दत्ता,



नरेंद्र जैन, जिनेन्द्र जैन सहित विभिन्न रोटरी क्लब के 100 से भी अधिक सदस्य और लाभार्थी बालिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन निर्विकार यादव ने किया।

## लोक अदालत में बिजली के 20 हजार प्रकरणों में दी 10 करोड़ 86 लाख की छूट

बिजली कंपनी के 38 करोड़ 98 लाख रुपए से अधिक राशि के प्रकरणों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल लोक अदालत में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल एवं ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों में विद्युत संबंधी 20 हजार 893 प्रकरणों का निराकरण करते हुए विद्युत उपभोक्ताओं को 10 करोड़, 86 लाख, 14 हजार रुपए की छूट प्रदान करते हुए, कुल 28 करोड़ 11 लाख, 75 हजार रुपए का राजस्व कंपनी के खाते में जमा कराए गए हैं। लोक अदालत में नियमानुसार भोपाल क्षेत्र के अंतर्गत लिटिगेशन एवं प्रिलिटिगेशन के कुल 11 हजार 493 मामलों में 21 करोड़ 6 लाख 85 हजार की मांग के एवज में 6 करोड़, 9 लाख, 6 हजार रुपए की छूट प्रदान करते हुए 14 करोड़ 97 लाख 79 हजार की राशि कंपनी के खाते में जमा कराई गई है। इसी प्रकार ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत लिटिगेशन एवं प्रिलिटिगेशन के कुल 9 हजार 400 मामलों में 17 करोड़ 91 लाख 70 हजार की मांग के एवज में 4 करोड़ 77 लाख 74 हजार रुपए की छूट प्रदान करते हुए 13 करोड़ 13 लाख 95 हजार रुपए की राशि जमा कराई गई है। पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में लोक अदालत के दौरान बिजली कंपनी के 38 करोड़ 98 लाख रूपए से अधिक राशि के प्रकरणों का समाधान हुआ है।

### कॉलेजों के प्राचार्य व केंद्राध्यक्षों दिए निर्देश

## बीयू: सीजीपीए नहीं बनने से विद्यार्थियों का रुका फाइनल ईयर का रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में कुछ विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो चुके हैं, लेकिन उनका सीजीपीए नहीं बनने से फाइनल ईयर का परीक्षा परिणाम जारी नहीं हो सका है। दरअसल, यह छात्र, छात्राएं दो पेपर में शामिल नहीं हो सके हैं, इसलिए उनका सीजीपीए नहीं बना है। अब इसे लेकर बीयू के परीक्षा नियंत्रक ने ऐसे कॉलेजों के प्राचार्य और केंद्राध्यक्ष को अधिसूचना जारी कर ऐसे विद्यार्थियों की सूची जारी करने को कहा है। बीते 7 मार्च 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार संबंधित कॉलेज के वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 के पुराने पाठ्यक्रम की एनईपी नवीन शिक्षा पद्धति के पहले और दूसरे वर्ष की परीक्षा में ऐसे छात्र जो शामिल अथवा स्थानांतरित हो गए हैं। ऐसे छात्र, छात्राएं जिन्होंने नई शिक्षा नीति के दो प्रश्नपत्र नहीं देने के कारण उनका सीजीपीए नहीं बन सका है।

### स्कूल शिक्षा विभाग ने भेजा केंद्र सरकार को प्रस्ताव, पूर्व से 2383 स्कूलों में चल रहे कोर्स

# प्रदेश के 700 नए सरकारी स्कूलों में शुरू होगी व्यावसायिक शिक्षा, संख्या होगी 3 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। प्रदेश के 700 सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा शुरू होगी। इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। नए शैक्षणिक सत्र में 700 नए उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नए ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे हैं। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जाएगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रक्शन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी प्रारंभ किए जाएंगे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत तैयार हुआ प्रस्ताव

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुई आबादी के साथ जनता के लिए उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है।

#### 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को लाभ

प्रदेश में वर्तमान में 2383 विद्यालयों में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। वर्तमान में संचालित कोर्स में कक्षा 9 और 10 में डाटाएंट्री ऑपरेटर, जूनियर फील्ड टेक्नीशियन, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, रिटेलस्टोर, ऑपरेशन असिस्टेंट, प्राइवेट सिक्योरिटी गॉर्ड, फूड एंड बेवरीज, सर्विस असिस्टेंट, माइक्रो फाइनेंस एग्जीक्यूटिव, असिस्टेंट प्लंबर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इलेक्ट्रॉनिक सर्विस असिस्टेंट और फिजिकल एजूकेशन असिस्टेंट विषय प्रमुख है। कक्षा 11 और 12 में जिन कोर्स को प्राथमिकता दी गई है। उनमें जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर, सोलर पैनल टेक्नीशियन, ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन, सीसीटीवी, फुटेज ऑपरेटर, फ्लोरीकल्चर, सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर प्रमुख है।

#### 4 हजार 700 से अधिक शिक्षकों को विशेष ट्रेनिंग

व्यावसायिक शिक्षा देने के लिए 4 हजार 700 से अधिक शिक्षकों को विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए हैं।

भोपाल
मंगलवार, 11 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-12
वर्ष : 11, अंक : 346
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 19

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## मस्क बोले- एक्स पर साइबर हमला किसी बड़े संगठन या देश का हाथ



**नई दिल्ली।** जानेमाने उद्योगपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली माइक्रोब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर सोमवार को बड़ा साइबर हमला हुआ। इस साइबर हमले की वजह से 'एक्स' के सर्वर सोमवार को तीन बार ठप पड़ गए। सबसे लंबा आउटेज रात पौने नौ बजे के आसपास देखा गया। यूजर्स को 'एक्स' पर पोस्ट करने और लॉगिन करने में दिक्कतें आईं। करीब दो घंटे की आउटेज ▸▸ शेष पेज 4 पर

## तनिष्क के शोरूम में फिल्मी स्टाइल में लूट, सारे स्टाफ को बंधक बनाया

# आभूषण समेत 25 करोड़ पर मारा हाथ स्टाफ व ग्राहकों के मोबाइल भी ले गए



एजेंसी ▸▸ आरा

भोजपुर जिले के आरा शहर में सोमवार को दिल दहला देने वाली लूट की वारदात सामने आई है। शहर के बीचों-बीच स्थित तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में दिनदहाड़े आठ से नौ की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने पूरी दुकान को लूट लिया। करीब 30 मिनट तक शोरूम के अंदर आतंक मचाते हुए लुटेरे एक-एक स्टॉल से ज्वेलरी समेटते रहे। घटना नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम की है। चश्मदीदों के अनुसार सुबह करीब 10:30 ▸▸ शेष पेज 4 पर

करीब 30 मिनट तक शोरूम के अंदर आतंक मचाते रहे लुटेरे

फरार अपराधियों की तलाश के लिए एसआईटी का गठन किया गया





### दो घंटे के अंदर पुलिस की बड़ी कार्रवाई...

### लुटेरों से मुठभेड़, तीन झोलों में कुछ जेवर बरामद

बिहार पुलिस एक्शन में है। आरा में तनिष्क शोरूम से लूट कांड के करीब दो घंटे बाद ही दो अपराधियों को पुलिस ने घेर लिया। घिरते देख अपराधियों ने फायरिंग की तो मुठभेड़ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। तीन झोले में ज्वेलरी बरामद हुई है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार लूट को अंजाम देने के बाद अपराधी डोरीगंज के रास्ते छपरा की ओर भाग रहे थे। लूट के दो घंटे के अंदर बड़ी कार्रवाई कर बड़हरा थाना पुलिस ने बबुरा छोटीपुल के पास उन्हें रोकने की कोशिश की। तीन बाइक पर सवार छह अपराधियों में से एक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस की कार्रवाई में दो अपराधी घायल हो गए। उनकी पहचान सारण जिले के दिघवारा निवासी विशाल गुप्ता (पिता भुनेश्वर प्रसाद) और सेमरा गांव, सोनोर के ▸▸ शेष पेज 4 पर

### पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में भी हुई थी करोड़ों की लूट

इससे पहले 26 जुलाई 2024 को पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में हुई बड़ी लूट ने भी राज्यभर में खलबली मचा दी थी। घटना दिन के करीब 12 बजे हुई थी, जब चार से छह की संख्या में अपराधी शोरूम में घुसे और हथियार के बल पर करोड़ों के जेवरात लूट लिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भागने के दौरान एक अपराधी की बाइक असंतुलित होकर गिर गई, लेकिन वह तुरंत संभलकर फरार हो गया। उसकी पिस्तौल भी सड़क पर गिर गई, जिसे एक ई-रिक्शा चालक मौके से उठाकर ले भागा। पुलिस इस मामले में दो से तीन करोड़ की लूट की बात कह रही थी, जबकि शोरूम कर्मियों ने करीब 20 करोड़ की लूट का दावा किया था।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पुरस्कार समारोह में नहीं थे पीसीबी प्रतिनिधि



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रतिनिधि को चैंपियंस ट्रॉफी के पुरस्कार समारोह में नहीं बुलाए जाने पर विवाद बढ़ गया है। पीसीबी आईसीसी से इस बात का विरोध दर्ज करेगा कि दुबई में समारोह के दौरान उसके सीईओ और चैंपियंस ट्रॉफी के टूर्नामेंट निदेशक सुमैर अहमद को अनदेखा किया गया। पीसीबी इस टूर्नामेंट का मेजबान था।

### शूटिंग के दौरान ऋतिक के पैर में लगी चोट



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन घायल हो गए हैं। वॉर 2 की शूटिंग के सेट पर वो हादसे का शिकार हो गए। उनके पैर में चोट लगी है, जिस वजह से फिल्म की शूटिंग भी फिलहाल टल गई है। ऋतिक और जूनियर एनटीआर स्टारर 'वॉर 2' साल की मच-अवेटेड बॉलीवुड रिलीज में से एक है।

### जेईई मेन: दूसरे सेशन का शेड्यूल जारी



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन यानी जेईई मेन 2025 एग्जाम के दूसरे सेशन का एग्जाम शेड्यूल जारी कर दिया है, जो उम्मीदवार जेईई मेंस के दूसरे सेशन के एग्जाम में शामिल होने का मन बना रहे हैं वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पूरा एग्जाम शेड्यूल देख सकते हैं। जेईई मेन की परीक्षा 2 अप्रैल से शुरू होंगी।

### जश्न को जंग में बदला : महू हिंसा मामले में पुलिस का बड़ा एक्शन

# जामा मस्जिद क्षेत्र को किया सील, अब तक 13 दबोचे गए, सब पर लगाया जाएगा एनएसए

*प्रशासन ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वज्र वाहन और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है। कलेक्टर ने कहा कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महू/इंदौर

महू में रविवार रात चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का जश्न मना रहे लोगों और एक अन्य पक्ष के बीच हिंसा भड़क गई। जुलूस निकाल रहे लोगों और मस्जिद के पास मौजूद लोगों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि एक-दूसरे पर लोग पत्थरबाजी करने लगे। लोगों ने अपनी जान बचाने के लिए वाहन छोड़कर मौके से भागे। इसके बाद उपद्रवियों ने गाड़ियों और दुकानों में आगजनी शुरू कर दी।

हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया। साथ ही जामा मस्जिद क्षेत्र को सील कर दिया। अभी मौके पर स्थिति सामान्य है। शहर में सन्नाटा पसरा है। पुलिस ने वीडियो फुटेज और गवाहों के बयान के आधार पर एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के जीत के जुलूस पर की गई मस्जिद से पत्थरबाजी

- घटना के विरोध में सोमवार को शहर की अधिकांश दुकानें बंद रहीं
- उपद्रवियों ने गाड़ियों और दुकानों में आगजनी कर दी थी
- पुलिस ने वीडियो फुटेज और गवाहों के बयान पर की कार्रवाई



रात में भीड़ ने वाहनों को आग के हवाले कर दिया

#### वज्र वाहन और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

दरअसल, भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को हारकर खिताब जीता। इसके बाद महू शहर में रात के समय जीत का जश्न मनाने के लिए कई स्थानों पर जुलूस निकाले जा रहे थे। इसी दौरान जब एक जुलूस जामा मस्जिद के सामने से गुजरा, तो वहां पर मौजूद कुछ ▸▸ शेष पेज 4 पर

#### 'भारतमाता की जय' के नारे का पत्थर फेंककर विरोध

नारों को लेकर हुए दोनों पक्षों के बीच विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया और जल्द ही झड़प का रूप ले लिया। देखते ही देखते लोग एक-दूसरे पर पथराव करने लगे, जिससे इलाके में भगदड़ मच गई। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने गाड़ियों और दुकानों में आग लगा दी, जिससे स्थिति और बेकाबू हो ▸▸ शेष पेज 4 पर



शहर के काजी ने हिंदू पक्ष पर लगाया आरोप...

#### नारेबाजी के साथ मस्जिद में फेंका गया सुतली बम

शहर के काजी मोहम्मद जाबिर ने कहा कि हिंदू पक्ष ने शुरुआत की थी। ये गलत बात है कि वह सिर्फ भारत माता के नारे लगा रहे थे, इसके अलावा और भी नारे लग रहे थे। काजी ने कहा कि एक सुतली बम मस्जिद में डाला गया। उसके बाद हंगामा हुआ। 10-15 मिनट हम लोगों को समझाते भी रहे। प्रशासन ने भी बात की लेकिन इसके बाद पीछे से पथराव होने लगा। काजी मोहम्मद जुबेर ने कहा कि मस्जिद पर सुतली बम फेंका था, इसलिए कोई मुसलमान मस्जिद छोड़कर नहीं गया। वह खुद सुबह 4 बजे तक मस्जिद में रहे थे।



### सीधी में दर्दनाक हादसा

# टैंकर-जीप में भीषण टक्कर 9 लोगों की मौत, 12 घायल

*◆ सीएम ने किया मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए, गंभीर घायलों को एक-एक लाख रुपए और सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपए सहायता राशि देने का ऐलान*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीधी

नेशनल हाईवे-39 पर सीधी कोतवाली थाना क्षेत्र के उपनी गांव में टैंकर और जीप की टक्कर में 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

■ मैहर मुंडन में जा रहे थे 21 लोग

12 घायलों में से 7 की हालत गंभीर है। मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। घायलों में 6 बच्चे भी हैं।

गंभीर घायलों को रीवा मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है, बाकी को सीधी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तूफान जीप में 21 लोग सवार थे। सभी आपस में रिश्तेदार हैं। डीएसपी गायत्री तिवारी ने बताया कि राजमणि साहू अपनी बेटी का मुंडन संस्कार कराने मैहर के झोखो ▸▸ शेष पेज 4 पर

#### सीएम डॉ. यादव ने जताया दुख

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी घटना पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने मृतकों को दो-दो लाख रुपए, गंभीर घायलों को एक-एक लाख रुपए और सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपए सहायता राशि देने का ऐलान किया।

## दुकान के बाहर रखे पटाखों में लगी आग

# 3 बच्चे और मालिक डरकर अंदर भागे, दम घुटने से पांच की मौत

एजेंसी ▸▸ गढ़वा (झारखंड)

झारखंड के गढ़वा जिले में पटाखे की दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन नाबालिग भी शामिल हैं। घटना रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना बजार की है। यहां एक दुकान में अचानक लगी आग में झुलसने से और दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने सभी लोगों को पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां सभी लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पटाखे दुकान के बाहर रखे हुए थे। जब उनमें आग लगी तो तीन बच्चों समेत पांच लोग



मृतकों में तीन नाबालिग भी शामिल

भागकर दुकान के अंदर चले गए। पटाखों से बचने के लिए अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। ऐसे में दम घुटने से पांचों की मौत हो गई। मृतकों में दुकान संचालक 46 वर्षीय कुश कुमार, भंडरिया थाना क्षेत्र के नवका गांव के रहने वाले 32 वर्षीय अजित केशरी, 8 साल के नमन केशरी, गोदरमाना बजार के रहने वाले 7 साल के भोला केशरी और रंका थाना क्षेत्र के बूढाप्रास गांव के रहने वाले 14 वर्षीय शुशीला केरकेटा शामिल हैं।

इस घटना पर दुख जाहिर करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिखा कि गढ़वा जिले के रंका प्रखंड में पटाखा दुकान में आग लगने से 5 लोगों की मृत्यु की दुःखद खबर मिली है। मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। जिला प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### रामा ग्रुप, सेनानी ग्रुप, मेहरोत्रा बिल्डकॉन ग्रुप सहित अन्य दो कारोबियों के ठिकानों पर आयकर छापे

# 200 करोड़ की टैक्स चोरी, जांच पांच शहरों के 44 ठिकानों पर हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

आयकर विभाग ने हाल ही में सतना, जबलपुर, जगदलपुर, रायपुर और दिल्ली में रामा ग्रुप, सेनानी ग्रुप और मेहरोत्रा बिल्डकॉन ग्रुप सहित अन्य दो कारोबियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

इस मामले में सर्च पूरी होने और पांच दिन तक चली दस्तावेजों के जांच के बाद 200 करोड़ रुपए की अघोषित आय का खुलासा हुआ है। इस टैक्स चोरी की जांच पांच शहरों के 44 ठिकानों पर की गई थी। सतना सहित अन्य स्थानों पर पड़े छापे में पांच बड़े कारोबारी नरेश गोयल, सुनील सेनानी, अतुल मेहरोत्रा, संतोष गुप्ता और सीताराम अग्रवाल ▸▸ शेष पेज 4 पर




कारोबारी नरेश गोयल, सुनील सेनानी, अतुल मेहरोत्रा, संतोष गुप्ता और सीताराम अग्रवाल कर रहे थे हेराफेरी

#### इधर, सौरभ अग्रवाल के ठिकाने पर आयकर का सर्वे

आयकर विभाग की टीम ने सोमवार को चूना भट्टी स्थित एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में टैक्स चोरी के मामले में एक कारोबारी के यहां आयकर का सर्वे शुरू किया है। टैक्स चोरी के मामले में जांच के दायरे में आए कारोबारी को गठजोड़ पूर्व मुख्य सचिव से बताया जा रहा है। आयकर टीम सर्वे में बरामद दस्तावेजों की जांच कर रही है। सोमवार को भोपाल में सौरभ अग्रवाल के यहां आयकर विभाग के अफसरों की टीम ▸▸ शेष पेज 4 पर

### श्योपुर में ईओडब्ल्यू की कार्रवाई

# पीडब्ल्यूडी एसडीओ 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

ईओडब्ल्यू की टीम ने श्योपुर जिले में सोमवार सुबह कार्रवाई करते हुए पीडब्ल्यूडी विजयपुर के प्रभारी एसडीओ देवदत्त शर्मा को 25 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। एसडीओ यह रिश्वत विभाग के ही एक ठेकेदार से बिल पास करने के बदले ले रहे थे।

बताया गया है कि ठेकेदार राजपाल धाकड़ और देवेंद्र धाकड़ ने विजयपुर स्थित रेस्ट हाउस की मरम्मत संबंधी 6 लाख रुपए का निर्माण कार्य किया था। जिसका बिल पास करने के एवज में एसडीओ के द्वारा 40 हजार की रिश्वत मांगी जा रही थी।



ठेकेदार से बिल पास करने के बदले ले मांगी थी 40 हजार की घूस

गोपनीय तरीके से ठेकेदार ने इसकी शिकायत ईओडब्ल्यू ग्वालियर में की गई। इस शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए निरीक्षक शैलेंद्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व में ईओडब्ल्यू की टीम सोमवार की सुबह विजयपुर ▸▸ शेष पेज 4 पर

### इंदौर हाईकोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया को लेकर किया बड़ा फैसला

कोर्ट ने दिल्ली पुलिस और सेंट्रल आर्म्ड फोर्स में भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए सुनाया फैसला

# अभ्यर्थियों की 169.6 सेमी हाइट को माना जाए 170 सेंटीमीटर, हाइट राउंड फिगर में ही ली जाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों की हाइट को राउंड फिगर में लिया जाए।

कोर्ट ने दिल्ली पुलिस और सेंट्रल आर्म्ड फोर्स में भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अरुण कलमोडिया के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसकी हाइट 169.6 सेमी थी। हाई कोर्ट ▸▸ शेष पेज 4 पर

*असम राइफल्स में इस नियम का पालन किया गया था जहां 0.5 सेमी की हाइट की कमी को स्वीकार किया गया था*




#### केंद्र सरकार की दलील और हाई कोर्ट का फैसला

केंद्र सरकार ने कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आवेदक का आवेदन पहले ही खारिज किया जा चुका है और यदि वह अन्य चरणों को पास कर लेता तो हाइट के मुद्दे पर विचार किया जा सकता था। हालांकि, हाई कोर्ट ने सरकार के तर्क को खारिज करते हुए साफ किया कि भर्ती प्रक्रिया में हाइट को राउंड फिगर में लिया जाना चाहिए।

#### भर्ती प्रक्रिया में बदलाव से लाखों अभ्यर्थियों को फायदा

हाई कोर्ट के इस आदेश से उन हजारों अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी, जिन्हें मामूली हाइट की कमी के कारण भर्ती प्रक्रिया में अयोग्य घोषित कर दिया जाता है। अब सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भर्ती में 0.5 सेमी तक की हाइट की कमी को राउंड फिगर में मानकर भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट का यह फैसला उन उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी राहत है जो मामूली हाइट की कमी के कारण अपनी योग्यता साबित नहीं कर पाते।



विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का स्वागत करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल।



मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र,2025 के लिए विधानसभा में राज्यपाल मंगुभाई पटेल आए। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने उनकी अगवानी की।



राज्यपाल मंगू भाई पटल का विधानसभा परिसर पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सिंधिया की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**भोपाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधव राव सिंधिया की 80वीं जयंती पर सोमवार को सिंधिया परिवार के छत्री परिसर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्व. सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भजन संध्या में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेन्द्र सिंह तोमर व वीडी शर्मा ने भी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### भाजपा कार्यालय में भी अर्पित की पुष्पांजलि

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने प्रदेश कार्यालय में स्व. सिंधिया की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### समर्पित भाव से कार्यरत है सीआईएसएफः सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीआईएसएफ के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कर्तव्य निर्वहन के लिए सीआईएसएफ के सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों की राष्ट्रभक्ति को नमन किया। डॉ. यादव ने कहा कि दिल्ली मेट्रो, हवाई अड्डों एवं प्रमुख इमारतों की सुरक्षा प्रदान करने वाला बल संरक्षण और सुरक्षा के ध्येय वाक्य के साथ राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित भाव से निरंतर कार्यरत है।

### मुख्यमंत्री ने बाघिन को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मुक्त आवास में छोड़ा

# माधव, कूनो और घड़ियाल अभयारण्य से खुलेंगे चंबल क्षेत्र में विकास के नए दरवाजेः डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

- शिवपुरी में 9वें माधव टाइगर रिजर्व का हुआ शुभारंभ
- माधव राव सिंधिया की जयंती पर प्रदेश को नई सौगात



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार को शिवपुरी में नवनिर्मित माधव टाइगर रिजर्व का शुभारंभ किया। यह मध्यप्रदेश का 9वां और देश का 58वां नेशनल टाइगर रिजर्व है। उन्होंने पुनर्स्थापन प्रक्रिया से यहां लाई गई एक बाघिन को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मुक्त आवास में छोड़ा। डॉ यादव ने कहा कि आज का दिन चंबल क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। माधव टाइगर रिजर्व में बाघों का पुनर्स्थापन हो रहा है। वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से राज्य को 9वें नेशनल टाइगर रिजर्व की अभूतपूर्व सौगात मिली है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना। डॉ यादव ने टाइगर रिजर्व के प्रतीक चिन्ह (लोगो) के विमोचन के साथ बाउन्ड्री वॉल का लोकार्पण भी किया।

### वन्य जीवों और मनुष्य के सह-अस्तित्व का अद्भुत नजारा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश में वन संपदा है और वन्य जीव बड़ी संख्या में हैं। चंबल क्षेत्र के कूनो में चीता, चंबल नदी में घड़ियाल और अब माधव नेशनल पार्क में बाघ पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। चंबल में वन्य जीव और मनुष्य मिलकर सह-अस्तित्व के भाव से अपनी-अपनी जिंदगी जी रहे हैं। यह अद्भुत नजारा केवल चंबल में देखने को मिलता है। राज्य सरकार के प्रयासों से यहां पर्यटन बढ़ेगा, रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खुलेंगे।




### अब चंबल में भी सुनाई देगी बाघ की दहाड़

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भारत और विश्व में सबसे ज्यादा टाइगर मध्यप्रदेश की भूमि पर पाए जाते हैं। मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है। बाघों के विचरण के लिए सिर्फ चंबल क्षेत्र ही शेष था। यह कमी भी आज पूरी हो गई है। यहां भी अब बाघ की दहाड़ सुनाई देगी। स्व माधवराव सिंधिया की जयंती पर इस बाघ आरक्षित क्षेत्र का लोकार्पण राज्य के समग्र विकास के लिए बढ़ते कदम हैं। डॉ यादव चंबल ने प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन के मामले में अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि माधव टाइगर रिजर्व नया इतिहास लिखेगा।

### अपनी नई पहचान बनाएगा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि चंबल क्षेत्र अब बाघों के पुनर्वास से अपनी नई पहचान बनाएगा। यहां पहले से भालू, तेंदुआ, हिरण, चिंकारा, भेड़िया, सियार, साही, अजगर और गिद्ध जैसे वन्य प्राणियों का बसेरा है। डॉ यादव ने वन्य प्राणियों के संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि नए टाइगर रिजर्व के विकास कार्यों में दूसरे जीवों के सह-अस्तित्व का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### वन्यजीव पर्यटन की संभावनाएं प्रबल हुईं: सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि माधव टाइगर रिजर्व, पन्ना टाइगर रिजर्व के बाद मप्र का तीसरा पुनर्जीवित किया गया नेशनल पार्क है। इससे चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर कूनो नेशनल पार्क में देश में विलुप्त हो चुके चीता को फिर से बसाया गया है। उन्होंने 10 मार्च 2023 को माधव नेशनल पार्क में पूर्व में 3 बाघ छोड़े थे। आज एक बाघिन को छोड़ा गया है। अब कूनो और माधव टाइगर रिजर्व का संयुक्त क्षेत्र 3 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक हो जाएगा।

# राज्यपाल ने राज्य सरकार की नीति और नीयत का रोड मैप किया प्रस्तुतः सीएम




- 'सर्वजन सुखाय-सर्वजन हिताय' वाला होगा प्रदेश का बजट
- अभिभाषण पर सीएम ने माना आभार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के विधानसभा में अभिभाषण पर उनका आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि उन्होंने राज्य सरकार की नीति और नीयत का रोड मैप प्रस्तुत किया है। मंगलवार को इस पर विधानसभा में विस्तार से चर्चा होगी। डॉ. यादव ने कहा कि भारत को समर्थ, सक्षम बनाते हुए सबका साथ-सबका विकास और सर्वजन सुखाय-सर्वजन हिताय के भाव को चरितार्थ करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनी गई हमारी सरकार, इस संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सत्र में अगले वित्तीय वर्ष का बजट आने वाला है, यह बजट जन भावनाओं के अनुरूप होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता के साथ प्रदेश औद्योगीकरण तथा अन्य विकास गतिविधियों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के नए टाइगर रिजर्व का शुभारंभ चंबल क्षेत्र में हो रहा है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही केन- बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना से चंबल क्षेत्र के श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, सहित संपूर्ण बेल्ट में पानी की उपलब्धता रहेगी। इससे सिंचाई और पेयजल के लिए पर्याप्त आपूर्ति के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों के लिए भी जल उपलब्ध रहेगा, परिणामस्वरूप क्षेत्र में कृषि तथा औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार होगा।

### भारतीय क्रिकेट टीम की जीत पर विधानसभा में दी गई बधाई

विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के बाद संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भारत के चैंपियंस ट्राफी जीतने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समूचे सदन की तरफ से भारतीय टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया ने यह मैच पाकिस्तान की मेजबानी में जीता, इसलिए इस जीत का महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि यह चूंकि टीम वर्क है, इसलिए समूचे सदन को पूरी टीम को बधाई देनी चाहिए। विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजकर दो मिनट पर शुरू हुई। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि चूंकि राज्यपाल का बजट अभिभाषण होना है, इसलिए राज्यपाल की प्रतीक्षा की जाती है। इसके करीब 10 मिनट बाद 11.12 बजे राज्यपाल सदन में पहुंचे। उन्होंने अभिभाषण पढ़ा। इसके बाद 11.33 बजे वे सदन से वापस चले गए। राज्यपाल के वापस जाने के बाद सदन आहूत होते ही संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय के प्रस्ताव पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि हर्ष की बात है, मैं गर्व से कहता हूं कि हम भारतीय हैं और भारतीय टीम के जीत पर युवा प्रसन्न होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 12 साल बाद चैंपियंस ट्राफी जीतना वाकई अद्भुत है और भारतीय टीम को बहुत बहुत बधाई देता हूं। तीसरी बार हैट्रिक लगाई है। मेरी ओर से पूरी टीम को बधाई।

### अर्चना चिटनीस ने राज्यपाल के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव रखा

राज्यपाल के अभिभाषण पर भाजपा की तरफ से सदस्य अर्चना चिटनीस ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि वे इस धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हैं। इसके बाद सदन में निधन का उल्लेख किया गया। इसमें विधानसभा स्पीकर के अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव, नेता प्रतिपक्ष सिंघार व वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने निधन का उल्लेख करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, जुगल किशोर गुप्ता, श्रीमती सविता बाजपेयी, मारोतराव खवसे, रायसिंह राठौर और जयराम सिंह मार्को के निधन पर दुख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### इंडिया की जीत से नफरत तो 'तुम्हें खाने पड़ेंगे डंडे': रामेश्वर

- महू में दो गुटों में झड़प को लेकर बोले विधायक रामेश्वर

महू में रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम की जीत पर निकले जुलूस पर हुए पथराव को लेकर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि आतिशबाजी से नफरत है तो अपने बेटा-बेटियों की शादी में आतिशबाजी क्यों करते हो?। तुम्हें अगर इंडिया की जीत पर होने वाली आतिशबाजी से नफरत है, तुम्हें मोहन यादव सरकार के डंडे खाने पड़ेंगे। बता दें कि चैंपियन ट्रॉफी में भारत की जीत के बाद महू में जुलूस निकाला गया। आतिशबाजी करते निकले इस जुलूस पर कुछ अराजक तत्वों ने पथराव किया था। इसी पथराव को लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा भड़के और विधानसभा में पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि तिरंगे लेकर चलने वालों पर पथराव बर्दाश्त से बाहर है, अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सिर पर गंगाजल लेकर पहुंचे अभिलाष, सीएम और स्पीकर को सौंपा कलश



**भोपाल।** जबलपुर उत्तर सीट से भाजपा विधायक अभिलाष पांडे नंगे पैर सिर पर गंगाजल लेकर विधानसभा आए। उन्होंने कहा कि वे सदन को पवित्र करने के उद्देश्य से गंगाजल लाए हैं और चाहते हैं कि विधानसभा में सकारात्मक माहौल बना रहे। वहीं जिन कोंग्रेसियों के आचरण से विधानसभा भवन दूषित हुआ है वहां गंगजला का प्रयोग किया जाएगा।
प्रयागराज महाकुंभ के संगम तट से लाए गए मां गंगा के पावन जल का कलश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव को प्रदान किया। इसके साथ ही अभिलाष पांडे ने विधानसभा में अन्य सभी मंत्री ,विधायक एवं विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी मां गंगा का पवित्र गंगाजल प्रदान किया। गौरतलब है कि अभिलाष पांडेय पिछले सात दिनों से अपनी विधानसभा में महाकुंभ से लाया गंगा जल वितरण किया। डॉ अभिलाष पांडे ने कहा कि आज से शुरू होने वाला विधानसभा का सत्र प्रदेश के सुख, शांति ,समृद्धि और विकास के लिए नए आयाम स्थापित करे ऐसी मां गंगा से प्रार्थना करता हूं और सभी सुखी और निरोगी रहें इसलिए मां गंगा के आशीर्वाद स्वरूप गंगाजल को लेकर आया हूं।

### मप्र का एक-एक कार्यकर्ता कांग्रेस के साथः जयवर्धन

कांग्रेस नेताओं की बीजेपी से मिलीभगत और उन्हें निकालने के संबंध में दिए गए राहुल गांधी के बयान के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस में भी हलचल मच गई है। प्रदेश के ऐसे नेताओं पर भी कार्रवाई की बात उठने लगी है। विधानसभा में जब पत्रकारों ने मप्र में कांग्रेस नेता जिनका भाजपा से रिश्ता है, उन पर कार्रवाई को लेकर पूछे गए सवाल पर जयवर्धन सिंह ने कहा कि जिन लोगों के खिलाफ शिकायत गई है, राहुल गांधी ने उनके खिलाफ कार्रवाई कराई है। जहां तक मध्य प्रदेश की बात है, तो यहां का एक-एक एक कार्यकर्ता कांग्रेस के साथ है। जिन लोगों ने विधानसभा व लोकसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम किया है, उन पर कार्रवाई हुई भी है।

# दिव्यांग युवकों ने पहली बार देखी विधानसभा की कार्यवाही, मुख्यमंत्री से भी की मुलाकात

- मप्र. विधानसभा में आकर्षण का केंद्र बनीं सिरोंज विधायक भार्गव की संवेदनशीलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सिरोंज-लटेरी विधानसभा के विधायक उमाकांत शर्मा सोमवार को विधानसभा के पहले दिन अपनी विधानसभा के दिव्यांग युवकों को अपने साथ विधानसभा की कार्यवाही दिखाने ले गए।
दिव्यांग युवकों ने पहली बार विधानसभा को अंदर से देखा। अपने आप को विधानसभा में पहुंचा देख दिव्यांगों के चेहरे पर एक तरफ खुशी झलक रही थी तो वहीं दूसरी और मन में भावनाओं का ज्वार उमड़ रहा था। दिव्यांग युवकों की खुशी तब और अधिक बढ़ गई जब अपने विधायक की मौजूदगी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्रत्यक्ष रूप से भेंट करने का अवसर मिला। इनमें आनंदपुर निवासी 22 वर्षीय दिव्यांग शिवराज बघेल ने कहा कि आज पहली बार विधानसभा देखी, मैंने टीवी और मोबाईल के माध्यम से विधानसभा देखी, लेकिन आज सचमुच में आकर देखी है। जावती के दिव्यांग युवक वीरेंद्र कुशवाह कहते हैं कि मैं जन्म से दिव्यांग हूं आज मैं प्रसन्न हूं कि मुझे यह अवसर मिला। सामाजिक कार्यकर्ता, जन चेतना मंच के धर्मेंद्र पाटीदार कहते हैं कि ऐसा पहली बार देखने को मिला है कि किसी विधायक जनप्रतिनिधि ने दिव्यांगों को विधानसभा देखने का अवसर प्रदान किया है।

# विपक्ष टिप्पणी से पहले पूर्व के तथ्यों पर नजर भी डाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने विपक्ष के विधानसभा के बजट सत्र की समयावधि बढ़ाने के मुद्दे पर तीखा कमेंट किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष आम नहीं, पेड़ गिन रहा है। उन्होंने विपक्षी मित्रों से आग्रह किया कि पूर्वानुमान लगाकर बजट सत्र की समय सीमा पर टिप्पणी करने से पहले, पूर्व के तथ्यों पर नजर भी नजर डालना चाहिए।
उन्होंने कहा कि तथ्यों को देखने के बाद ही विपक्ष को आरोप लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट सत्र वर्ष 2022 में 8 बैठकें संपन्न हुई, जिसमें 21 घंटे 52 मिनट सत्र चला। बजट सत्र वर्ष 2024 में 5 बैठकें संपन्न हुई, जिसमें 28 घंटे 03 मिनट सत्र चला। वर्तमान बजट सत्र वर्ष 2025, 10 से 24 मार्च का होगा, जिसमें 9 दिन सदन की कार्यवाही चलेगी और सत्र के घंटों का नया आयाम विपक्ष के सहयोग से बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पक्ष और विपक्ष विधानसभा के पटल पर दो हाथों के समान है, जिनके सामंजस्य के बगैर ताली नहीं बज सकती। मध्यप्रदेश की जनता से विपक्ष में बैठने का जो कर्ज कांग्रेस ने लिया है उसे उतारते हुए बजट और जनहितैषी मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा कर सृजनात्मक भूमिका का निर्वहन करें। विधानसभा की कार्यवाही को विघटित करने से बेहतर है कि बाबा साहेब के संविधान के अनुरूप सदन में गरिमामयी और सार्थक योगदान दें।

### किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया विधानसभा का घेराव, सभा में प्रदेश सरकार पर लगाए वादा-खिलाफी के आरोप

# पटवारी बोले-प्रशासन ने बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज, वाटर कैनन का प्रहार कर अपनाया तानाशाही रवैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस ने सोमवार को रंगमहल चौराहे पर भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ व्यापक विधानसभा घेराव कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान मप्र प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव सहित अन्य दिग्गज उपसस्थित रहे। इस दौरान पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि प्रशासन ने बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज और वाटर कैनन का प्रहार कर तानाशाही रवेया अपनाया है। किसानों की आवाज उठाने पर बरती गई बर्बरता की कांग्रेस पार्टी ने घोर निंदा की है। पटवारी ने कहा कि मप्र में भाजपा राज में किसानों पर बेहिसाब अत्याचार हो रहा है। बिजली, पानी, खाद और बीज की समय पर उपलब्धता न होने और फसलों के गिरते दामों के विरोध में आज कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा का घेराव किया, जिसमें प्रदेशभर से हजारों किसानों और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि किसानों को गेहूं के दाम 2700 रुपए, धान के दाम 3100 रुपए और सोयाबीन के 6000 रुपए देने का सरकार ने किसानों से वादा किया था, किसानों से भाजपा सरकार ने जो वादे किए थे, उन वादों से वह पूरी तरह मुकर गई है। कांग्रेस के मप्र प्रभारी हरीश चौधरी बोले- किसानों की स्थिति बेहद दयनीय है। किसान अपनी जायज मांगों को लेकर प्रदेश से लेकर देश भर में आंदोलन कर रहा है।

### कांग्रेस सड़कों से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगीः सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि किसान दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं, किसानों को उचित समर्थन मूल्य नहीं दिया जा रहा और भाजपा सरकार इंवेंट, विज्ञापनबाजी और दिखावे में मशगूल है। कांग्रेस सड़कों से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी। भाजपा सरकार की तानाशाही और किसान विरोधी रवैये के खिलाफ कांग्रेस का यह संघर्ष जारी रहेगा। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि किसानों के हक और अधिकार की लड़ाई उनको न्याय दिलाने के लिए सतत जारी रहेगी। पूरे प्रदेश में किसान न्याय यात्राएं निकाली जाएंगी जो किसानों के बीच पहुंचकर भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों को उजागर कर नींद में सोइए हुई सरकार को जगाने का काम करेगी।



### करीब डेढ़ सौ लोग चढ़े तो भरभराकर गिर गया मंच

कांग्रेस के रंगमहल पर प्रदर्शन के लिए बना मंच ज्यादा मजबूत नहीं था। करीब 30 लोगों की क्षमता थी और डेढ़ सौ लोग इसमें चढ़ गए। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों ने इस बात की पुष्टि की है। दरअसल, कार्यक्रम के दौरान मंच पर एक छोटी बैलगाड़ी प्रतीक के तौर पर रखी गई थी, जिस पर धान और हल रखा था। नेता और कार्यकर्ता इस बैलगाड़ी की पूजा करने के लिए मंच पर चढ़ने लगे। देखते ही देखते भीड़ बढ़ती गई और मंच पर करीब 150 लोग पहुंच गए। इस दौरान भारी दबाब के कारण मंच गिर गया। कई लोग भागने के दौरान ही फंस गए। मंच गिरते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग टेबल और कुर्सियों के नीचे दब गए, तो कुछ कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला कार्यकतार्ओं को भी गंभीर चोटें आईं।





घेराव के दौरान मंच गिरने से घायल हुए अरुण यादव और रवि सक्सेना समेत अन्य कार्यकर्ताओं को देखने पीसीसी चीफ पटवारी अस्पताल पहुंचे।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 11 मार्च 2025







## सीजन के सबसे गर्म दिन और रात दर्ज, अभी और बढ़ेगी गर्मी

पश्चिमी विक्षोभ, राजस्थान के ऊपर बने सर्कुलेशन के साथ ही प्रदेश से गुजर रही ट्रफ की वजह से दक्षिण पूर्वी हवाओं ने बढ़ाई गर्मी

रात का पारा तीन दिन में 11 डिग्री बढ़ा, अब सुबह और शाम की हवा में नमी बराबर, प्रदेश में पारा 38 डिग्री, लू जैसे हालात बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गर्मी के तेवर अभी तीखे बने हुए हैं। इसी क्रम में सोमवार को शहर में सीजन का सबसे गर्म दिन और सबसे गर्म रात दर्ज हो गई है। दिन का पारा दशमलव 9 डिग्री बढ़कर 35.4 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3.2 डिग्री अधिक है।

वहीं, रात का पारा 3.8 डिग्री बढ़कर सीजन में पहली बार 21.3 डिग्री रहा। यह सामान्य से 5.2 डिग्री अधिक रहा है। हवाएं बदलने से तीन दिन में रात के तापमान में 11 डिग्री की बढ़त हुई है। इससे पहले 7 मार्च को रात का पारा 10.5 डिग्री था। सोमवार को शहर की सुबह और शाम की हवा में नमी बराबरी पर पहुंच गई है। यह दो समय 28% रही है। इसका सीधी मतलब गर्मी में वृद्धि से है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवाएं दक्षिण पूर्वी होने से दिन के साथ रात के तापमान में अभी और बढ़त की उम्मीद है, लेकिन दो से तीन दिन बाद पारा फिर एक से दो डिग्री तक गिरेगा।



### अभी दो दिन और बढ़ेगा तापमान

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार 9 मार्च को सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अभी ईरान से अफगानिस्तान और आसपास सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय है। इसके साथ ही राजस्थान और आसपास एक सकुर्लेशन भी बना हुआ है। अभी मप्र से हरियाणा तक एक ट्रफ लाइन भी बनी हुई है, जिससे प्रदेश में आने वाली हवाएं दक्षिण पूर्वी हैं। इसी कारण से तापमानों में लगातार बढ़त हो रही है। तापमान में वृद्धि का यह क्रम दो से तीन दिन और जारी रहेगा। इसके बाद हवाएं बदलने पर एक से दो डिग्री तक की कमी आने की उम्मीद है।

### प्रदेश में ऐसी गर्मी कि बने लू जैसे हालात

सोमवार को दिन और रात के तापमान में प्रदेशभर में तेजी से बढ़त रही है। प्रदेश में सबसे अधिक दिन के तापमान में वृद्धि धार में क्रमशः 3 और 3.9 डिग्री की रही। यहां दिन का पारा 38 और रात का 23.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से क्रमशः 5.4 और 7.2 डिग्री अधिक रहा है। इसके अलावा रतलाम में भी दिन का पारा 38 डिग्री रहने से दोनों जिलों में लू जैसे हालात बने रहे। प्रदेश के अधिकांश जिलों में दिन का पारा 34 से 35 डिग्री के बीच रहा है। जबकि रात का पारा 16 से 17 डिग्री के करीब रहा है। सबसे कम रात का पारा शहडोल में 10 डिग्री रहा है।

ट्रेवल कंपनियों की मनमानी यात्रियों पर पड़ रही भारी

## होली पर बसों की बुकिंग हुई फुल किराए में की 3 गुना तक बढ़ोत्तरी

ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 200 पार होने से मजबूरी बनी बस की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली के त्योहार के चलते एक तरफ जहां ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 200 के पार पहुंच रही है, वहीं बसों की बुकिंग फुल भी हो गई है। बस संचालक यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बसें चला रहे हैं, लेकिन ट्रेवल कंपनियों ने होली के चलते भोपाल से अन्य शहरों के लिए जाने वाली बसों का किराया बढ़ा दिया है। यह किराया पिछले एक सप्ताह की तुलना में 12 व 16 मार्च तक दो से तीन गुना तक हो गया है।

यानि 1400 से 1800 रु. का टिकट बढ़कर 2099 रुपए से 2309 रुपए तक हो गया है। जिसमें भोपाल से पुणे, मुंबई, जयपुर और अहमदाबाद जाने वाली बसें शामिल हैं। हरिभूमि की टीम ने जब यात्री बनकर वर्मा ट्रैवल्स की बस में पुणे की टिकट बुकिंग करानी चाही तो बुकिंग कर्मचारी ने 13 मार्च का भोपाल-पुणे वॉल्वो स्लीपर का किराया 2099 व 2309 रुपए बताया। जब उससे कहा कि पहले यह कम था, तो उसका कहना था कि होली के नजदीक हर साल इस तरह से किराया बढ़ाया जाता है।




हरिभूमि लाइव

### मुंबई-पुणे का टिकट सबसे मंहगा

भोपाल से होली के समय मुंबई व पुणे जाने का टिकट सबसे मंहगा है। साधारण दिनों में यह 1400-1800 तक होता है मगर 12 व 16 मार्च यानी होली से ठीक एक दिन पहले व दो दिन बाद यही टिकट बढ़कर 2100 से 5000 तक का है। भोपाल से जाने वाले किसी भी पैसेंजर्स के लिए यह अभी तक का सबसे अधिक किराया है। वहीं पिछले साल इन दोनों ही शहरों में जाने के लिए होली पर अधिकतम किराया 3600 रुपए लिया गया था।

### किराया अधिक लगा, तो ट्रेन का टिकट बुक कराया

मैं आम तौर पर बस में हमेशा ही सफर करता हूं। मगर हमेशा देखा है कि चार्टेड में किराया फिक्स रहता है। मेरे एक दोस्त को होली पर भोपाल से मुंबई जाना था, उसको रेट बहुत अधिक लगा तो उसने ट्रेन का टिकट बुक कराया।
**दीप सिंह**, यात्री

### यात्रियों का कहना है

#### मंहगा था टिकट

मैंने अपने कजिन का भोपाल से जयपुर जाने के 13 मार्च का बस का टिकट कराने आया था। 3,800 रुपए का टिकट देख पहले तो कई बार सोचा करें या नहीं। मगर फिर बाद में मैंने उसे फाइनली बुक किया। यह बहुत महंगा है।
**अमन खरे**, यात्री

#### शिकायत कर सकते हैं

त्योहारी सीजन सहित अन्य समय बसों में अगर तय किराए से संचालक अधिक किराया वसूलते हैं तो इसकी शिकायत आरटीओ कार्यालय में कर सकते हैं। अगर शिकायत सही पाई जाएगी तो बस का परमिट व फिटनेस कैसिंल किया जाएगा। अभी मेरी जानकारी में ऐसी कोई शिकायात नहीं आई है।
**जितेन्द्र शर्मा**, आरटीओ भोपाल

### साधारण दिनों व होली के आसपास यह है किराया

**भोपाल से पुणे (लग्जरी, स्लीपर कैटेगरी)**
- एक सप्ताह पहले का किराया 1600 से 2,200 रुपए तक।
- 11-16 मार्च को अधिकतम 2100-2300 तक।

**पुणे से भोपाल**
- एक सप्ताह पहले का किराया 1600 से 2000 रुपए तक।
- 11 से 16 मार्च अधिकतम 3000 रुपए तक

**भोपाल से जयपुर**
- एक सप्ताह पहले का किराया 1400 से 1,520 रुपए तक।
- 11से 16 मार्च को अधिकतम 2,800-3,010 तक।

**जयपुर से भोपाल**
- एक सप्ताह पहले का किराया 1,250 से 1,550 रुपए तक।
- 11 से 16 मार्च को अधिकतम किराया 3500-4,800 रुपए तक

**भोपाल से अहमदाबाद**
- एक सप्ताह पहले का किराया 1000 से 1850 रुपए तक।
- 11 व 16 मार्च को अधिकतम किराया 3000-4,000 तक।

ठेका खत्म होने से चली गई थी आउटसोर्स कर्मियों की नौकरी

## नौकरी जाने से दुखी साईं खेल अकादमी के दो कर्मियों ने पीया टॉयलेट क्लीनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ स्थित स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के दो आउटसोर्स कर्मचारियों ने टायलेट क्लीनर पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। इनमें एक महिला कर्मचारी भी है। दरअसल, वे सुबह ड्यूटी पर पहुंचे तो पता चला कि पांच आउटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया गया है। गुस्साए दोनों कर्मचारी अकादमी के वॉशरूम में पहुंचे और वहां रखा टायलेट क्लीनर पी लिया। सेंटर में मौजूद स्टॉफ ने गंभीर हालत में दोनों को जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने टायलेट क्लीनर पीने वाले दोनों कर्मचारियों के बयान दर्ज कर लिए। उन्होंने बताया कि नौकरी से हटाए जाने से दुखी होकर उन्होंने टायलेट क्लीनर पीया है। थाना प्रभारी रासबिहारी का कहना है कि फिलहाल भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों के बयान दर्ज नहीं किए गए हैं। उनके बयान दर्ज होने के बाद स्थिति साफ हो सकेगी।



### नौकरी से हटाने की बात सुनते ही हुए आक्रोशित

पुलिस के मुताबिक गोरागांव सूरज नगर बिशनखेड़ी निवासी सुरेश फकीरा और राजू की पत्नी नीतू लोहट स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) में आउटसोर्स कर्मचारी हैं। सोमवार सुबह कर्मचारी ड्यूटी पर पहुंचे। इस दौरान पता चला कि सुरेश के अलावा राजू की पत्नी नीतू और प्रदीप समेत गणेशनाथ को भी नौकरी से हटाया गया था। गुस्से में सभी आक्रोशित हो गए।

### किसी ने नहीं सुनी गुहार

दोनों ने नौकरी से से हटाए जाने का विरोध किया, लेकिन आउटसोर्स होने से वहां के स्थायी कर्मचारी और अफसरों ने उनकी नहीं सुनी। इससे नाराज नीतू और राजू वाशरूम पहुंचे और वहां टायलेट क्लीनर पी लिया। अन्य कर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वे टायलेट क्लीनर पी चुके थे। अन्य कर्मियों ने दोनों को एंबुलेंस से जेपी अस्पताल में भर्ती करा दिया। बताया जा रहा है कि महिला नीतू लोहट की हालत गंभीर है। दोनों का इलाज चल रहा है।

### 19-20 साल से कर रहे थे काम, इसलिए थे प्राइवेट बाद में आउटसोर्स

बताया जा रहा है कि राजू लोहट व उसकी पत्नी नीतू समेत अन्य कर्मचारी करीब 19-20 साल से अकादमी में काम कर रहे हैं। पहले वे लोग प्राइवेट थे। बाद मे ठेकेदार ने उन्हें बतौर आउटसोर्स कर्मचारी रख लिया। जिस ठेकेदार के सानिध्य में कर्मचारी आउटसोर्स हुए थे, उसका ठेका पिछले दिनों खत्म हो गया है। कुछ माह पूर्व पुराने कर्मचारियों के पास एक व्यक्ति आया था और उसने कहा था कि नए ठेकेदार आ गए हैं। अब व्यवस्था उनके हिसाब से ही रहेगी। यदि तुम लोगों को नौकरी जारी रखना है तो प्रति व्यक्ति 25 हजार रुपए देना होंगे।

### खबर संक्षेप

#### होली-रंगपंचमी पर बंद रहेंगी शराब दुकानें, भांग की खुली रहेंगी

**भोपाल।** राजधानी में शराब दुकानें होली और रंगपंचमी के दिन बंद रहेंगी। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 14 और 19 मार्च को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। हालांकि, भांग और भांग घोटा दुकानें खुली रहेंगी। दरअसल 14 मार्च को होली है, जबकि 19 मार्च को रंगपंचमी है। इन दोनों दिन में शाम 5 बजे तक दुकानें बंद रहेंगी। भांग और भांग घोटा दुकानों को छोड़कर जिले की सभी कम्पोजिट शराब दुकानें बंद रहेंगी। सभी प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी और आबकारी उपनिरीक्षक लगातार निरीक्षण करते रहेंगे। यदि कहीं शराब का विक्रय हुआ तो कार्रवाई की जाएगी। होली और रंगपंचमी को शराब की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। जबकि भांग और भांगघोटा की दुकानें खुली रहेंगी।

#### मॉडिफाइड वाहनों की फोटो भेजकर कोई भी कर सकता है शिकायत

**भोपाल।** मप्र में मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन रोकने पीटीआरआई पुलिस मुख्यालय विशेष अभियान चला रहा है। यह अभियान 1 मार्च से शुरू कर दिया गया था जो 15 मार्च तक प्रभावी रहेगा, जिसके तहत निजी वाहनों में हूटर, वाहन के ऊपर फ्लैश लाइट (लाल, पीली, नीली बत्ती), स्टीकर चस्पा करने एवं गलत नंबर प्लेट का उपयोग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में आम नागरिकों की सहभागिता को ध्यान में रखते हुए एक एंड्रॉइड मोबाइल नंबर 7587647905 जारी किया गया है। नागरिक इस नंबर पर गलत तरीके से मॉडिफाइड वाहनों की तस्वीरें और संबंधित जिले का विवरण भेज सकते हैं, जिससे संबंधित जिलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

पुलिस की दलील, नहीं आई अस्पताल से पीएमएलसी

## वीआईपी रोड पर मांझे से कटी बाइक सवार की नाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीआईपी रोड पर सोमवार दोपहर बाइक से गुजर रहे एक युवक की नाक चाइनीज मांझे से कट गई। मांझे से नाक कटने के बाद उसे गंभीर चोट आई है और काफी खून भी बहा। पुलिस का कहना है कि वीआईपी रोड पर हुई इस घटना की जानकारी मिली जरूर है, लेकिन अस्पताल से रात तक कोई भी पीएमएलसी नहीं आई थी, जिसके आधार पर मरीज से संपर्क किया जा सके।

जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर एक व्यक्ति बाइक से वीआईपी रोड से गुजर रहा था, तभी पतंग कटकर निकली और उसकी डोर युवक की नाक से रगड़ती हुई गई। इससे युवक की नाक बुरी तरह से कट गई।



### लोगों ने अस्पताल पहुंचाया

युवक ने साइड में बाइक खड़ी की और बैठ गया। इसी बीच वहां से गुजर रहे लोगों ने नाक से खून बहते देखा और खून पोछकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। लोगों ने वीआईपी रोड से चायनीज मांझा भी पड़ा देखा था। इसके बाद उसे सड़क से हटाया गया। उल्लेखनीय है की चायनीज मांझे से आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसके खतरे को देखते हुए कलेक्टर द्वारा चायनीज मांझे पर रोक भी लगाई गई। बावजूद इसके पतंग की दुकानों पर धड़ल्ले से चायनीज मांझा बिक रहा है।

## आईएसआई के नाम से आया 3 स्कूलों समेत फॉरेंसिक लैब को उड़ाने की धमकी भरा मेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*2:45 बजे सीरियल ब्लास्ट की थी धमकी, लिखा था-बच्चों को बचा सको तो बचा लो*

राजधानी के 3 स्कूलों और खजूरी स्थित नेशनल फॉरेंसिक लैब को बम से उड़ाने का एक मेल मिला, जिसके बाद पूरी पुलिस में हड़कंप मच गया। ये मेल पाकिस्तान के आईएसआई के नाम से आया था और इसमें धमकी दी गई थी कि 2.45 मिनट पर भोपाल के 3 स्कूलों में सीरियल ब्लास्ट किए जाएंगे, बच्चों को बचा सको तो बचा लो। इसके अलावा ऐसा ही मेल नेशनल फॉरेंसिक लैब को भी मिला था। इसके बाद तीनों स्कूल और फॉरेंसिक लैब में बम स्क्वॉड को बुलवा कर चेकिंग करवाई गई, हालांकि चेकिंग में कुछ नहीं मिला और मेल झूठा पाया गया, जिसके बाद पुलिस ने झूठे ई-मेल को लेकर एफआईआर दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार ये मेल सुबह करीब सवा 11 बजे टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित सेंट मेरी स्कूल, गांधीनगर स्थित पोद्दार स्कूल, मैदा मिल स्थित केंद्रीय विद्यालय और खजूरी सड़क स्थित नेशनल फॉरेंसिक लैब के मेल आईडी पर आया था। स्कूल में बच्चे छुट्टी के बाद घर जा चुके थे लेकिन स्कूल का स्टाफ मौजूद था, सभी को बाहर कर स्कूल की तलाशी ली गई, तो वहीं फॉरेंसिक लैब को भी जांचा गया। टीटी नगर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया ने बताया कि छानबीन में किसी भी तरह का बम नहीं मिला, हालांकि मेल को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है।

### गांधी नगर स्कूल को मेल का नहीं लग पाया था पता

सभी जगह जो मेल गए थे उन सभी में इन चारों स्थानों का जिक्र था जिसके बाद इन स्कूलों और फॉरेंसिक लैब के क्षेत्रीय थाने के मामले की जानकारी दी गई। जब गांधीनगर पुलिस पोद्दार स्कूल पहुंची तो स्कूल को पता भी नहीं था कि उनके मेल आईडी पर ऐसा कोई मेल आया है। हालांकि पुलिस ने स्कूल प्रशासन को बता कर पूरे स्कूल कैंपस की तलाश ली।

### मेल की जांच कराई जा रही है..

बम मिलने का मेल इन स्थानों को मिला था जिसके बाद स्कूल और फॉरेंसिक लैब की जांच की गई। जांच में किसी भी तरह का बम नहीं मिला है इस मेल को लेकर जांच की जा रही है।
**मलकीत सिंह**, एडिशनल डीसीपी, जोन-4

जीएमसी में मेडिकल स्टाफ और छात्राओं के लिए शुरू हुई सेल्फ डिफेंस एंड बेसिक एक्सरसाइज ट्रेनिंग

## छात्राएं सीखेंगी जूडो और कराते, होंगी और मजबूत




◆ ट्रेनिंग प्रोग्राम का पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्रा ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही छात्राएं अब जूडो कराटे की ट्रेनिंग भी लेंगी। इन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के लिए जीएमसी ने नई पहल की है।

सोमवार से चिकित्सा छात्राओं की सेल्फ डिफेंस क्लास शुरू हुई। इसका शुभारंभ पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्रा ने किया। यह पहला बैच है, जिसमें महाविद्यालय में पढ़ने वाली लड़कियों को जूड़ो कराटे की क्लास लगेगी। सोमवार को प्रशिक्षक अजय मेहर एवं उनकी टीम द्वारा प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। सप्ताह में दो दिन शनिवार और रविवार को कॉलेज की महिला संकाय सदस्य, नर्सिंग स्टाफ एवं छात्राओं को आत्म रक्षा की ट्रेनिंग दी जाएगी।

### रुकेंगी आत्महत्याओं की घटनाएं

जीएमसी कैंपस में छात्राओं को शिफ्टो में कक्षावार जूडो-कराटे सिखाया जाएगा। अगर यहां जगह कम पड़ी को कॉलेज की छत पर भी क्लास लगाई जाएगी। जूडो कराटे से छात्राएं शारीरिक श्रम करेंगी तो वह तन मन से मजबूत रहेंगी। यह एक ऐसा ज्ञान है, जिसके गुर हासिल कर स्टूडेंट अपराधिक तत्वों से अपनी आत्मरक्षा कुशलता और निपुणता के साथ कर सकती हैं। मानसिक तनाव से होने वाली आत्महत्याओं की घटनाएं रोकी जा सकेंगी।
**डॉ. कविता एन सिंह**, डीन, जीएमसी

### सख्त की जाएगी सुरक्षा व्यवस्था, रोजाना होगी गश्त

गांधी मेडिकल कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाएगी। पुलिस टीम द्वारा रोजाना अस्पताल परिसर में गश्त करने के साथ असामाजिक तत्वों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। जीएमसी की प्रबंधन की यह अच्छी पहल है। आत्म रक्षा की ट्रेनिंग से छात्राओं को सशक्त बनाने एवं उनको आत्म रक्षा के गुर सीखने में मदद मिलेगी।
**हरिनारायणचारी मिश्र**, पुलिस कमिश्नर

हैंपर में रहेंगे गुलाल, गुजिया समेत कई पारंपरिक उत्पाद

## होली पर स्व-सहायता समूहों का गिफ्ट हैंपर, 550 और 750 रुपए में ले सकेंगे मिलेट्स के आइटम्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

◆ *महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने मप्र राज्य आजीविका मिशन ने महिला स्व-सहायता समूहों के जरिए की पहल*

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने होली के मौके पर विशेष हैंपर की बिक्री शुरू की है। यह पहल महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना और घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देना है।

मिशन ने दो तरह के हैंपर तैयार किए हैं। एक हैंपर 550 और दूसरा 750 रुपए का है। इन हैंपर में जैविक गुलाल और होममेड गुजिया रखी गई है। साथ ही महुआ के लड्डू, मूंगफली के लड्डू, गमछा और कढ़ी लड्डू जैसे पारंपरिक उत्पाद भी शामिल हैं।

आजीविका मिशन की परियोजना अधिकारी रेखा पांडे का कहना है कि प्रत्येक वर्ष महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं होली और दीवाली पर गिफ्ट हैंपर तैयार करती हैं। इस बार के हैंपर में मिलेट्स आइटम्स से गुजिया और अन्य उत्पाद बनाए गए हैं।

इसके साथ जैविक गुलाल भी महिलाओं ने ही तैयार किया है। इसके साथ ही भोपाल जिला कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने भी महिलाओं के गिफ्ट हैंपर खरीदने की अपील की है।




अपने उत्पादों का प्रदर्शन करतीं महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं।

### इन जगहों से खरीद सकेंगे हैंपर

महिलाओं द्वारा तैयार किए गए विशेष हैंपर पीएचक्यू, राग भोपाली, वल्लभ भवन, विकास भवन, रानी कमलापति, भोपाल रेलवे स्टेशन, जिला पंचायत और आजीविका मार्ट से खरीद सकते हैं। मैरियट होटल और पर्यावास भवन पर भी इनकी बिक्री की जा रही है।

देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगा बूम

## भोपाल में होली का व्यापार 500 करोड़ के होगा पार

# देशभर में जमेगा 60 हजार करोड़ रु. की व्यावसायिक ग्राहकी का रंग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶|भोपाल

होली को अब सिर्फ तीन दिन बचे हैं। होली के पर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारी पूरे शबाब पर है। होली के हुर्रियारे जहां मनमाफिक रंग -गुलाल और आवश्यक सामग्री की खरीदारी में जुटे हैं तो होली के त्यौहार में मीठे पकवान और व्यंजन बनाने सहित दैनिक रोजमर्रा की सामग्री की खरीदारी जोरों पर चल रही है। राजधानी के थोक बाजारों में देसावरी और शहरी दोनों की प्रकार की ग्राहकी का रंग जमा हुआ है। ऐसे में बाजार जानकारों का अनुमान है कि होली पर व्यापार अच्छा होगा। कारोबारी अनुपम अग्रवाल के अनुसार एक अनुमान के मुताबिक पूरे भोपाल में होली का व्यापार 500 करोड़ रुपए के पार होगा तो देशभर में 60 हजार करोड़ रुपए के व्यवसायिक ग्राहकी का रंग जमने का अनुमान है।

गौरतलब है कि होली को तीन दिन बाकी है, लेकिन लोगों पर होली का रंग सर चढ़कर बोलने लगा है। बाजार होली के रंग, पिचकारी से लेकर स्वादिष्ठ मिष्ठान्नों से भर गया है। जगह-जगह पर होली के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे । होली के इन कार्यक्रमों का असर सीधे बाजार पर दिखाई दे रहा है और बाजार में भी तेजी देखी जा रही है। खुदरा कारोबारियों का संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुसार इस वर्ष अकेले होली पर देशभर में 60 हजार करोड़ रुपए का व्यापार होने का अनुमान है। इस बार भी होली की त्योहारी बिक्री में चीन के बने हुए सामान का व्यापारियों एवं ग्राहकों ने बहिष्कार किया है। लोग केवल भारत में ही बने हर्बल रंग एवं गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन, पूजा सामग्री, परिधान सहित अन्य सामान खरीद रहे हैं। इससे भारतीय उत्पादकों और विक्रेताओं को जबरदस्त लाभ हो रहा है।






### होटल, बैंक्वेट हॉल, फॉर्महाउस और रेस्टोरेंट को मिल रहा लाभ

इसके अलावा होली मिलन समारोहों का आयोजन हो रहा है, जिससे होटल, बैंक्वेट हॉल, फार्महाउस और रेस्टोरेंट सेक्टर को भी लाभ मिल रहा है। बाजार में हर्बल रंगों और गुलाल की अधिक मांग है, जबकि केमिकल युक्त रंगों की लोकप्रियता घटी है। खासकर स्पाइडर मैन और छोटा भीम थीम वाली पिचकारी, गुलाल स्प्रे और प्रेशर टैंक पिचकारी बच्चों के बीच खूब पसंद की जा रही है।

### बाजारों में रंग-गुलाल में सबसे ज्यादा मांग हर्बल रंगों की हो रही

*बाजारों में रंग-गुलाल में सबसे ज्यादा मांग हर्बल रंगों की हो रही है। लोग भारतीय उत्पादकों के द्वारा बनाए गए हर्बल उत्पादों की खरीद को प्राथमिकता दे रहे हैं। रंग, पिचकारी, गुलाल, अबीर, गुब्बारे, मिठाइयां और होली खेलने के लिए बने विशेष कपड़ों की बाजारों में सबसे तेजी से मांग देखी जा रही है। बाजारों में उपभोक्ताओं की यह भीड़ होली के बाद नवरात्रों तक बने रहने का अनुमान है।*

### उत्पादों की बिक्री में जबरदस्त उछाल

*कारोबारियों के अनुसार हर्बल रंग, गुलाल, पिचकारी, मिठाइयां, ड्राई फ्रूट्स, परिधान, गिफ्ट आइटम और अन्य उत्पादों की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। होली के उत्सव ने छोटे कारोबारियों, खुदरा विक्रेताओं और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपमक्र (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए बड़े आर्थिक अवसर पैदा किए हैं। बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारी, मिठाइयों और उपहारों की खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है ।*

## बीते साल हुआ दालों का कुल 67 लाख टन इंपोर्ट

# मसूर दाल पर 10 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी पीली मटर तीन महीने और हुई ड्यूटी फ्री



एजेंसी ▶▶|नई दिल्ली

सरकार ने मसूर दाल, पीली मटर और टूटे चावलों पर बड़ा ऐलान किया है। दरअसल सरकार ने ऐलान किया कि मसूर दाल पर अब 10 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके अलावा पीली मटर के ड्यूटी फ्री इंपोर्ट को 3 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है, जबकि केंद्र सरकार ने 8 मार्च से दालों पर 5 फीसदी बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5 फीसदी एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस लगाने की बात कही है।

### एक्सपोर्ट पॉलिसी तत्काल प्रभाव से संशोधित

इस ऐलान से पहले तक दालों के इंपोर्ट को ड्यूटी-फ्री रखा गया था। वहीं, केंद्र सरकार ने दिसंबर 2023 में पीली मटर के ड्यूटी फ्री इंपोर्ट को इजाजत दी थी और बाद में इसे 28 फरवरी तक 3 बार बढ़ाया गया था। 2024 के दौरान दालों का कुल इंपोर्ट 67 लाख टन हुआ, इसमें पीली मटर का हिस्सा लगभग 30 लाख टन रहा। टूटे चावलों पर खबर है कि सरकार ने इसके एक्सपोर्ट पर से रोक हटा ली है। यानी अब भारतीय व्यापारी टूटे चावलों का एक्सपोर्ट दूसरे देशों को कर सकेंगे। टूटे चावलों के एक्सपोर्ट पर रोक सितंबर 2022 में लगाई गई थी। इस बारे में विदेश व्यापार महानिदेशालय की ओर से एक नोटिफिकेशन में कहा गया कि टूटे चावलों की एक्सपोर्ट पॉलिसी को तत्काल प्रभाव से संशोधित किया गया है और इसे टूटे चावलों के एक्सपोर्ट पर लगे रोक को हटा लिया गया है। पिछले साल सरकार ने गैर-बासमती सफेद चावल के विदेशी शिपमेंट पर 490 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस को हटा दिया था।



# भागीदारी फर्मों को करना होगा नियमित रूप से भुगतान, जिस पर कटेगा टीडीएस

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶|भोपाल

भागीदारी फर्मों द्वारा भागीदारों को दिए जाने वाली वेतन एवं ब्याज पर 1 अप्रैल से टीडीएस करने की जवाबदारी फर्म के ऊपर आ गई है। वर्तमान में भागीदारी फर्मों द्वारा 31 मार्च को ही वेतन या ब्याज का भुगतान भागीदारों को किया जाता है परंतु अब उन्हें नियमित रूप से भुगतान करना पड़ेगा एवं उस पर टीडीएस काटना पड़ेगा।

यह बात चार्टर्ड अकाउंटेंट आकांक्षा श्रीवास्तव ने टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा सदस्यों के लिए आयकर पर एक कार्यशाला में बताई । उन्होंने बताया कि विदेशों को भेजे जाने वाले कर मुक्त राशि की सीमा 7 लाख से बढ़कर 10 लाख कर दी गई है इससे अधिक राशि विदेश भेजने पर टीडीएस काटना आवश्यक है, परंतु अगर बच्चों की पढ़ाई के लिए लोन लेकर पैसा भेजा जा रहा है या इलाज के लिए पैसा भेजा जा रहा है उस पर टीडीएस करने की आवश्यकता नहीं है। आयकर के बजट के नए प्रावधानों के विषय में उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बचत योजना से 1.10.2024 के बाद राशि निकालने पर




टीडीएस नहीं होगा एवं इस योजना पर ब्याज देना भी सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है। धर्मार्थ संस्थाओं के आयकर में पंजीयन में सरकार द्वारा छूट दी गई है, अगर उनकी पिछले वर्ष की प्राप्तियां 5 करोड रुपए से कम है तो उन्हें 5 साल में आयकर छूट के पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराना होगा। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल व बच्चन आचार्य, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, सहसचिव संदीप चौहान, वरिष्ठ सदस्य दीपक गोयल, भूपेश खुरपिया, राजेश जैन, संतोष शाक्य आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### हायर के कलरफुल किनोची एयर कंडीशनर लांच

**नई दिल्ली।** होम अप्लायंसेस ब्रांड हायर अप्लायंसेज इंडिया ने भारत में अपने नए किनोची एयर कंडीशनर की कलरफुल रेंज लांच की है, जिसने कूलिंग टेक्नोलॉजी में नया बेंचमार्क स्थापित किया है। यह एसी सिर्फ ठंडक ही नहीं देता, बल्कि मॉडर्न घरों की खूबसूरती को भी बढ़ाता है क्योंकि यह बेहतरीन डिजाइन और उन्नत परफॉर्मेंस का अनोखा मेल है। जिससे यह सिर्फ कूलिंग ही नहीं बल्कि घर की सुंदरता भी बढ़ाते हैं। हायर इंडिया ने इस खास रेंज को पेश किया है।

### गोदरेज ने शुरू किया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट

**चेन्नई ।** एफएमसीजी कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) ने तमिलनाडु में चेन्नई के पास चेंगलपट्टू जिले में अपना पहला इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग प्लांट शुरू किया है। इस प्लांट का उद्घाटन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थिरु एम.के. स्टालिन, नादिर गोदरेज, चेयरपरसन, गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप और जीसीपीएल के सीईओ सुधीर सीतापति ने किया। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने उत्पादन लाइन को शुरू करके प्लांट का संचालन किया।

### न्यूगो ने सिरोना के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक इंटरसिटी बस सर्विस न्यूगो ने महिलाओं की सेहत और स्वच्छता के लिए तरह-तरह के प्रॉडक्ट्स बनाने वाली मशहूर कंपनी सिरोना के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी का मकसद महिलाओं को बस में सफर के दौरान ज्यादा सुविधा और आराम देना है। बस में महिला यात्रियों को फेमकेयर किट्स उपलब्ध कराई जाएंगी। इन किट्स में पीबडी स्टैंड एंड पी डिवाइस और 100 फीसदी रैश-फ्री सैनिटरी पैड्स शामिल होंगे। ये किट्स सफर में महिलाओं को आरामदायक और सुरक्षित अनुभव देने के लिए डिजाइन की गई हैं।

### अमेजन एमएक्स पर फ्री में स्ट्रीम 14 मार्च से

**मुंबई।** हिप हॉप इंडिया, भारत का पहला और एकमात्र हिप-हॉप डांस रियलिटी शो, अपने दूसरे सीजन के साथ अमेजन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़न एमएक्स प्लेयर पर वापसी कर रहा है। जिसमें ग्रैविटी को चुनौती देने वाले परफॉर्मेंस, जबरदस्त डांस बैटल, भारत के अंडरग्राउंड हिप-हॉप वर्ल्ड की गहराइयों से जानने का मौका और दर्शकों के लिए एक नए स्तर का मनोरंजन शामिल होगा। स्ट्रीमिंग सेवा ने आज इस सीजन का धड़कन तेज कर देने वाले ट्रेलर का अनावरण किया।

## कलेक्टर के समक्ष क्रेडाई ने रखा प्रस्ताव

# लागू करें 'हाइड्रोलॉजी ऑफ कलियासोत रिवर' रिपोर्ट को

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶|भोपाल




विश्व पर्यावरण दिवस और मानसून पूर्व पौधरोपण को लेकर राजधानी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने की, जिसमें सभी तहसीलों के अधिकारियों, संबंधित विभागों और व्यापारिक व सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। इस दरमियान क्रेडाई भोपाल ने पर्यावरण सुधार के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया। क्रेडाई अध्यक्ष मनोज मीक ने नदी और नालों के दोनों किनारों पर स्थित शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर वहां सघन पौधारोपण या जंगल विकसित करने का अनुरोध किया। मनोज मीक ने पर्यावरण संतुलन के लिए 'हाइड्रोलॉजी ऑफ कलियासोत रिवर' रिपोर्ट को लागू करने का प्रस्ताव रखा। ताकि नदी का जलस्तर और पर्यावरणीय सौंदर्य बढ़ाया जा सके। इस रिपोर्ट में कलियासोत नदी के जल प्रवाह को सुधारने, जल संरक्षण और जलभराव क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने के प्रभावी उपायों का उल्लेख किया गया है। कलेक्टर भोपाल ने 'कमाल का भोपाल' अभियान के तहत क्रेडाई के सुझावों को योजना में शामिल करने का आश्वासन दिया, जिससे राजधानी में हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दिशा में ठोस कार्य किए जा सकें।

### एक्जोनोबेल में 'इंद्रधनुष' महिलाओं का जश्न मना

गुरूग्राम। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एक्ज़ोनोबेल इंडिया अपनी 'इंद्रधनुष' महिलाओं का जश्न मना रहा है, जो पेंट की बदलावकारी क्षमता के साथ डेकोरेटिव पेंटिंग के पुरूष प्रधान उद्योग में स्थापित मान्यताओं को चुनौती दे रही हैं। चार सालों के दौरान एक्ज़ोनोबेल की सामाजिक पहल, प्रोजेक्ट इंद्रधनुष ने भारत के 7 राज्यों के 940 से अधिक गांवों में 3100 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को स्थायी आजीविका के नए साधन उपलब्ध कराए हैं। उल्लेखनीय है कि 2100 से अधिक महिलाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जो आज आर्थिक रूप से स्वतन्त्र प्रोफेशनल पेंटर हैं, वहीं 1000 महिलाएं सफल पेंट-प्रेन्योर्स बन चुकी हैं।

## बिजनेस न्यूज

### खादी एवं ग्राम उद्योग में मना 20 फीसदी विशेष छूट के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




**भोपाल।** ग्रामोद्योग भवन ,खादी एवं ग्राम उद्योग , सूक्ष्म लघु मध्यम एवं उद्यम मंत्रालय भारत सरकार, उत्पादन 20 फीसदी विशेष छूट के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है । खादी ग्रामोद्योग भवन जवाहर चौक भोपाल संचालन मैनेजर संजीव राणा द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी सीईओ यशपाल सिंह खादी ग्रामोद्योग आयोग आंचलिक कार्यालय भोपाल द्वारा की गई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2025 खादी और ग्रामोद्योग उत्पाद एवं योजनाओं पर महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन संस्था जाबालि खादी एवं ग्रामोद्योग प्रोन्नति समिति जबलपुर जो कि भारत की पहली महिलाओं द्वारा निर्मित संस्था अध्यक्ष सीमा बादल एवं सचिव डॉक्टर सुनीता स्थापक द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने हेतु निरंतर प्रयास किया जा हैं। डिप्टी सीईओ यशपाल सिंह खादी ग्रामोद्योग आयोग, ने अपने उदबोधन में खादी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए खादी भवन निरंतर प्रयास कर रहा है ।कार्यक्रम में महापौर मालती राय एवं डॉ. अर्चना शर्मा एसडीएम, मंजू शर्मा सहायक उपयुक्त नवोदय विद्यालय रीजनल कार्यालय आदि मौजूद रहे।

### जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का सफल समापन



**भोपाल।** जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन ग्राम सूखी सेवनिया, भोपाल में हुआ। समापन समारोह में डॉ. मीतू सिंह, कुलपति जेएनसीटी विश्वविद्यालय, एवं श्री मुकेश कुमार जैन, अध्यक्ष जैन समाज सूखी सेवनिया के साथ विश्वविद्यालय के प्राचार्यगण, प्राध्यापकगण और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वयंसेवकों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए और उन्हें अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफ समीर पुरोहित ने आभार एवम शिविर की सफलता पर शुभकामनाएं प्रेषित की। शिविर के छठवे एवम सातवें दिवस परियोजना कार्य मे सर्वप्रथम स्वयंसेवक द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में रैली का आयोजन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को डिजिटल साक्षरता का संदेश दिया गया। बौद्धिक सत्र का विषय था जागरूक नागरिक- मजबूत राष्ट्र और शिक्षा के साथ अनुशासन, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सूखी सेवनिया पुलिस स्टेशन की सीनियर इंस्पेक्टर, स्वाति दुबे उपस्थित रहीं। सम्पूर्ण शिविर के दौरान सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रियंक सरोलिया ने पीटी और योगाभ्यास में विशेष सहभागिता निभाई।

### शिक्षकों का हुआ सम्मान



**भोपाल।** राजधानी में नवोदय क्लब का द्वितीय मिलन समारोह का सफल आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न शहरों से विभिन्न क्षेत्रों (शिक्षा ,स्वास्थ्य, विधि, पुलिस,पत्रकारिता, साइबर, फार्मा, कला, समाजसेवी) में उत्कृष्ट सेवा देने वाले क्लब के सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई, समारोह में सदस्यों द्वारा नवोदय क्लब की समाज में भूमिका एवं उद्देश्यों को लेकर अपने विचार रखे गए, एवं सभी क्लब के सदस्यों का परिचय प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत शिक्षकों का सम्मान किया गया। शिक्षकों में राधा खरे, हनुमान प्रसाद, जीडी कोरी एवं हरिश साहू का सम्मान किया गया।

### श्री होलसेल सर्राफा एसो. के संजीव गर्ग बने अध्यक्ष



**भोपाल।** राजधानी के थोक सराफा व्यापारियों की संस्था श्री होलसेल सराफा एसोसिएशन के सदस्यों की हुई बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसोसिएशन के सभी सदस्यों द्वारा आगामी रणनीति पर चर्चा करते हुए नई कार्यकारिणी गठन के त्रैवार्षिक चुनाव पर मुहर लगाई। सभी सदस्यगणों की सहमति से पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। जिसमें अध्यक्ष -संजीव गर्ग (गांधी) , उपाध्यक्ष -अभिषेक अग्रवाल (लाला), उपाध्यक्ष -रितेश अग्रवाल (राधिका), सचिव -विजय वर्मा (एवन), सह सचिव -गौरव अग्रवाल (सागर), सह सचिव -दिलीप अग्रवाल (आरडीएस), कोषाध्यक्ष -अखिलेश मित्तल को मनोनीत किया।

### जेके सीमेंट ने की '34वें जेके आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स' विजेताओं की घोषणा



**भोपाल।** जेके सीमेंट लिमिटेड ने राजधानी में आयोजित एक प्रतिष्ठित समारोह 34वें जेके आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स विजेताओं की घोषणा समारोह का आयोजन किया। 35 वर्षों से वास्तुकला की पहचान का आधार बना यह प्रतिष्ठित समारोह, जेके सीमेंट लिमिटेड के अटूट समर्थन और प्रायोजन की बदौलत एक बार फिर शानदार सफलता हासिल करने में सफल रहा। दो दिवसीय समारोह में वास्तुकला की प्रतिभाओं का एक उल्लेखनीय जमावड़ा देखने को मिला, जिसमें इंदौर और भोपाल के वास्तुकला कॉलेजों के छात्र प्रविष्टियों की प्रदर्शनी देखने के लिए कार्यक्रम स्थल पर उमड़ पड़े। अत्याधुनिक डिजाइन और अभिनव अवधारणाओं को प्रदर्शित करते हुए, प्रदर्शनी ने वास्तुकला के भविष्य की एक झलक प्रदान की।

समारोह का एक मुख्य आकर्षण भारत और विभिन्न अन्य देशों के प्रसिद्ध वास्तुकारों की उपस्थिति थी, जिन्होंने जूरी मीटिंग के दौरान 13 पुरस्कार श्रेणियों में विजेताओं का चयन करने के लिए लगन से विचार-विमर्श किया गया। इस भव्य अवसर पर स्थानीय वास्तुकारों, निर्माण उद्योग के दिग्गजों और सम्मानित सरकारी अधिकारियों ने वास्तुकला में उत्कृष्ट उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एक साथ उपस्थित थे। यह समारोह उन वास्तुकारों की प्रतिभा और समर्पण का प्रमाण था जो रचनात्मकता और नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाते रहते हैं। जेके एवाईए के प्रशासक राणा प्रताप सिंह ने कहा कि हम 34वें जेके आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स विजेता की घोषणा समारोह की सफलता से रोमांचित हैं। यह समारोह वास्तुकला में उत्कृष्टता को पहचानने और उसका जश्न मनाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इसके अलावा 34वें जेके एवाईए के पेशेवर सलाहकार, कृष्ण कुमार धोटे ने कहा, ३यह कार्यक्रम और प्रदर्शनी वास्तुकला के छात्रों के लिए बहुत जानकारीपूर्ण थी और मुझे विश्वास है कि यह उनके निकट भविष्य में उनकी बहुत मदद करेगी जेके सीमेंट लिमिटेड वास्तुकला समुदाय को समर्थन देने के लिए समर्पित है।

### एमआईटी-वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी ने बनाया नया मॉड्यूलर इंटरनेट ऑफ थिंग्स सक्षम दवा डिस्पेंसर



**पुणे।** एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी ने एक नया मॉड्यूलर इंटरनेट ऑफ थिंग्स सक्षम दवा डिस्पेंसर बनाया है। यह उपकरण स्वचालित है और इसे दूर से मॉनिटर किया जा सकता है, जिससे दवा के प्रबंधन को आसान बनाया जा सके। इसका मुख्य उद्देश्य उन लोगों की मदद करना है, जिनके दवाओं की डोज़ की टाइमिंग थोड़ी जटिल होती है , ताकि उन्हें सही समय पर दवा मिल सके। एमआईटी -डब्ल्यूपीयू का यह समाधान उन पारंपरिक डिस्पेंसर की सीमाओं को दूर करता है, जिन्हें मानव हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है और जो दूर से निगरानी नहीं कर सकते। इस उपकरण में एक त्रिकोणीय आकार का कंटेनर, एक मोटर चालित डिस्पेंसिंग सिस्टम और एक नियंत्रक इकाई शामिल है। एमआईटी -डब्ल्यूपीयू के फार्मेसी स्कूल के प्रोफेसर डॉ. अमोल तागलपाल्लेवार ने कहाकि आज की तेज-तर्रार दुनिया में, दवा लेने का सही समय याद रखना एक बड़ी चुनौती है।

### होम क्रेडिट इंडिया ने किया महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण को उजागर

**नई दिल्ली।** होम क्रेडिट इंडिया का 'हाउ इंडिया बारोज 2024' स्टडी भारत में महिलाओं के बदलते वित्तीय व्यवहार का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करता है, जो बढ़ती आर्थिक स्वतंत्रता और सशक्तिकरण की ओर एक परिवर्तनकारी बदलाव को उजागर करता है। अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि कैसे महिलाएं, खासकर निम्न-मध्यम आय वर्ग की, अपने उद्यमशीलता के सपनों को पूरा करने, शिक्षा में निवेश करने, घरेलू वित्तीय निर्णय लेने और अपनी डिजिटल वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने के लिए क्रेडिट का लाभ उठा रही हैं। हाउ इंडिया बोरोज 2024' स्टडी न केवल भारत में महिलाओं के लिए बदलते वित्तीय परिदृश्य को उजागर करता है, बल्कि आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में उनकी बढ़ती भूमिका को भी दर्शाता है। उद्यमिता और शिक्षा से लेकर घरेलू प्रबंधन और डिजिटल साक्षरता तक, महिलाएं तेजी से अपने वित्तीय भविष्य का जिम्मा उठा रही हैं।

# एसएस इनोवेशंस ने किया मोबाइल टेली सर्जिकल यूनिट मंत्रा 'एम' का अनावरण



एजेंसी ▶▶|नई दिल्ली

स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निर्माता एसएस इनोवेशंस ने गुरूग्राम स्थित द लीला में दूसरे ग्लोबल एसएसआई मल्टी-स्पेशलिटी रोबोटिक सर्जरी कॉनफेरेन्स (एसएमआरएससी) 2025 का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में दुनिया भर से 1200 से अधिक प्रख्यात चिकित्सा पेशेवर शामिल हुए, जिन्हें इस मंच के माध्यम से रोबोटिक सर्जरी की बदलावकारी क्षमता के बारे में जानने का अवसर मिला। एसएमआरएससी 2025 में की गई एक महत्वपूर्ण घोषणा के तहत एसएस इनोवेशन्स ने एसएसआई मंत्रा टेली-सिंक मोबाइल युनिट 'एसएसआई मंत्राएम' का अनावरण किया। अपनी तरह की अनूठी यह पहल भारत में रोबोटिक सर्जरी और टेलीमेडिसिन में नया बदलाव लेकर आएगी। यह आधुनिक मोबाइल टेली-सर्जिकल युनिट चिकित्सा तकनीक के आधुनिकीकरण, चिकित्सा सेवाओं की बुनियादी सुविधाओं को नया आयाम देने और आधुनिक सर्जिकल देखभाल की पहुंच बढ़ाने के लिए एसएस इनोवेशन्स की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल, मध्य प्रदेश,**
**पुलिस आफिसर मैस के सामने, नूरबाग कैम्प, भोपाल.-462008**

क्रमांकः-/ 227/डिवी. कमा./आ.प्र./2025 भोपाल, दिनांकः- 06/03/2025

**ई-निविदा सूचना**

महानिदेशक, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन मध्य प्रदेश की ओर से संभागीय सेनानी, आपदा प्रबंधन, म.प्र. भोपाल, पुलिस आफिसर मैस के सामने, भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार निम्नलिखित सामग्री हेतु आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | सामग्री का नाम | बिड क्रमांक /दिनांक | संख्या | निविदा डायनलोड /जमा प्रारभ तिथि | निविदा जमा की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | लाईफ डिटेक्टर टाईप ॥, | GEM/2025/B/6030545 Dated 06-03-2025 | 5 नग | 06-03-2025 | 20.03.2025 |

होमगार्ड मध्यप्रदेश की वेबसाइट (www.homeguard.mp.gov.in) पर निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।

संभागीय सेनानी
एसडीईआरएफ म.प्र. भोपाल

जी- 24100/24 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति इटारसी जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)**

क्र./मंडी/निर्माण/24-25/1724 इटारसी दिनांक - 05.03.2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

कृषि उपज मण्डी समिति इटारसी "क श्रेणी" मंडी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2025_MPSAM_407711_1 के अन्तर्गत ऑन लाईन निविदायें दिनांक 02.04.2025 को शाम 5:30 बजे तक ऑनलाईन आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल https://mpmandiboard.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोटः- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
इटारसी जिला नर्मदापुरम

## चिंतन

# धमकी देकर देश को दहशत में डालने वालों पर नकेल जरूरी

भारत की विभिन्न धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कभी स्कूल, कभी रेलवे स्टेशन तो कभी एयरलाइंस की फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी मिलना आम बात हो गई है। कौन भूल सकता है जब बीते साल अक्टूबर में एक साथ 95 फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे पूरे देश में दहशत फैल गई। अब सोमवार को एक बार फिर मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 119 को बम से उड़ाने की धमकी मिली। 8 घंटे 37 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें बम की धमकी दी गई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए रास्ते से ही विमान को वापस मुंबई लाने का फैसला किया गया। विमान 10:25 बजे मुंबई पहुंचा। जब तक जांच पूरी नहीं हुई यात्रियों, सुरक्षा एजेंसियों समेत देश के बड़े हिस्से में दहशत का माहौल रहा। न जाने कौन फैला रहा है इस तरह की दहशत। देश की प्रत्येक एयरलाइन की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को एक सप्ताह के भीतर बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं। इससे खलबली मचना स्वाभाविक है। इससे दहशत तो फैलती ही है साथ में हवाई यात्रा का टाइम टेबल गड़बड़ा जाता है। कितनी ही फ्लाइट जांच के लिए रोक दी जाती हैं। यात्रियों को भारी असुविधा होती है। वे समय पर अपने गंतव्य पहुंच नहीं पाते या कनेक्टिंग फ्लाइट मिस कर जाते हैं। इन धमकियों के पीछे कौन है और उसका क्या उद्देश्य है? अनेक एजेंसियां इसका पता लगाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन इसके पीछे कुछ खास नहीं निकल पा रहा है। सोशल मीडिया और ई-मेल के माध्यम से विमान में धमाका करने की धमकी देना आम बात होती जा रही है। आखिर ये कितने शातिर लोग हैं जो इतने दिनों से जांचकर्ताओं की पकड़ में नहीं आए। उड़ान में खलल डालकर उसे रोक देना उनका उद्देश्य मालूम पड़ता है। उनकी धमकी वाकई गंभीर है या खोखली इसका अंदाजा कैसे लगाया जाए। कुछ धमकियां तो ऐसी उड़ान को लेकर थीं जो पूरी हो चुकी थीं। वैसे तो हर उड़ान के पहले विमान और उसके सिस्टम की पूरी तरह जांच की जाती है फिर भी धमकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। ऐसी धमकियां विमानन क्षेत्र की मजबूती की परीक्षा ले रही हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों को ऐसे शरारती तत्वों को यथाशीघ्र खोज निकालना होगा। इस तरह का अपराध करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसी धमकियां देने वाले में सिरफिरे, मानसिक रुग्ण के अलावा कोई ऐसा यात्री भी हो सकता है जो उड़ान में विलंब करवाना चाहते हैं। यह भी देखना होगा कि ऐसी धमकी के पीछे कोई एक व्यक्ति है या कोई समूह! कॉल या ई-मेल कहां से आया, इसका तुरंत पता लगाकर शरारती तत्व को पकड़ा जाना चाहिए। साइबर सुरक्षा एजेंसियां ऐसा कर सकती हैं। अनेक डिजीटेक टूल हैं जिनसे पता लगाया जा सकता है कि कौन से शरारती तत्व यह करतूत कर रहे हैं। सोशल मीडिया कंपनियों के पास भी पता लगाने के संसाधन हैं कि कौन से फेक अकाउंट से इस तरह की धमकियां दी जा रही हैं। यह भी संभव है कि इस तरह की धमकी बाहर देश से आ रही हों। जांच एजेंसियों पर इस पर भी नकेल कसने की जरूरत है। इस मामले को अब सरकार को टॉप प्रायरिटी में रखते हुए इसकी सघन जांच करानी चाहिए, ताकि भारत की एयरलाइंस और लोगों को इससे छुटकारा मिल सके।



विमर्श
राधा रमण

# राजनीति में अपराधीकरण पर रोक लगे

राजनीति जिसकी लाठी, उसकी भैंस सरीखी हो गई। राजनीति में अपराधियों के पदार्पण की मूल वजह भी यही है। वरना आजादी के बाद की राजनीति इतनी खराब नहीं थी। सियासत के क्षेत्र में अच्छे लोग सक्रिय थे जो समाज का भला-बुरा सोचते थे। किसान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह अक्सर कहा करते थे कि बेटी की शादी अगर गलत घर में हो जाए तो परिवार बर्बाद हो जाता है, लेकिन वोट अगर गलत व्यक्ति को मिल जाता है तो समाज खराब हो जाता है। क्या आज की राजनीति को आप अच्छी और आज के समाज को आप अच्छा समाज कहना चाहेंगे? पिछले करीब चार दशकों से राजनीति के अपराधीकरण को लेकर सभी दलों के नेता हो-हल्ला मचाते रहे हैं।

वैसे तो देश की राजनीति में 1957 के चुनाव में ही बूथ कैप्चरिंग की पहली वारदात बिहार के मुंगेर जिला (अब बेगुसराय जिला) के मटिहानी विधानसभा चुनाव में हो गई थी। उस समय दबंगों ने जबरदस्ती बूथ पर कब्जा कर अपने पक्ष में लोगों के वोट डलवा लिए थे। हालांकि उस काले अध्याय की चर्चा आज तक होती है।

बाद के दिनों में बूथ कैप्चरिंग की वारदातें लगातार बढ़ती गईं। राजनीति जिसकी लाठी, उसकी भैंस सरीखी हो गई। राजनीति में अपराधियों के पदार्पण की मूल वजह भी यही है। वरना आजादी के बाद की राजनीति इतनी खराब नहीं थी। सियासत के क्षेत्र में अच्छे लोग सक्रिय थे जो समाज का भला-बुरा सोचते थे। किसान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह अक्सर कहा करते थे कि बेटी की शादी अगर गलत घर में हो जाए तो परिवार बर्बाद हो जाता है, लेकिन वोट अगर गलत व्यक्ति को मिल जाता है तो समाज खराब हो जाता है। क्या आज की राजनीति को आप अच्छी और आज के समाज को आप अच्छा समाज कहना चाहेंगे? पिछले करीब चार दशक से राजनीति के अपराधीकरण को लेकर सभी दलों के नेता हो-हल्ला मचाते रहे हैं। संसद और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में भे यह मसला सिर चढ़कर बोलता रहा है। लेकिन सही बात तो यह है कि नेता खुद भी नहीं चाहते कि राजनीति साफ-सुथरी हो। राजनीति को समाज सेवा का दर्जा दिया गया है लेकिन आजादी के बाद से हमारे समाज सेवकों की सम्पत्ति में अकूत वृद्धि हुई है। अगर, मेरी बात पर भरोसा न हो तो सरकार किसी न्यायिक आयोग से सभी नेताओं की जो किसी सदन के सदस्य रहे हों, उनकी सम्पत्ति की जांच क्यों नहीं करा लेती। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। एक बार विधायक या सांसद क्या बन गए, नेताओं की सम्पत्ति रॉकेट की रफ्तार से बढ़ जाती है। मंत्रियों का तो कहना ही क्या! हद तो यह कि समाज सेवा के नाम पर उन्हें टैक्स में छूट भी मिलती है। और तो और, सांसद-विधायक जब चाहते हैं अपनी तनख्वाह में मनमानी वृद्धि कर लेते हैं। आज तक इस मामले में किसी सदन में कभी विरोध की बात नहीं देखी-सुनी गई। गजब तो यह कि यदि कोई व्यक्ति लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद् चारों सदनों का सदस्य रहा हो तो किसी सदन की सदस्यता नहीं रहने पर वह चारों सदनों के एक साथ पेंशन का हकदार हो जाता है। जबकि निजी सेक्टर में काम करने वाले और जीवन खपाने वाले लोग बुढ़ापे में पाई-पाई के मोहताज हो जाते हैं। आज भी लालू प्रसाद और आनन्द मोहन जैसे न जाने कितने लोग सजायाफ्ता होने के बावजूद प्रतिमाह लाखों रुपये पेंशन के ले रहे हैं। मुझे कहने दीजिए कि इस मामले में राजनीतिक दलों में गजब की एकता है -'हमाम में सभी नंगे हैं' की उक्ति चरितार्थ होती है। हाल ही में सजायाफ्ता सांसदों-विधायकों समेत अन्य नेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने संबंधी जनहित याचिका पर केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हलफनामा गौर करने लायक है।

याचिका भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी। इस पर सरकार का कहना है कि 'याचिका में जो अनुरोध किया गया है वह संविधान को



फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से क़ानून बनाने का आदेश देने के समान है, जो न्यायिक समीक्षा संबंधी उच्चतम न्यायालय की शक्तियों से पूरी तरह परे है। इस तरह की योग्यता तय करना केवल संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।'सरकार द्वारा शीर्ष अदालत में दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। सरकार ने कहा कि यह क़ानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं। सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि 'अदालत ने निरंतर यह कहा है कि एक विकल्प या दूसरे पर विधायी विकल्प की प्रभावकारिता को लेकर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता।' जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 (1) के तहत, अयोग्यता की अवधि दोषसिद्धि की तारिख से छह साल या कारावास के मामले में रिहाई की तारीख से छह साल तक है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 11 के तहत चुनाव आयोग के पास ताकत है कि वह किसी मामले में इस अवधि को कम या पूरी तरह हटा सकता है। धारा 8 कहती है कि किसी विधायक या सांसद को दो साल या उससे अधिक की सजा होती है तो वह सजा पूरी करने के बाद छह साल तक चुनाव नहीं लड़ सकता है। इसी तरह धारा 9 में प्रावधान है कि भ्रष्टाचार अथवा देश के प्रति अविश्वास के लिए बर्खास्त सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को 5 साल तक अयोग्य घोषित किया जाता है।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्ते में चुनाव आयोग से ऐसे दागी नेताओं की लिस्ट मांगी है जिन पर से आयोग ने चुनाव लड़ने से बैन के पीरियड को कम कर दिया था या हटा दिया था। साथ ही याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय से कहा कि वह चुनाव आयोग से जानकारी मिलने के दो हफ्ते के भीतर अपना जवाब दाखिल करें। अश्विनी उपाध्याय ने 2016 में ही यह याचिका दाखिल की थी, लेकिन सरकार की हीलाहवाली और टालमटोल रवैये के कारण मामला अभी तक परिणति तक नहीं पहुंच पाया है। सवाल उठता है कि जो सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच के उस फैसले को अध्यादेश के जरिये पलट देने की सामर्थ्य रखती हो जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की सहभागिता को अपरिहार्य माना गया था, उस सरकार को सजायाफ्ता नेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने पर इतनी दिक्कत क्यों हो रही है? कहना न होगा कि देश की राजनीति और कानून निर्माण प्रक्रिया में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की उपस्थिति का लोकतंत्र की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। चुनावी प्रक्रिया में काले धन का प्रयोग काफी अधिक बढ़ जाता है। इससे राजनीति में प्रवेश करने वाले अपराधी सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं और नौकरशाही, कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका सहित अन्य संस्थानों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। क्या सरकार ऐसा नहीं चाहती कि राजनीति से अपराधियों का सफाया हो अथवा सरकार में बैठे लोग कहीं अपने भविष्य को लेकर आशंकित तो नहीं हैं। नेताओं को यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि देश की जनता यह सब देख रही है। इतिहास गवाह है कि जनता जिस तेजी से किसी को सिर पर बैठाती है जायज वजह मिलने पर उससे दुगनी गति से सत्ता से च्युत भी कर देती है। भारत देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र लोकलाज से चलता है न कि हठधर्मिता से। हमारे नेताओं को यह बात समझनी ही होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

सियासत
आलोक शुक्ला



# प्रस्तावित लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन को लेकर टकराव

भारत में इस समय 2026 में प्रस्तावित लोक सभा क्षेत्रों के परिसीमन पर काफी टकराव चल रहा है। परिसीमन एक संवैधानिक अनिवार्यता है, परन्तु दक्षिण भारत में इसका भारी विरोध हो रहा है। भारत का संविधान कहता है कि प्रत्येक व्यक्ति के वोट का मूल्य एक बराबर होना चाहिए। इसीलिए लोक सभा और राज्यों की विधान सभाओं में जनसंख्या के आधार पर सीटों की संख्या का निर्धारण किया जाता है। परिसीमन के द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण भी किया जाता है। भारत में वर्ष 1951, 1962 एवं 1972 में परिसीमन किया गया था। इसके अनुसार एक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 10 लाख की जनसंख्या है। आपातकाल के दौरान संविधान (42 वां संशोधन) अधिनियम, 1976 पारित हुआ जिसके द्वारा वर्ष 2000 के बाद की जनगणना तक के लिए लोक सभा में सीटों की संख्या को फ्रीज़ कर दिया गया। सन् 2002 में वाजपेयी की सरकार ने लोक सभा सीटों की संख्या पर फ्रीज़ को 2026 तक के लिए बढ़ा दिया था। प्रस्तावित परिसीमन को लेकर सबसे बड़ी चिंता यह है कि इससे दक्षिण भारत के राज्यों में लोक सभा की सीटें कम हो जाएंगी। दक्षिण का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा और राष्ट्रीय निर्णयों में उनकी भूमिका कम होती जाएगी। दक्षिण में उत्तर की तुलना में विकास अधिक हुआ है। दक्षिण की प्रति व्यक्ति आय अधिक है, स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना सभी क्षेत्रों में दक्षिण अधिक विकसित है। इसी कारण दक्षिण में जनसंख्या नियंत्रण बेहतर हुआ है और वहां की जनसंख्या अनुपातिक रूप से उत्तर की अपेक्षा बहुत कम हो गई है। केन्द्रीय करों की वसूली में दक्षिण का अनुपात उत्तर की तुलना में कहीं अधिक है। दक्षिण को लगता है कि यह उनके साथ अन्याय है। उनका कहना है कि दक्षिण के राज्य कब तक उत्तर की अक्षमता का बोझ उठाते रहेंगे। लोक सभा में दक्षिण का प्रतिनिधित्व वर्तमान में 24% है, वह इस परिसीमन के बाद घटकर 19% हो जाएगा। हाल ही में नागपटनम में तामिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इसी बात को रेखांकित करने के लिए लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान तक कर डाला। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा है कि परिसीमन से दक्षिण भारत के किसी भी राज्य की एक भी सीट कम नहीं होगी। परन्तु उनकी बात का कोई खास असर दक्षिण भारत के राज्यों में नहीं हो रहा है। उन्हें लगता है कि भी जनसंख्या के आधार पर किए गए परिसीमन में दक्षिण के राज्यों की सीटों में आनुपातिक कमी आएगी।

2026 के जनसंख्या प्रोजेक्शन के आंकड़ों के आधार पर अनुमान है कि इस परिसीमन से उत्तर प्रदेश की सीटों की संख्या वर्तमान 80 से बढ़कर 143 हो जाएंगी और बिहार की सीटों की संख्या वर्तमान 40 से बढ़कर 79 होगी। वहीं तमिल नाडु की वर्तमान 39 सीटों में केवल 10 सीटों की ही वृद्धि होगी। तामिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने 5 मार्च को परिसीमन के मुद्दे पर एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें 60 से अधिक दलों ने भाग लिया। भारतीय जनता पार्टी ने इस बैठक का बहिष्कार किया। इस बैठक में दक्षिण के राज्यों को 2026 की जनसंख्या के आधार पर प्रस्तावित परिसीमन का विरोध करने के लिए संगठित होने का आह्वान किया गया और 1971 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करने की मांग की गई। भारत में 2011 की जनगणना के बाद कोई जनगणना नहीं हुई है। 2021 की जनगणना कोविड महामारी के कारण स्थगित कर दी गई थी। इस कारण हमारे पास जनसंख्या के आधिकारिक आंकड़े ही नही हैं। अभी तक सरकार ने इस बात की घोषणा नहीं की है कि अगली जनगणना कब होगी। कई पार्टियां जातिगत जनगणना की मांग भी कर रही हैं। नए परिसीमन का संबंध लोक सभा में महिला आरक्षण के लागू होने से भी है। नए संसद भवन में 888 सीटें बनाई गई हैं। यह भी इस बात का संकेत है कि नए परिसीमन में लोक सभा की सीटें बढ़ने की संभावना है। लंबे समय के सुधारों के रूप में भारत को शायद वित्तीय शक्तियों के विकेंद्रीकरण के बारे में भी सोचना होगा। केन्द्र द्वारा एकत्रित किए जाने वाले करों में राज्यों का हिस्सा बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए। ऐसा करने से लोक सभा में कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों को भी अपने विकास का पूरा मौका मिलेगा और वे शायद परिसीमन की कुछ कम चिंता करेंगे। संवैधानिक विशेषज्ञ और सभी राजनीतिक दल यदि मिलकर इस समस्या का हल खोजेंगे, तो कोई न कोई हल ज़रूर मिलेगा। टकराव और अलगाव की राजनीति से देश का भला नहीं हो सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल!



संकलित
दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है। राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

# जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## सटाका




## आज की पाती

### अनिद्रा रोग की जकड़ में 2037 का भारत

पाश्चात्य जीवन शैली की नकल में वर्तमान भारतीय संस्कृति इतनी भ्रष्ट व बेईमान हो चुकी है कि भरोसा नाम की कोई चीज ही नहीं बची। भारत सारी दुनिया में विश्व गुरु बनने की राह पर प्रगतिशील है, मगर विकास यात्रा के नाम पर विदेशों का कचरा भी भरा जा रहा है। इस बदलते हुए वातावरण में आदमी का जीवन स्तर पहले से ज्यादा बेहतर हुआ, मगर हम असली-नकली का अंतर करने में फेल हो रहे हैं। हर माल का डुप्लीकेट पहुंच गया है। आज के दौर में हर इनसान का आहार तक नकली हो गया है, फिर धर्म की रक्षा कौन करेगा? नई-नई बीमारियां फैल रही हैं, कोरोना के बाद अब आशंका है कि अनिद्रा की बीमारी वैश्विक महामारी का रूप धारण कर लेगी। वर्ष 2037 तक भारत भी इससे प्रभावित होगा, अतः इसकी रोकथाम के लिए अभी से कारगर योजना का निर्माण शुरू हो जाना चाहिए। *-प्रकाश सोलंकी, गरियाबंद*

## ट्रेंड

### रक्षा क्षेत्र में प्रतिबद्धता



लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एमके1ए के लिए पहला रियर फ्यूज़लेज हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को सौंपा गया। यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति और रक्षा क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।
-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### पौधरोपण में योगदान दें



प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में पौधा रोपा। पेड़-पौधे प्रकृति की अनमोल धरोहर व पर्यावरण के संरक्षक हैं। आप भी विभिन्न अवसरों पर पौधरोपण कर धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान दें।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### वोटर लिस्ट में गड़बड़ी



महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक महीने से अधिक हो गया है। मगर पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग से हमने जो मांगें की थीं, वो अब तक पूरी नहीं की गई हैं। सवाल आज भी वैसे ही बने हुए हैं।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### भारतीय टीम को बधाई



भारतीय क्रिकेट टीम ने फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी को जीतकर मां भारती का मान बढ़ाया है। इस ऐतिहासिक सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई!
-विजेंदर सिंह, बॉक्सर

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने समुद्र में दागी कई बैलिस्टिक मिसाइलें

दक्षिण कोरिया की सेना ने दावा किया है कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को कई बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र में दागी है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू होने के कुछ घंटों बाद यह मिसाइलें दागी गयीं। उत्तर कोरिया इस अभ्यास को अतिक्रमण के पूर्वाभ्यास के तौर पर देखता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि उत्तर कोरिया के ह्वांगहे प्रांत से मिसाइल दागी गयीं, लेकिन उन्होंने यह खुलासा नहीं किया कि मिसाइलें कितनी दूर तक गईं। दक्षिण कोरिया और अमेरिकी सैन्य बलों ने अपना वार्षिक फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट अभ्यास शुरू किया है जो ग्यारह दिनों तक चलेगा।



हालांकि, इससे पहले दक्षिण कोरिया की वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों की गलती से नागरिक क्षेत्र में बमबारी करने की घटना के कारण लाइव-फायर प्रशिक्षण को रोक दिया गया था। दक्षिण कोरिया ने इस मामले की जांच की। उत्तर कोरिया ने इन सैन्य अभ्यासों की कड़ी निंदा करते हुए एक सरकारी बयान में इसे खतरनाक बताया।

## ऑफ बीट

# सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है

बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# ठगी के कॉल सेंटर से लाखों की वसूली करने वाला निलंबित एएसआई पवन का नहीं लग सका सुराग

### स्कॉर्पियो और टाटा पंच वाहन से पहुंचा था नादरा बस स्टैंड, गाड़ी वालों ने पूछताछ में बताया कि उन्हें नहीं पता कहां गया एएसआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ठगी के कॉल सेंटर में आरोपियों को बचाने के एवज में 5 लाख रुपए की रिश्वत लेने वाले आरोपी निलंबित एएसआई पवन रघुवंशी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। आरोपी घर से ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो में निकला था। इसके बाद चेतक ब्रिज पर पहुंचने के बाद टाटा पंच वाहन में बैठकर नादरा बस स्टैंड पहुंच गया। वहां से आरोपी कहां गया किसी को पता नहीं है। दरअसल पुलिस ने दोनों वाहनों को ट्रैस कर लिया है। उनके मालिक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उन्हें नहीं पता कि एएसआई पवन सेन ने क्या किया है। उन्हें पवन ने छोड़ने का कहा था और उन्होंने उसे छोड़ दिया। पुलिस का अनुमान है कि आरोपी पवन रघुवंशी नादरा बस स्टैंड से किसी बस में बैठकर फरार हुआ है। पवन रघुवंशी का मोबाइल पुलिस ने जांच के लिए जब्त कर लिया था। लिहाजा उसकी लोकेशन भी ट्रैस नहीं हो रही है। आरोपी पवन रघुवंशी भ्रष्टाचार अधिनियम में दर्ज हुए मामले में मुख्य आरोपी है। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में जुटी हुई हैं।



उल्लेखनीय है कि 22 फरवरी को प्रभात चौराहा पर एटीसी कंपनी के कॉल सेंटर पर ऐशबाग पुलिस ने छापा मारा था। छापे की कार्रवाई में तत्तकालीन एएसआई पवन रघुवंशी और थाना प्रभारी जितेंद्र गढ़वाल से मीडियाकर्मी ने संपर्क किया। इस दौरान दोनों छापामार कार्रवाई को रुटीन कार्रवाई और किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं होने की बात कही थी।

### मामला आलाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद हुई थी कार्रवाई

मामला आलाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद छापामार कार्रवाई के सातवें दिन पुलिस ने कॉल सेंटर संचालक अफजल और उसकी बेटी साहिबा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। उस समय अफजल के परिवार के अन्य लोगों के अपराध में नाम नहीं थे। लिहाजा अफजल के साले मुईन ने टीकमगढ़ से पार्षद अंशुल जैन के जरिए डील कराई। डील के तहत अंशुल जैन पांच लाख रुपए लेकर एएसआई पवन के घर पहुंचा। इसकी जानकारी लगते ही पुलिस अधिकारियों की टीम ने बुधवार सुबह पवन के घर पर छापामार कार्रवाई की थी। पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र ने टीआई समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। बुधवार रात देर रात निलंबित टीआई जितेन्द्र गढ़वाल, एएएसआई मनोज सिंह, धर्मेंद्र, पवन रघुवंशी के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बादसे ही पवन रघुवंशी फरार है।

### टीआई और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई से सटोरियों में खुशी

ठगी के कॉल सेंटर मामले में थाना प्रभारी जितेंद्र गढ़वाल के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद अब इलाके के सटोरिए, अपराधी खासे खुश नजर आ रहे है। सभी मौके के फायदा उठाने में लगे हैं। यहां रहने वाले सटोरिए ने थाना प्रभारी जितेन्द्र गढ़वाल की तरफ से की गई कार्रवाई को झूठा बताने के लिए कोर्ट में आवेदन लगा दिया, जबकि अन्य कोर्ट में आवेदन कर रहे हैं। आपराधिक गतिविधियों में लिप्त एक परिवार ने आरोप लगाए कि थाने के पुलिसकर्मियों ने जुआ संचालक से हफ्ता वसूली के लिए दबाव बनाया गया। पैसा नहीं देने पर फरहान खान नामक युवक पर चरस तस्करी का झूठा आरोप लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फरहान की पत्नी रेशमा ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर कराया है।

## बालिका के अपहरण दुष्कर्म और हत्या का आरोपी दोषी करार

**भोपाल।** 5 वर्षीय अबोध बालिका का अपहरण करने के बाद दुष्कर्म कर उसकी जघन्य हत्या करने के सनसनी खेज मामले के आरोपी अतुल निहाले मिटाने की आरोपी उसकी मां बसंती बाई तथा बहन चंचल भालसे को विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने सोमवार को दोषी ठहराया है। विशेष ने बुधवार के लिए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अभियोजन के अनुसार 24 सितंबर को 5 वर्षीय अबोध बालिका का अपहरण करने के बाद दुष्कर्म कर उसकी जघन्य हत्या कर दी गई थी। बालिका का शव उसी की मल्टी के एक बंद फ्लैट में मिला था। अज्ञात आरोपी द्वारा बालिका की दुष्कर्म करने के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी।

## खबर संक्षेप



### भागवत कथा में पहुंचे पटवा, लिया आशीर्वाद

**औबेदुल्लागंज।** ग्राम गेहूंखेड़ा में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं रूद्र यज्ञ शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सोमवार को विधायक सुरेंद्र पटवा भी शामिल हुए। इस अवसर पर पटवा ने कथावाचक पंडित जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पटवा ने कहा कि भागवत कथा करना एवं भागवत कथा में बताए हुए कथनों पर मानव चले तो जीवन सफल हों सकता है। इस दौरान तेज सिंह नागर, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, सुरजीत सिंह बिल्ले आदि लोग मौजूद रहे।

### भगवान श्रीराम के विवाह की सुनाई कथा



**औबेदुल्लागंज।** नगर में चल रही श्रीराम कथा में कथा वाचक रितिका नागर ने भगवान श्रीराम के विवाह एवं बारात के अयोध्या आगमन पर स्वागत का वर्णन किया। इसके बाद भगवान श्री राम के वनवास और केवट मिलन की कथा सुनाई। सोमवार को श्री मानस मंडल एवं सेम केबल के सदस्यों द्वारा श्रीराम दरबार भेंट किया गया। इस अवसर पर मानस मंडल के बाबूलाल, अरविन्द राय, राजकुमार, संतोष गुप्ता, सुरेश काका, संदीप माहेश्वरी, मुकेश श्रीवास्तव, लोकेश वर्मा, अनिल नागर, प्रमोद मालवीय, आरती यादव, गोपाल विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

### श्याम रंग में रंगे खाटू श्याम के दीवाने



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में फागुन एकादशी के इंडस रियलिटी कॉलोनी स्थित श्रीखाटूश्याम मंदिर में देर शाम फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इसके पूर्व श्रद्धालुओं ने राधेकृष्ण मंदिर से निशान यात्रा निकाली, जिसमें झंडा निशान चढ़ाकर अपनी मनोकामना पूर्ति की कामना की। भगवान खाटू श्याम की महा आरती के साथ उन्हें 56 भोग अर्पित किए गए। शाम को महा आरती और छप्पन भोग लगाने के बाद भजन संध्या और फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मण्डल के संजय अग्रवाल ने बताया कि भोपाल की भजन गायक स्वाति किशोरी व चंचल घाटी ने आज ब्रज में होली रे रसिया जीत गया तो श्रद्धालु झूम उठे और एक दूसरे से फूलों की होली खेली।

### बड़ी मात्रा में जब्त की अवैध शराब



**औबेदुल्लागंज।** ग्राम बिनेका, बोरपनी, बेगमगंज स्थित ग्राम गोरखी में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब कारोबारियों पर दबिश देकर 12 प्रकरण दर्ज किए। साथ ही 7 लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया। इस कार्यरवाई में 290 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब, 55 पाव अंग्रेजी शराब, 100 पाव देसी शराब, 14 बोतल बियर जब्त की। वहीं करीब 2750 किलो महुआ लहान का सैंपल लेकर मौके पर ही नष्ट किया गया, जिसका मूल्य 303250 रुपए बताया गया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9405 | | |
| दिन: | 789 | 49 | 568 |
| रात: | 569 | 02 | 480 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 348 | 53 | 689 |
| रात: | 470 | 11 | 119 |

### हथाईखेड़ा में पर्ल होटल के बगल से बने सीसी रोड पर हुआ हादसा

# परीक्षा देकर घूमने निकली छात्रा की एक्टिवा डिवाइडर से टकराई, हुई मौत; दोस्त घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित मून फोर्ड स्कूल रोड के पास हथाईखेड़ा नए रोड पर सोमवार दोपहर एक्टिवा अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसी। इस हादसे में 17 साल की छात्रा की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त घायल हुआ है। हादसे के समय छात्रा परीक्षा देने के बाद अपने दोस्त के साथ घूमने के लिए निकली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



पुलिस के अनुसार हथाईखेड़ा रोड निवासी अनुष्का यादव (17) की सोमवार को परीक्षा थी। परीक्षा देने के बाद दोपहर करीब 3 बजे वह एक्टिवा से अपने दोस्त रितिक के साथ घूमने निकली थी। उसी दौरान मून फोर्ड स्कूल रोड पर एक्टिवा असंतुलित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में छात्रा के सिर में गंभीर चोट आई थी। उसका दोस्त भी घायल हुआ था। थाना प्रभारी उमेश चौहान ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी। दोस्त रितिक ने पुलिस को बताया कि एक्टिवा उसकी दोस्त अनुष्का चला रही थी। उसने अनुष्का से कहा भी था कि एक्टिवा आराम से चलाओं, लेकिन वह एक्टिवा तेजी से और लहराते हुए चला रही थी।

### टीबी की बीमारी से दस साल की बच्ची की मौत

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित सेवा सदन के पास रहने वाली दस साल की बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि बच्ची को टीबी की बीमारी थी और उसका जय प्रकाश अस्पताल में इलाज चल रहा था। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार राकेश पटेल सेवा सदन के पास टीटी नगर में रहते हैं और घर में किराना दुकान चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके दो बच्चे थे। बड़ा बेटा है, जबकि छोटी बेटी दस साल की गुनगुन थी। गुनगुन को टीबी की बीमारी थी। वह काफी कमजोर हो गई थी। उसका जय प्रकाश अस्पताल में इलाज चल रहा था। तबीयत में सुधार होने के कारण परिजन उसे घर ले आए थे। रविवार देर रात उसकी एकाएक तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर जय प्रकाश अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने बताया कि गुनगुन कक्षा पांचवीं में पढ़ती थीं।

## जंबूरी मैदान में प्लांटेशन के पास युवक की मिली जली हुई लाश

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित जंबूरी मैदान में प्लांटेशन के पास सोमवार सुबह एक युवक की जली हुई लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो युवक के पेट में आग लगी हुई थी, बाकी का हिस्सा जल चुका था। आग बुझाने के बाद पुलिस ने एफएसएल की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। एफएसएल की टीम शव देखा और अपने ओपिनियन में इसे आत्मदाह बताते हुए पीएम रिपोर्ट का हवाला दिया है। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। जलने के कारण मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे नाबालिग चरवाहा भैंस चराने जंबूरी मैदान पहुंचा। इस दौरान प्लांटेशन के पास उसे धुंआ उठता हुआ दिखा। वह पास पहुंचा तो उसे एक युवक जलता हुआ नजर आया। उसने तत्काल मुख्य सड़क पर पहुंचकर कुछ लोगों को बताया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही आनंद नगर चौकी प्रभारी संतोष रघुवंशी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। रघुवंशी ने बताया कि जिस समय वह पहुंचे तो उस समय युवक के पेट में आग लगी हुई थी, बाकी हिस्से की आग झुलसने के बाद बुझ गई थी। पेट वाले हिस्से की आग बुझाई गई। मामला संदिग्ध लगने के कारण एफएसएल की टीम को बुलाया गया। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने अपना ओपिनियन देते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया युवक ने खुद को आग लगाई है। हालांकि टीम का कहना था कि पीएम रिपोर्ट में पता चल सकेगा कि उसने आत्महत्या की है या फिर उसे किसी ने आग लगाई है। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इसके बाद अलग-अलग पहलुओं पर जांच की जाएगी।

**एफएसएल की टीम ने किया निरीक्षण, आत्मदाह की जताई आशंका**



## लख्मीचंद व मोहनलाल म्यूजिक पार्टी ने सिंधी भगत से समा बांधा

### भंडारे के साथ विक्रमादित्य महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

पिछले 60 साल से चैत्र माह मनाए जाने वाले राजा वीर विक्रमादित्य जयंती इस बार भी 61वें साल उत्साह एवं परंपरागत ढंग से मनाई गई।

चार दिवसीय विभिन्न धार्मिक क्रार्यक्रमों का सोमवार को विश्व शांति, मानव कल्याण, कारोबार में वृद्धि एवं आम भंडारे के साथ समापन्न हुआ। इससे पूर्व बीती रात लगभग 12 बजे दक्षिण पश्चिम के भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी ने उपस्थित होकर उल्हासनगर के जाने माने सिंधी भक्ति गीत गायक मोहनलाल एंड पार्टी की सिंधी भगत का आनंद लिया। सिंधी धार्मिक गीतों पर खूब नाचे और राजा वीर विक्रमादित्मय मंदिर में मत्था टेका व आशीर्वाद लिया। इस दौरान महोत्सव समिति के अध्यक्ष किशोर तेजवानी ने उनका परंपरागत ढंग से स्वागत एवं सम्मान किया। इससे पूर्व कोटा के मशहूद सिंधी भगत जख्मीचंद म्यूजिकल पार्टी ने भी सिंधी भगत से समा बांधा।

### समापन पर खूब थिरके गणमान्य लोग

सोमवार सुबह तक जारी रही सिंधी भगत का दौर 12 बजे समाप्त हुआ। इससे पूर्व मानव कल्याण, विश्व शांति एवं सुख समृद्धि व कारोबार में वृद्धि के लिए प्रार्थना एवं पल्लव का आयोजन किया गया, जिसमें किशोर तेजवानी के अलावा पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चादंवानी, सिंधी सेंट्रल पंचायत महासचिव सुरेश जसवानी के अलावा जेठानंद मूलचंदानी, नंद दादालानी, जानी मूलचंदानी, पुरुषोतम हरचंदानी, मंघाराम मेंघवानी, जानकीदास भारानी, हरीश लालवानी, भोजराज मोतियानी, रमेश म्यूजिकल पार्टी के अलावा अनेक गणमान्य नागरिक ने भाग लिया। बाद में स्व. प्रेमचंद तेजवनी सभागार में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें 500 से अधिक महिला एवं पुरुषों ने भोजन ग्रहण किया।



### बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर के अध्यक्ष बने खटीक

**औबेदुल्लागंज।** हिंदू उत्सव समिति में प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक को सर्वसम्मति से व्यापारी महासंघ के बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

बंटी तिवारी, अशोक जायसवाल, कैलाश डब्बू नागर, सोनू अग्रवाल, पंकज नागरानी, गगनप्रीत, प्रमोद सराठे, आदित्य खटीक, रितिक खटीक, अमित राय, मिंटू प्रदीप अरोड़ा, गिरीश चावला, नीरज वासवानी, संतोष गुप्ता, बंटी जोशी, मौनी नागर, राकेश बिट्टू वासवानी, विक्रम धाड़ी, कमलेश लोधी, राहुल महेश्वरी, कमल मालवीय, नीटू अरोरा, अर्जुन दास अरोरा, नीरज चावला ने खटिक को बधाई दी है।

### संत नगर में संयुक्त रूप से निकलेगी शोभायात्रा

## चैतीचांद पर मुंबई के जतिन सहित कई कलाकार देंगे रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भगवान झूलेलाल का अवतरण दिवस चैतीचांद पर्व बडे ही हर्ष एवं उल्लास के साथ में मनाया जाएगा। चैतीचांद की तैयारी को लेकर गत दिवस एक बैठक सिंधु समाज भवन में रखी गई है। इस बार भी पूरे संत नगर में संयुक्त रूप से शोभायात्रा निकाली जाएगी। झूलेलाल कल्याण मंडलम एवं सिंध एकता युवा समिति सीआरपी से सहमति ली गई है।

चैतीचांद कार्यक्रम संयोजक कन्हैयालाल इसरानी ने बताया कि इस वर्ष भगवान झूलेलाल का अवतरण दिवस 30 मार्च को शाम 4 बजे पूज्य बहिराणा साहिब की जोत प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। शाम 5 बजे



भगवान झूलेलाल की भव्य शोभा यात्रा सिंधु समाज भवन से निकाली जाएगी। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान झूलेलाल की झांकी के साथ संत महात्माओं की झाकियां आकर्षण का केंद्र बिंदु रहेगी। 31 मार्च सोमवार को भव्य सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रात्रि 8 बजे हेमू कालाणी दशहरा मैदान संत हिरदाराम नगर में रखा गया है। मुंबई के जतिन साथी कलाकारों के साथ रंगारंग प्रस्तुतियां पेश करेंगे।



### दुकानदारों ने हटाया अपना अतिक्रमण

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद की मुनादी के बाद सोमवार को व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों के सामने बने शेड स्वयं ही हटा लिए। एसडीएम ने विगत दिनों नगर को सुंदर बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे।

नगर परिषद द्वारा अतिक्रमणधारियों को अपने-अपने अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस भी दिया था। वहीं ओवर ब्रिज के उस तरफ सिंचाई विभाग कॉलोनी के आसपास भी बड़ी संख्या में अतिक्रमण किया गया है, जिससे हटाने की मांग की गई है।



## महिला दिवस और होली मिलन समारोह में दी कई प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पवित्र कौर के नेतृत्व में जगमीत रिसॉर्ट पर सोमवार को महिला दिवस और होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने कई प्रस्तुतियां दी।

इस अवसर पर पवित्र कौर ने बताया कि महिला अपने आप में एक शक्ति का रूप है। समाज को पूर्ण करने का काम महिला ही करती है। घर हो या व्यापार या फिर किसी भी अन्य क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी मेहनत से मुकाम हासिल किया है। इस अवसर पर पवित्र कौर, रजनी कौर, राजविंदर कौर, गुरनाम कौर, शालू जसविंदर कौर, मनजीत कौर, सतबीर कौर, रविंदर कौर, अमृत कौर, नेहा प्रदुमन कौर, निर्भर कौर, रसप्रीत कौर, हरकीरत कौर, तरनजीत कौर, दमन जसमीत कौर, मनविंदर कौर आदि बहनों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली खेलीं।

## दो बड़े बकायादारों की प्रॉपर्टी कुर्क

**भोपाल।** नगर निगम ने संपत्ति कर, जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन करों का भुगतान न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को वार्ड 46 के विट्टन मार्केट अरेरा कॉलोनी और वार्ड 28 4/9 संजय कॉम्प्लेक्स में बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए संपत्तियां कुर्क की।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश पर वार्ड 46 के अमले ने विट्टन मार्केट अरेरा कॉलोनी स्थित ई-5/13 पर बकाया राशि 63 हजार 754 रुपए का भुगतान नहीं पर संपत्ति कुर्क की गई। साथ ही वार्ड 28 के 4/9 संजय कॉम्प्लेक्स के भवन स्वामी महेश झावर पर संपत्तिकर के 62 हजार 303 रुपए बकाया होने पर संपत्ति कुर्क की।

### जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया ने किया ग्राम पंचायातों का औचक निरीक्षण

# आंगनबाड़ी भवन निर्माण में वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर दो पंचायत सचिव को किया तत्काल प्रभाव से निलंबित

◆ कार्यपाल यंत्री सहित उपयंत्री को जारी किया चेतावनी पत्र

### तीन आंगनबाड़ी भवनों की बिना निर्माण कार्य किए लिए निकाले 8.18 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्राम पंचायत मानपुर के ग्राम सुनहरा टोला, बरनीजागीर एवं मानपुर के आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के लिए प्रत्येक भवन के लिए राशि 11 लाख 22 हजार रुपए रुपए प्रशासन ने स्वीकृति दी थी। जारी की गई राशि में से तीन आंगनबाड़ी भवनों के बिना निर्माण कार्य किए बना ही सचिव ने 8 लाख 18 हजार रुपए निकाल कर दुरुपयोग किए जाने पर कार्रवाई करते हुए जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायसेन द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया है एवं राशि को शीघ्र ही शासकीय कोष में जमा करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा न ही राशि जमा की गई और न ही कारण बताओ सूचना का कोई उत्तर प्रस्तुत किया, जिस पर पंचायत सचिव गिरजेश शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की गई एवं ग्राम पंचायत की सरपंच आरती राय को धारा 92 के तहत वसूली की राशि जमा करने के निर्देश जारी किए गए हैं।



वित्तीय अनियमित की राशि 5.27 लाख का आहरण कर राशि कर दुरुपयोग करने पर पंचायत सचिव कोक सिंह को भी निलंबित किया है। जनपद पंचायत सांची के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मऊपथरई के सचिव कोक सिंह द्वारा ग्राम पंचायत के ग्राम सुंड, पुरामुगलिया में तीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण से पहले ही राशि का आहरण करने की शिकायत जिला कार्यालय को प्राप्त हुई थी। जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायसेन के द्वारा सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी कर राशि को तीन दिवस में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। कोक सिंह द्वारा न ही आहरित राशि को कोष में जमा किया गया और न ही उक्त कारण बताओं नोटिस का कोई उत्तर प्रस्तुत किया गया, बल्कि अपनी गलती छिपाने के लिए आनन फानन में सचिव के द्वारा भवन का कार्य प्रारंभ किया गया, जिसमें गुणवत्ता हीन सामग्री का उपयोग किया जाना पाया गया, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव को निलंबित किया गया है। ग्राम पंचायत की सरपंच भूरी बाई को धारा 92 के तहत पत्र जारी कर वसूली कि राशि जमा करने के निर्देश जारी किए हैं। वहीं इस मामले में उपयंत्री विनोद नायक एवं कार्यपालन यंत्री शरद कुमार तंतुवाय ग्रामीण को भी चेतावनी पत्र जारी किया गया। इस अवसर पर अंजू पवन भदोरिया ने कहा कि पंचायतों में अनियमितताएं और भ्रष्टाचार सहन नहीं होगा।

## सेवा सदन की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. प्रेरणा अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित



**संतनगर।** भारतीय वायु सेना के पूर्व एअर मार्शल डॉ. पवन कपूर ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. प्रेरणा उपाध्याय को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुंबई में पायोनियर वुमेन ऑफ प्रोग्रेस अंतराष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया। डॉ. प्रेरणा ने विगत 30 वर्षों में संत हिरदाराम नगर भोपाल स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में एक लाख से भी अधिक नेत्र रोगियों के सफल ऑपरेशन किए हैं। इसके अलावा उन्होंने वर्ष 1994 से अब तक मध्यप्रदेश में सर्वाधिक 2200 से अधिक नेत्र प्रत्यारोपण भी किए हैं। अंतर्राष्ट्रीय सेवा संस्थान सिक्स सिगमा ने डॉ. प्रेरणा के जीवनकालिक योगदान के लिए उन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया। डॉ प्रदीप भारद्वाज, फॉदर ऑफ माउंटेन मेडिसिन के सीईओ एवं सिक्स सिगमा अवॉर्ड की डायरेक्टर अनीता भारद्वाज द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## खबर संक्षेप

### 2025 की टॉप 10 गेम चेंजर महिलाओं में शामिल हुईं डॉ. मधु

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत डॉ. मधु शर्मा को 2025 की भारत की टॉप 10 गेम चेंजर महिलाओं में शामिल किया गया है।



यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिया गया। इस सूची में ईशा अंबानी, फाल्गुनी नायर और त्रिप्ति डिमरी जैसी जानी-मानी महिलाएं भी शामिल हैं। डॉ. मधु शर्मा एक समाज सेविका हैं। वे झुग्गी बस्ती में बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के साथ निःशुल्क बच्चों को अंग्रेजी व अन्य विषयों को सिखाती हैं। दिव्यांगजनों के लिए ऑडियोबुक्स रिकॉर्ड करती हैं। पिछले दो दशक से भी अधिक समय से ये गांव-गांव जाकर बच्चों के लिए काम करती हैं।

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन 31 मार्च तक

**भोपाल।** शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों एवं विश्व विद्यालयों में नियमित रूप से अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023- 24 के लंबित आवेदन एमपीटास पोर्टल पर 20 मार्च 2025 तक भर सकेंगे। इसके बाद 2023- 24 की लिंक बंद हो जाएगी। इसी प्रकार वर्तमान सत्र 2024- 25 की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने या आवेदन में कोई भी असुविधा होने पर कार्यालय कलेक्टर सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण भोपाल में कार्यालयीन समय में संपर्क अथवा मेल कर सकते हैं।

### अलर्टः शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं

**भोपाल।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं को अलर्ट किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट हो रहा है तो उसे हल्के में न लें, बल्कि तुरंत इलेक्ट्रीशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। ऐसे में जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, ताकि शार्ट सर्किट से होने वाली हानियों से बचा जा सके।

### मानसिक संतुलन बिगड़ने पर बबूल के पेड़ से लगाई फांसी

**भोपाल।** गुनगा थाना क्षेत्र स्थित जैतपुरा में एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी लाश घर के पास बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना रविवार सुबह की बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि रघुवीर चौकसे (56) ग्राम जैतपुरा गुनगा में रहते थे और खेती किसानी करते थे। रविवार सुबह परिजन ने उनकी लाश घर के आंगन में बबूल के पेड़ पर लटकी देखी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजन ने पूछताछ में बताया कि तो पता चला कि रघुवीर चौकसे का मानसिक संतुलन कुछ दिनों से बिगड़ा हुआ था।

---

एयरपोर्ट क्षेत्र, कलिया सोत, केरवा डेम, बर्रीखेड़ा और सूखी सेवनिया में बनेंगे वन

# पांच जगहों पर बनेंगे नए वन क्षेत्र, दो लाख पौधे लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहली बार बारिश की जगह गर्मियों में जिले में पांच जगहों पर घने वन डेवलप किए जाएंगे। जिसके लिए जगहों को चिन्हित कर लिया गया है। एयरपोर्ट क्षेत्र, कलिया सोत, केरवा डेम, बर्रीखेड़ा और सूखी सेवनिया की गौशाला के आसपास नए वन क्षेत्र बनेंगे। जिसके लिए इन इन जगहों पर डेढ़ लाख पौधे लगाए जाएंगे।

इन जगहों पर चार से पांच फीट लंबाई वाले पौधों को लगाया जाएगा। यह पौधे मियावाकी तकनीक से घन वन विकसित किए जाएंगे। जिला




प्रशासन और निजी संस्था मिलकर ग्रामीण क्षेत्र में 50 हजार पौधे और शहरी क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख पौधे लगाएगा। इसके लिए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सोमवार को बैठक लेते हुए अधिकारियों को स्थान चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए ग्राम कजलीखेड़ा, आदमपुर छावनी लैंड फिल साइट, जंबूरी मैदान, बीएचएचईएल प्लांटेशन साइट की गैप फिलिंग, कलियासोत नदी के किनारे दोनों तरफ, कैरियर कालेज के पीछे, सूरज नगर, बड़ा तालाब, छोटा तालाब के समीप, एयरपोर्ट क्षेत्र, पक्षी विहार काली बाड़ी, बरखेड़ा पठानी, भानपुर नाले से लगकर, छोटा तालाब डांडी पार्क, प्रियदर्शिनी पार्क, लहारपुर डेम के पास, चिरायु के सामने भैंसाखेड़ी और पुलिस प्रशिक्षण अकादमी भौंरी कान्हा सैया में पौधारोपण किया जाएगा।

#### यहां अपनाई जाएगी मियावाकी तकनीक

जिले में मियावाकी तकनीकी से पांच स्थानों पर घने वन विकसित करने के लिए भोपाल एयरपोर्ट क्षेत्र, कलिया सोत, केरवा डेम, बैरसिया की ग्राम पंचायत बर्रीखेड़ा और सूखी सेवनिया की गोशालाओं के स्थान चिन्हित किए गए हैं। शहर के गीले कचरे, तालाब से निकलने वाली जल कुंभी, मंदिरों से निकलने वाले फल-फूलों के वेस्ट, गोशालाओं के जैविक खाद, मृत पशुओं के शरीर का उपयोग कर वन विकसित किए जाएंगे।

#### यह है मियावाकी तकनीक

देशी वनस्पतियों के उपयोग से जमीन को बहाल करने के लिए डिजाइन की गई इस तकनीक का उद्देश्य अति सघन, जैव विविधता वाले पाकेट वन बनाना है, जो प्राकृतिक वनों की जटिलता और उन संबंधों और प्रक्रियाओं की नकल करते हैं, जो उन्हें मजबूत और लचीला बनाने में मदद करते हैं।

---

## फार्मर रजिस्ट्री के लिए आज से 3 दिन लगेंगे शिविर, 42 हजार किसानों की बनेगी आईडी

**भोपाल।** जिले में किसानों की यूनिक फार्मर आइडी बनाने में हुजूर और बैरसिया तहसील पिछड़ गई हैं। अब इन्हें बनाने के लिए 11 से 13 मार्च तक विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इसको लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सोमवार को टाइम लिमिट की बैठक के दौरान दोनों एसडीएम पर नाराजगी जताई है। साथ ही सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का निराकरण नहीं करने वाले अफसरों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**42 हजार 655 किसानों की नहीं बनी आइडीः** बैरसिया और हुजूर तहसील में 76 हजार 170 किसानों की फार्मर आइडी बनाई जाना है। इसमें से अब तक 44 प्रतिशत 33 हजार 515 किसानों की बन सकी है, जबकि 42 हजार 655 किसानों की आइडी बनाई जाना बाकि है। किसानों की तीन दिन में आइडी बनाने के लिए 11, 12 और 13 मार्च को सभी पंचायतों में शिविर लगाए जाएं।

**सीएम हेल्पलाइन पर 17 हजार 977 शिकायतें लंबितः** सीएम हेल्पलाइन पर भोपाल जिले की विभिन्न विभागों की 17 हजार 977 शिकायतें लंबित हैं। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा की तो पता चला कि यहां पर स्वास्थ्य, खाद्य और नगर निगम सहित अन्य विभागों की शिकायतें लंबित हैं। इस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 10 दिन में शिकायतों का निराकरण कर जिले को प्रदेश में प्रथम 10 जिलों में शामिल कराएं।

---

पुलिस ने किए लैपटॉप, डेस्कटॉप, पांच मोबाइल जब्त

## चैंपियन ट्रॉफी में ऑनलाइन सट्टा बुक करने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर पुलिस ने चैंपियन ट्रॉफी, भारत और न्यूजीलैंड के मैच में सट्टा बुक कर रहे पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लैपटॉप, डेस्कटॉप और पांच मोबाइल जब्त किए गए। जब्त सामान की कीमत तीन लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है।

थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मैच चल रहा था। मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा था। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि कि एचआईजी -27 जे सेक्टर अयोध्या नगर में ऑन लाइन सट्टा बुक किया जा रहा है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए मकान







पर रेड मारी तो वहां पिता-पुत्र क्रिकेट पर सट्टा बुक करते हुए नजर आए। मकान के कमरे में लैपटाप व स्क्रीन लगी हुई थी। इसके अलावा पांच मोबाइल की मदद से ऑनलाइन क्रिकेट पर सट्टा बुक लगाया जा रहा था, जिस पर मौके से ऑनलाइन सट्टा में प्रयुक्त एक पर्सनल कंप्यूटर डेल कंपनी का, पांच मोबाइल एक एलईडी टीवी मौके से जब्त की गई। आरोपियों की पहचान कमल गंगवानी पिता मंधनदास गंगवानी (50) माधव नगर समदड़िया कॉलोनी, कटनी हाल पता एचआईजी-27 जे सेक्टर अयोध्यानगर और उसके बेटे प्रतीक गंगवानी (20) के रूप में की गई।

## सिलेंडर लीकेज से भभकी आग में तीसरी मौत

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित संत आशाराम नगर में महाशिवरात्रि के दिन घर में चल रही पूजन के दौरान सिलेंडर लीक होने से एक परिवार के 11 लोग झुलस गए थे। आग सिलेंडर से गैस रिसने और कमरे में जल रहे दीप तक पहुंचने के कारण आग लगी थी। इस हादसे में खाना बना रहा युवक और पंडित जी भी झुलसे थे। झुलसने के कारण पहले परिवार की बुजुर्ग महिला फिर उनके बेटे और अब घर के बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्य का इलाज चल रहा है।

संत आशाराम नगर में रहने वाले शासकीय कर्मचारी नवल किशोर (56) के घर महाशिरात्रि पर पूजन का आयोजन किया गया था। परिजन कमरे में दीप जलाकर पूजन कर रहे थे। इसी बीच किचन में गैस सिलेंडर बदलते समय गैस लीक हो गई और गैस उस कमरे तक पहुंच गई, जहां दीप जल रहा था।

खाता इस्तेमाल करने के बाद फरार हुए आरोपी, बागसेवनिया पुलिस कर रही तलाश

## व्यापारी के खाते में किया दो करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र में एक सीमेंट कारोबारी के खाते का इस्तेमाल करते सायबर जालसाजों ने फ्रॉड की करीब दो करोड़ रुपए की रकम जमा कराते हुए निकाल ली।

आरोपियों ने कारोबारी को तमिलनाडू के कन्याकुमारी के निवेश के नाम पर भोपाल बुलवाया था। बाद में उनके बैंक खाते का एक्सिस ले लिया और दो दिन में ही करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन कर दिया। कारोबारी ने बागसेवनिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सायबर जालसाज के फ्रॉड के लिए फर्जी खातों का इस्तेमाल करते है और साइबर फ्रॉड के लिए किसी के बैंक खाते का इस तरह के इस्तेमाल करने का ये पहला मामला है। पुलिस का कहना है कि इन ट्रांजेक्शन को लेकर जांच की जा रही है। बागसेवनिया थाना प्रभारी अमित सोनी ने बताया कि शिवा नरेशन का कन्याकुमारी में सीमेंट का कारोबार है। फरवरी में उनके पास कुछ लोगों ने कॉल किया और कहा कि वो उनकी सीमेंट कंपनी में निवेश करना चाहते है।

उस दौरान उन लोगों ने शिवा से कहा कि उनके खाते में अच्छी ट्रांजेक्शन होंगे तो ही वो निवेश करेंगे जिसके लिए आरोपियों ने शिवा का मोबाइल फोन खातों की ट्रांजेक्शन को चेक करने के लिए ले लिया। अगले दिन उन्होंने मोबाइल देने की बात कही लेकिन वो फरार हो गए। शिवा के खाते में 2 करोड़ के ट्रांजेक्शन कई टुकड़ों में हुए थे। जिसमें 50 हजार, 10 हजार, 20 हजार जैसे छोटे ट्रांजेक्शन भी शामिल है।

---

## सेवा दिवस के रूप में मनाई गई माधवराव सिंधिया की जयंती



**भोपाल।** मातृछाया अनाथ आश्रम एवं आनंद धाम वृद्ध आश्रम में नीरज शर्मा के द्वारा माधवराव सिंधिया की जयंती के उपलक्ष्य में दैनिक उपयोग की जरूरत की सामग्री वितरण की गई। मातृ छाया में कार्य के प्रमुख सुधांशु मिश्रा एवं प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सोलंकी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान 12 अनाथ बच्चों को खाद्यान्न सामग्री एवं कपड़े वितरित किए गए। साथ ही आनंद धाम वृद्ध आश्रम में बजुर्गों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं और वस्त्र वितरित किए गए।

## देवी भागवत कथा में राधा-कृष्ण जन्मोत्सव...





**भोपाल।** छोटी सी किशोरी मेरे अंगना में डोले रे..ईश्वर नगर में चल रही देवी भागवत कथा में राधा-कृष्ण का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। उत्सव में बधाईयां लुटाई गईं। इसके बाद बधाई गीतों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया।

## बजरंगियों का सम्मान



**भोपाल।** राजधानी के अरेरा कॉलोनी स्थित ई-6 साईं बाबा नगर के शिव आश्रय सेवार्थ समिति ने महाशिवरात्रि की व्यवस्था में लगे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का शस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया।

---

उपमुख्यमंत्री से मिले स्वास्थ्य महासंघ के प्रतिनिधि

## स्वास्थ्य विभाग के समस्त कैडर की वेतन विसंगति करेंगे दूरः शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र कौरव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की।

सुरेंद्र कौरव ने महासंघ की 15 सूत्रीय मांगों से उप मुख्यख्मंत्री को अवगत कराकर उनके निराकरण की गुहार लगाई। उप मुख्यमंत्री ने नर्सिंग ऑफिसर का हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान, रोकी गई एक वेतन वृद्धि शीघ्र दिलवाने का आश्वासन देने के साथ स्वास्थ्य विभाग के समस्त कैडर की वेतन विसंगति को दूर करने की बात कही। साथ ही उप मुख्यमंत्री ने महासंघ के प्रतिनिधि मंडल आश्वत किया उनकी शेष विभिन्न मांगों पर भी शीघ्र ही निराकरण किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में रमेश जाट, राहुल श्रीवास्तव, डीएस अग्निहोत्री,



शारदा प्रसाद, गोपाल, अनिल, वीरेंद्र शर्मा, मनोरमा सोंधिया आदि महासंघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा क्षेत्रीय संगठन, प्रदेश प्रभारी ने की भोपाल संभाग के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

## निकायों में ढाई साल में अच्छा काम हुआ, जनता की सेवा के लिए नवाचारों को अपनाते रहेंः जामवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भोपाल संभाग के नगरीय एवं ग्रामीण निकायों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बैठक को संबोधित को भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि नगरीय एवं ग्रामीण निकायों के जनप्रतिनिधियों का जनता से सीधा जुड़ाव होता है, क्योंकि वो दिन भर जनता के बीच में रहते हैं। केंद्र और राज्यों की योजनाओं को जमीन पर उतारने के अलावा उस क्षेत्र में नवाचारों के माध्यम से किस तरह जनता और समाज की सेवा की जा सकती है इस दिशा में भी तेजी से काम करने की आवश्यकता है, ताकि जिन लोगों ने हमें चुना है उनका भरोसा भाजपा पर बना रहे। हमें हमेशा जागरूकता, विश्वास और सुचिता के साथ समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। आने वाले समय में हमारी पीढ़ियां महापुरुषों के बारे में जानकारी रखे इसके प्रयास करने होंगे, ताकि हमारे देश का इतिहास और सभ्यता का परिचय आने वाली पीढ़ियों को आसानी से मिल सके।




> प्रयास करें कि महापुरुषों के बारे में हमारी आने वाली पीढ़ी जानकारी रखे

#### आम जनता के हितों से जुड़े हुए कार्यों को पूरा करना हैः डॉ. महेंद्र सिंह

*भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन यानी केंद्र, राज्य और नगरीय और ग्रामीण निकायों में जनता की चुनी गई सरकारों के चलते प्रदेश में विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। पिछले ढाई सालों में बहुत काम हुआ है, लेकिन हमें यही रुकना नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जनशताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है, इसमें निरंतर विकास की रफ्तार को बनाए रखकर आम जनता के हितों से जुड़े हुए कार्यों को पूरा करना है। अटल बिहारी वाजपेयी को जानने के लिए हमें उन्हें पढ़ना होगा, तब हम उनके बताए गए मार्गों और विचारों को जानकार और बेहतर काम कर पाएंगे।*

## दमोह तहसीलदार का डीजीपी के नाम पत्र सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दमोह के एक तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शर्मा का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उन्होने कटनी एसपी अभिजीत रंजन से अपनी जान को खतरा बताया है। वहीं तहसीलदार ने कटनी में तेनात अपनी पत्नी ख्याति मिश्रा का ट्रांसफर सीधी, सतना या रीवा किए जाने की मांग की है।

> ■ कटनी एसपी पर लगाए गंभीर आरोप, बोले-मेरे घर का विखंडन कर रहे

उन्होने लिखा है कि एसपी मेरे परिवार का विखंडन कर रहे है। यह भी लिखा है कि एसपी मेरी सीएसपी पत्नी ख्याति मिश्रा को ब्लेकमेल कर रहे है। वहीं उसकी नौकरी तक चाट लेने की धमकी दी है। हालांकि सोशल मीडिया पर वायरल यह पत्र तहसीलदार द्वारा लिखा गया है या नहीं इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हुई है क्योंकि सोशल मीडिया पर पत्र वायरल होने के बाद तहसीलदार ने अपना नंबर बंद कर लिया है। उनकी कोई प्रतिकृिया नहीं आई है वहीं उन्होने दमोह कलेक्टर को 15 दिन के अवकाश का आवेदन दिया है। फिलहाल वो कहां है अफसरों को भी पता नहीं है। तहसीलदार के पत्र पर जब उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो कोई संपर्क नहीं हो सका।

---

8 करोड़ की हेराफेरी उजागर, 33 हजार क्विंटल स्टॉक कम मिला

# एक्शन में ईओडब्ल्यू, बालाघाट-सीधी में 17 जगह रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में गुरुवार को धान घोटाले को लेकर मारे गए छापों का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की जबलपुर और रीवा यूनिट ने 2 जिलों में 17 उपार्जन केंद्रों और वेयरहाउस पर छापे मारे। इस दौरान इन खरीदी केंद्रों में धान के स्टॉक में भारी अनियमितताएं उजागर हुईं।

छापों के बाद अब लगातार प्रदेश में हुए धान घोटाले का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। अब तक हुई कार्रवाई के बाद ईओडब्ल्यू ने लगभग 33 हजार क्विंटल धान की हेराफेरी का खुलासा किया है, जिसका बाजार भाव लगभग 8 करोड़ रुपये है। सोमवार सुबह ईओडब्ल्यू की जबलपुर यूनिट ने बालाघाट के 10 और रीवा यूनिट ने सीधी के 7 धान उपार्जन केंद्रों और वेयरहाउस पर छापे मारे। इस दौरान जांच दलों को स्टॉक में भारी गड़बड़ी मिली। प्रारंभिक पड़ताल में ही अब तक इन 17 स्थानों पर 13 हजार क्विंटल धान का स्टॉक कम मिला है, जिसका बाजार भाव लगभग 3 करोड़ रुपये है। इससे पहले गुरुवार को ईओडब्ल्यू ने प्रदेश के 12 जिलों में 150 धान खरीदी केंद्रों और 140 वेयरहाउस पर एक साथ छापे मारे थे, जिसमें 5 जिलों में लगभग 20 हजार क्विंटल धान की




हेराफेरी सामने आई थी, जिसका बाजार भाव 5 करोड़ से अधिक था। इसके बाद शुक्रवार और सोमवार को मारे गए छापों के दौरान लगभग 13 हजार क्विंटल धान का स्टॉक शॉर्ट मिला है, जिसकी कीमत लगभग 3 करोड़ है। इन छापों के दौरान ईओडब्ल्यू की टीमों ने खरीदी केंद्रों से दस्तावेज भी जब्त किए हैं। सोमवार को सीधी के 9 केंद्रों पर छापे में 9 हजार क्विंटल, जबकि बालाघाट जिले के 10 खरीदी केंद्रों पर 4000 क्विंटल धान का स्टॉक कम मिला है। ईओडब्ल्यू ने सीएम डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद धान घोटाले को लेकर प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज कर गुरुवार को छापेमारी कार्रवाई शुरू की थी। पहले दिन छापों में 79 आरोपियों का नाम सामने आया था।

अब इनकी संख्या बढ़कर 130 हो गई है। ये सभी खरीदी केंद्रों के पदाधिकारी और कर्मचारी हैं। इसके अलावा इस घोटाले में ट्रांसपोर्टर्स, वेयरहाउस और राइस मिल संचालकों की भी संदिग्ध भूमिका उजागर हुई है। ईओडब्ल्यू के अफसरों के अनुसार, जांच खत्म होने के बाद ही धान घोटाले को लेकर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## मप्र के तीन ताप विद्युत गृहों को फ्लाई ऐश के कुशल प्रबंधन के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल)के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को फ्लाई ऐश के कुशल व प्रभावी प्रबंधन करने के लिए फ्लाई ऐश उपयोगिता-2025 विषय पर गोवा में आयोजित 14 वें अन्तर्राष्ट्रीय आवासीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया।

तीनों विद्युत गृह के अभियंताओं को यह पुरस्कार पूर्व केन्द्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने प्रदान किया। यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन गैर लाभकारी संगठन मिशन एनर्जी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में एनटीपीसी, विभिन्न राज्यों की पॉवर यूटिलिटी व निजी पॉवर यूटिलिटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और विद्युत गृहों से निकलने वाली फ्लाई ऐश के कुशल व प्रभावी प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पुरस्कार के लिए तीनों ताप विद्युत गृह के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने फ्लाई ऐश के बेहतर प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर प्रयास और प्रतिबद्धता के माध्यम से जो मील का पत्थर स्थापित किया है, यह उपलब्धि न केवल पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास की मिसाल भी है।

#### किस श्रेणी में मिला पुरस्कार

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को यह पुरस्कार 500 मेगावाट स्थापित क्षमता से कम श्रेणी और श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया को 500 मेगावाट स्थापित क्षमता से अधिक श्रेणी वर्ग में प्रदान किया गया। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह ने 100 प्रतिशत से अधिक फ्लाई ऐश का सतत व प्रभावी उपयोग किया है।

# भारतीय रेल में एक लाख से अधिक महिलाएं संभाल रहीं बखूबी अपनी जिम्मेदारी

**रेलवे में महिला कर्मचारी**

| | |
|---|---|
| लोको पायलट | 2,162 |
| ट्रेन मैनेजर (गार्ड) | 794 |
| स्टेशन मास्टर | 1699 |
| पर्यवेक्षक | 2,360 |
| कर्मचारी | 12,362 |
| टिकट चेकर | 4,446 |
| पॉइंट्समैन | 4,430 |

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। महिला कर्मचारियों की यह कुल संख्या 1.13 लाख को पार कर गई है, जो कुल वर्कफोर्स का 8.2 प्रतिशत है। यह संख्या 2014 में 6.6 प्रतिशत थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे नेटवर्क में प्रमुख परिचालन नौकरियों में महिलाएं बड़ी भूमिका निभा रही हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, वर्तमान में 2,162 महिलाएं लोको पायलट के रूप में काम कर रही हैं, जबकि 794 महिलाओं ने ट्रेन मैनेजर (गार्ड) की भूमिका निभाई है। इसके अलावा, पूरे भारत में 1,699 महिला स्टेशन मास्टर तैनात हैं।





- बीते 10 साल में महिला कर्मचारियों की बढ़ी संख्या
- रेलवे के कुल वर्कफोर्स में 8.2 प्रतिशत महिलाओं का योगदान
- वर्ष 2014 में मात्र 6.6 प्रतिशत ही महिला कर्मचारी थीं

### स्टेशन मास्टर की संख्या में पांच गुना वृद्धि

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला लोको पायलट और स्टेशन मास्टर की संख्या में पांच गुना वृद्धि हुई है। परिचालन भूमिकाओं के अलावा, महिलाएं प्रशासनिक और रखरखाव क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रही हैं। भारतीय रेलवे में 12,362 महिला कार्यालय कर्मचारी और 2,360 महिला पर्यवेक्षक हैं।

### महिलाएं यात्री सेवाओं में भी सक्रिय रूप से शामिल

ट्रैक रखरखाव में, जो परंपरागत रूप से पुरुष प्रधान क्षेत्र रहा है, अब 7,756 महिलाएं ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं। महिलाएं यात्री सेवाओं में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं, जिनमें से 4,446 टिकट चेकर के रूप में और 4,430 देश भर के रेलवे स्टेशनों पर 'पॉइंट्समैन' के रूप में काम कर रही हैं।

**दुनिया के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है रेलवे :** इसके अलावा, भारतीय रेलवे ने जेंडर इंक्लूजिविटी में विश्वास बढ़ाने के लिए सभी महिला टीमों के साथ कई रेलवे स्टेशनों का संचालन किया है। इनमें माटुंगा, न्यू अमरावती, अजनी और गांधीनगर रेलवे स्टेशन शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारतीय रेलवे, जो दुनिया के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है, जिसके विशाल नेटवर्क पर 12.3 लाख से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### होली पर 1450 अतिरिक्त ट्रेनें चलाएगा रेलवे

महाकुंभ के बाद होली के मद्देनजर यात्रियों को उनके घर तक पहुंचाने के लिए रेलवे कमर कस ली है। इस बीच रेलवे बोर्ड में सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने होली के त्योहार के मद्देनजर भीड़ प्रबंधन और अतिरिक्त ट्रेनों के बारे में जानकारी दी। दिलीप कुमार ने कहा कि देश में होली का त्योहार बहुत खास है। इस त्योहार पर लोग भारी संख्या में अपने-अपने घर जाते हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए हमने तैयारी की है। इस साल होली के अवसर पर हमने 1450 ट्रेनें चलाने की अधिसूचना जारी कर दी है। ये ट्रेनें देश के अलग-अलग हिस्सों से चलेंगी। नई दिल्ली, आनंद विहार, अहमदाबाद जैसी जगहों से भी ट्रेनें अधिसूचित की गई हैं। पिछले साल हमने देखा कि होली के मौके पर पश्चिम भारत और नई दिल्ली के आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### पंजाब:परीक्षा में पूछ डाले पार्टी से जुड़े 2 सवाल



**चंडीगढ़।** कक्षा 12वीं के बोर्ड एग्जाम में बच्चों से मौजूदा सत्ता पक्ष की पार्टी से जुड़े दो सवाल पूछे गए। जिस पर विपक्ष ने आपत्ति जताई है। विपक्ष ने सरकार को भी पत्र लिखने की बात कही है। पंजाब बोर्ड ने परीक्षा में बच्चों के सामने दो सवाल पेपर में दिए। पहला सवाल आम आदमी पार्टी की स्थापना कब हुई थी? जबकि दूसरा सवाल आम आदमी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों का वर्णन करें।" इन सवालों को लेकर विपक्ष ने सरकार पर बोर्ड को अपने इशारों पर नचाने का आरोप लगाया है।

### फरवरी में घरेलू वेज थाली की कीमत 1% घटी



**नई दिल्ली।** भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत फरवरी में (सालाना आधार पर) 1% घटकर 27.2 रुपए हो गई। पिछले साल फरवरी 2024 में वेज थाली की कीमत 27.5 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी 'आरआरआर राइस रोटी रेट' रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत जनवरी की तुलना में फरवरी में 5% घटी है। जनवरी में वेज की कीमत 28.7 रुपए थी।

### शबाना को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड



**बेंगलुरु।** यहां आयोजित 16वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कावेरी निवास पर दिग्गज भारतीय अभिनेत्री शबाना आजमी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। पुरस्कार के रूप में उन्हें 10 लाख रुपए का चेक भी दिया गया। इस खास मौके पर मशहूर कवि, गीतकार और शबाना के पति जावेद अख्तर भी मौजूद थे। सीएम ने सोशल मीडिया पर शबाना और जावेद की कुछ तस्वीरें शेयर की।

### संसद में भाषाई मुद्दे पर हुई तीखी झड़प

# 'बेईमान सरकार' सुनते ही भड़के स्टालिन ने कहा- अहंकारी हैं प्रधान, संभालें अपनी जुबान

पहले ही दिन सदन में भारी हंगामा देखने को मिला। विपक्ष ने कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की। इस कारण लोकसभा की कार्यवाही को स्थगित भी करना पड़ा।

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

संसद के बजट के दूसरे चरण की आज से शुरुआत हो गई है। पहले ही दिन सदन में भारी हंगामा देखने को मिला। विपक्ष ने कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की। इस कारण लोकसभा की कार्यवाही को स्थगित भी करना पड़ा। लोकसभा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तमिलानाडु सरकार पर निशाना साधा और राज्य सरकार को बेईमान तक बता दिया। उनके इस बयान के बाद लोकसभा में जमकर हंगामा देखने को मिला।

डीएमके के सदस्यों ने लोकसभा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री की इस टिप्पणी की जमकर आलोचना की और विरोध प्रदर्शन किया। धर्मेंद्र प्रधान की इस टिप्पणी के बाद तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने भी एक पोस्ट किया और केंद्रीय मंत्री पर निशाना साधा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके पार्टी प्रमुख एमके स्टालिन ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधा। सीएम स्टालिन ने केंद्रीय मंत्री के बयान की आलोचना की और कहा कि वह एक अहंकारी राजा की तरह बोल रहे हैं और जिसने तमिलनाडु के लोगों का अनादर किया है, उनको अनुशासित किए जाने की आवश्यकता है।

**नई शिक्षा नीति पर केंद्र और तमिलनाडु सरकार के बीच जारी है टकराव**

तमिलनाडु के सीएम ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री पर किया पलटवार



### छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं है स्टालिन सरकार: प्रधान



दरअसल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने संसद में प्रश्नकाल के दौरान आरोप लगाया कि डीएमके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार ने शुरू में राज्य में पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना को लागू करने पर सहमति जताई थी, लेकिन बाद में अपने वादे से मुकर गई। डीएमके ने केंद्रीय मंत्री की टिप्पणी पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके कारण संसद के निचले सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। उन्होंने अपने बयान में कहा कि वे (डीएमके) बेईमान हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं।



### तमिलनाडु को फंड न देकर धोखा दिया: स्टालिन

अपने सोशल मीडिया पोस्ट में तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि केंद्र ने तमिलनाडु को फंड न देकर धोखा दिया है और तमिलनाडु के सांसदों को असभ्य कहा है। वहीं, डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान ने यह कहकर झूठ बोला कि डीएमके सरकार ने (एनईपी पर हस्ताक्षर करने के लिए) सहमति दे दी है। उन्होंने कहा कि डीएमके ने कभी भी एनईपी या तीन-भाषा नीति पर सहमति नहीं जताई, हमने बस इतना कहा कि हम ऐसा नहीं कर सकते। तमिलनाडु में हमारे छात्रों को तीन भाषाएँ क्यों सीखनी चाहिए जबकि उत्तर भारत के छात्र केवल एक भाषा सीखते हैं,हम हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, अगर कोई छात्र हिंदी सीखना चाहता है, तो वह ऐसा करने के लिए स्वतंत्र है लेकिन यह अनिवार्य नहीं होना चाहिए। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जो खुद को अहंकार से बोलने वाला राजा समझते हैं, उन्हें अपनी जुबान पर नियंत्रण रखना चाहिए।

### लोकसभा में राहुल गांधी ने की मांग

# वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे, इस पर चर्चा होनी चाहिए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बजट सत्र के दूसरे भाग के पहले कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर बहस देखने को मिली है। वहीं लोकसभा में बोलते हुए कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक मांग रखी कि पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। सभी विपक्षी दल वोटर लिस्ट पर सवाल उठा रहे हैं। अब पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। राहुल गांधी ने मामले में कहा कि हम आपकी टिप्पणी को स्वीकार करते हैं कि सरकार मतदाता सूची नहीं बनाती है। लेकिन हम इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि देश भर में मतदाता सूची पर सवाल उठाए जा रहे हैं। महाराष्ट्र समेत हर राज्य में विपक्ष ने एक स्वर में सवाल उठाए हैं। वहीं इस मामले में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा चुनाव आयोग सरकार के हाथ में है, अगर लोकतंत्र ऐसे ही चलता रहा और चुनाव आयोग सरकार के लिए पैरवी करता रहा तो जो नतीजे आएंगे वो आपके सामने हैं।

### मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं- टीएमसी

इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय ने कहा कि मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा है कि मुर्शिदाबाद और बर्दवान संसदीय क्षेत्रों और हरियाणा में एक ही ईपीआईसी (चुनावी फोटो पहचान पत्र) संख्या वाले मतदाता मौजूद हैं। टीएमसी ने कहा कि तृणमूल का एक प्रतिनिधिमंडल मतदाता सूची पर चिंताओं को उठाने के लिए नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त से मिल रहा है। उन्होंने मतदाता सूचियों में व्यापक संशोधन की भी मांग की, खास तौर पर अगले साल पश्चिम बंगाल और असम में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले।

### आयोग जवाब दे: सौगत रॉय

सौगत रॉय ने दावा किया, 'कुछ गंभीर खामियां हैं। महाराष्ट्र के मामले में यह बात कही गई है, जहां मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की गई थी। हरियाणा में भी इस बात की ओर ध्यान दिलाया गया। अब वे पश्चिम बंगाल और असम में भी घुसने की कोशिश कर रहे हैं, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। तृणमूल नेता ने कहा कि पूरी मतदाता सूचियों में व्यापक संशोधन किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग को देश को जवाब देना चाहिए कि सूचियों में कुछ गलतियां क्यों हुईं।

### छापे के बाद बोले भूपेश बघेल

# केस की पेनड्राइव, कुछ दस्तावेज और 33 लाख रुपए ले गई ईडी

एजेंसी ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी ने छापेमारी की। यह जांच करीब 10 घंटे तक चली। टीम के जाने के बाद बघेल ने कहा कि, 32-33 लाख रुपए और दस्तावेज टीम ले गई है। इसमें मंतूराम केस की पेनड्राइव भी है। करीब सुबह 8 बजे भूपेश और उनके बेटे चैतन्य के भिलाई-3 पदुमनगर स्थित घर पर चार गाड़ियों में ईडी की टीम पहुंची थी। दोपहर में कार्रवाई के बीच नोट गिनने और सोना जांचने की मशीनें भी मंगाई गई। इस बीच ईडी की कार पर बाहर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। कार्यकर्ताओं और पुलिस की झड़प भी हुई। अब कल कांग्रेस प्रदेशभर में ईडी की कार्रवाई के विरोध में भाजपा और ईडी का पुतला दहन करेगी। चैतन्य से जुड़े कई ठिकानों समेत 14 जगहों पर छापे पड़े हैं।



### दीक्षांत समारोह में पहुंची राष्ट्रपति

# रोजगार पाने की बजाए रोजगार पैदा करने वाले बनें युवक : मुर्मू

एजेंसी ▶▶ हिसार

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने सोमवार को हरियाणा के हिसार स्थित गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों, डिग्री व गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने विद्यार्थी वर्ग से आग्रह किया है कि वे शिक्षा हासिल करके रोजगार पाने की मानसिकता को बदलें और रोजगार पाने की बजाए रोजगार उत्पन्न करने वाले बनें। यदि हम ऐसा करते हैं तो यह समाज कल्याण व देश की उन्नति में बहुत बड़ा कदम होगा। उन्होंने कहा कि अपने ज्ञान व कौशल के बल पर विद्यार्थी समाज का कल्याण करें और देश की तरक्की में अपना योगदान दें। उन्होंने खुशी जताई कि समारोह में डिग्री लेने वालों में बेटियों की संख्या ज्यादा है।



### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जमानत, कहा

# नौकरी पाने के लिए फर्जीवाड़ा करना बेहद ही गंभीर अपराध

राजस्थान हाईकोर्ट से मंजूर की जमानत रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक दुर्लभ कदम उठाते हुए, स्वतंत्रता समर्थक दो व्यक्तियों को राजस्थान उच्च न्यायालय की तरफ से मंजूर की गई जमानत रद्द कर दी। ये दो व्यक्तियों में से एक अभ्यर्थी और वह दूसरा वह व्यक्ति था जिसने सरकारी नौकरी में सेलेक्शन के लिए हुई परीक्षा में उसके स्थान पर पेपर दिया था। शीर्ष अदालत ने इस अपराध को प्रशासन और कार्यपालिका में जनता के विश्वास को कमजोर करने वाला अपराध करार दिया। राजस्थान की अपील को स्वीकार करते हुए जस्टिस संजय करोल और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि उन्हें पता है कि एक बार हाई कोर्ट से जमानत मिल जाने के बाद उसे सामान्य तौर पर खारिज नहीं किया जाता।



### क्या था मामला?

सहायक अभियंता सिविल (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के दौरान असली अभ्यर्थी इंद्राज सिंह की जगह डमी अभ्यर्थी सलमान खान ने परीक्षा दी थी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया और निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। हालांकि, हाईकोर्ट ने उन्हें यह मानते हुए जमानत दे दी कि असली अभ्यर्थी का चयन नहीं हुआ, दोनों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और जांच पूरी हो चुकी है।

### भाजपा सांसद ने की मकबरे को हटाने की मांग

# औरंगजेब का मकबरा हटे... यह हर एक व्यक्ति चाहता है

सीएम ने बता दिया कुछ अलग ही प्लान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुगल बादशाह औरंगजेब पर पूरे देश में सियासत गर्म है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में औरंगजेब का मकबरा मौजूद है। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सभी का मानना है कि छत्रपति संभाजीनगर में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब का मकबरा हटा दिया जाना चाहिए। मगर यह काम कानून के दायरे में किया जाना चाहिए, क्योंकि पिछली कांग्रेस सरकार ने इस स्थल को एएसआई के संरक्षण में दे दिया था। छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज और सतारा से भाजपा सांसद उदयनराजे भोसले ने छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब की समाधि को हटाने की मांग की थी। भोसले की मांग पर सीएम फडणवीस ने कहा कि हम सभी भी यही चाहते हैं।



### आजमी के बयान से शुरू हुआ विवाद

औरंगजेब पर ताजा विवाद सपा के विधायक अबू आसिम आजमी के बयान से शुरू हुआ। आजमी ने औरंगजेब की खूब तारीफ की थी। उन्होंने दावा किया था कि औरंगजेब ने मंदिरों का निर्माण कराया था। वह कोई क्रूर बादशाह नहीं था। बाद में अबू आसिम आजमी को पिछले सप्ताह 26 मार्च को बजट सत्र के अंत तक महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। भाजपा नेता नवनीत राणा भी औरंगजेब के मकबरे को हटाने की मांग कर चुकी हैं।

### सुरक्षा के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक पहुंच गई चिट्ठी

# अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को कांग्रेस विधायक ने सबक सिखाने की दी धमकी, फिर सफाई दी

टीपू सुल्तान के दरबारी मीर सादिक से की तुलना

कांग्रेस विधायक ने बेंगलुरु में आयोजित होने वाले फिल्म समारोह में शामिल होने का निमंत्रण ठुकराने और खुद को हैदराबाद का निवासी बताने के लिए अभिनेत्री की आलोचना की थी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के खुद को 'कर्नाटक के बजाय हैदराबाद से' बताने के मुद्दे ने सियासी रूप ले लिया है। कर्नाटक के सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक रवि कुमार गौड़ा (गनीगा) और कन्नड़ कार्यकर्ता टी.ए. नारायण गौड़ा ने इस पर जमकर निशाना साधा। हालांकि रवि कुमार गौड़ा ने अब अपने बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि 'सबक सिखाउंगा' कहने का मेरा मतलब हमला करना नहीं था। मेरा मतलब था कि वो हमारी भूमि और भाषा का सम्मान करें। वहीं कोडवा राष्ट्रीय परिषद (सीएनसी) ने अभिनेत्री का समर्थन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री और प्रदेश के गृह मंत्री से उनकी सुरक्षा की मांग की है। सीएनसी ने इसके लिए अमित शाह को पत्र भी लिखा है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि मेरा मतलब जीवन में सबक सिखाने से था।

### रश्मिका के लिए मांगी सुरक्षा

इधर कोडवा राष्ट्रीय परिषद ने भी अभिनेत्री का समर्थन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के गृह मंत्री जी. परमेश्वर से उनकी सुरक्षा की अपील की है। सीएनसी के अध्यक्ष एन.यू. नचप्पा ने शाह और परमेश्वर को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि रश्मिका को एक विधायक द्वारा धमकाया।

**सीएनसी ने की सुरक्षा की मांग**





### कन्नड़ कार्यकर्ता ने रश्मिका को बताया मीर सादिक

वहीं, कर्नाटक रक्षणा वेदिके के संयोजक टीए नारायण गौड़ा ने भी कहा कि रश्मिका कोडागु से ताल्लुक रखती हैं और मूल रूप से कन्नडिगा हैं, लेकिन वह खुद को तेलुगु और आंध्र प्रदेश की बेटी बताती हैं। उन्होंने कहा, आप (रश्मिका) यहीं पली-बढ़ी हैं। अगर आप अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में मौका मिलने के बाद कन्नड़ राज्य को भूल जाती हैं, तो हमें लगता है कि आप किस तरह की 'मीर सादिक' हैं।

पीएम मोदी का मॉरीशस दौरा

# भारतीय उच्चायुक्त का दावा- रुपे, यूपीआई समेत कई महत्वपूर्ण समझौते होंगे मॉरीशस के नागरिकों को भारत में डिजिटल भुगतान करने की मिलेगी सुविधा

एजेंसी ▶▶ पोर्ट लुइस

भारत और मॉरीशस के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय सरकारी यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह जानकारी मॉरीशस में भारत के उच्चायुक्त अनुराग श्रीवास्तव ने दी है। भारतीय उच्चायुक्त ने कहा कि इस यात्रा के दौरान रुपे कार्ड और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को मॉरीशस में लॉन्च किया जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव और बढ़ेगा, खासकर पर्यटन और चिकित्सा यात्राओं में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि रुपे और यूपीआई से भारतीय पर्यटकों को मॉरीशस में और मॉरीशस के नागरिकों को भारत में आसानी से डिजिटल भुगतान करने की सुविधा मिलेगी। यह उन लोगों के लिए भी उपयोगी होगा जो भारत में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जाते हैं।

द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए होगी चर्चा

दोनों के बीच 851.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार


फाइल फोटो

### व्यापारिक संबंध होंगे और मजबूत

भारत और मॉरीशस ने 2021 में व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौते (सीईसीपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जो भारत का अफ्रीका के किसी भी देश के साथ पहला व्यापार समझौता था। पीएम की इस यात्रा के दौरान व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नए व्यापार समझौतों पर भी चर्चा होगी। बता दें, साल 2023-24 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 851.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर का हुआ। जिसमें से भारत से मॉरीशस 778.03 मिलियन डॉलर का निर्यात रहा वहीं, मॉरीशस से भारत को 73.10 मिलियन डॉलर का निर्यात किया गया।

### मॉरीशस खेल उद्योग में निवेश कर रहा

*मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम देश के कुल ऋण को जीडीपी के 83% से घटाकर 60% तक लाने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए वे विकास भागीदारों, वैश्विक संस्थानों और मित्र देशों के साथ सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा, मॉरीशस अपने अर्थव्यवस्था में विविधता लाने के लिए नए क्षेत्रों जैसे खेल उद्योग में भी निवेश कर रहा है।*

### एमएसएमई सेक्टर को समर्थन देने पर चर्चा



अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान कई मुद्दों पर समझौता होने की संभावना है। जिसमें द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए समझौता, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए सहयोग, इसके साथ छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को समर्थन देना और मानव संसाधन और कुशल श्रमिकों के आदान-प्रदान पर चर्चा भी होनी है।

### महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम मोदी मॉरीशस में भारतीय सहायता से निर्मित दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। जिसमें पहला सरकारी सेवाओं के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए- सिविल सर्विस कॉलेज प्रोजेक्ट और दूसरा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एरिया हेल्थ सेंटर प्रोजेक्ट शामिल है। पीएम मोदी मॉरीशस में सर शिव सागर गुलाम की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा, वे गंगा तालाब भी जाएंगे, जो मॉरीशस के हिंदू समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। यह यात्रा पीएम मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी, जब से नवीन रामगुलाम सरकार ने पिछले नवंबर में कार्यभार संभाला है।

## खबर संक्षेप

### इंटरनेशनल ड्रग तस्कर शॉन भिंडर गिरफ्तार



**तरनतारन।** तरनतारन पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया शहनाज सिंह उर्फ शॉन भिंडर को गिरफ्तार किया है, जिसकी तलाश अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई को भी काफी समय से थी। शहनाज सिंह ड्रग तस्करी करने वाले गिरोह का मुख्य सरगना था, जो कोलंबिया से अमेरिका और कनाडा में कोकीन की तस्करी करता था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि अमेरिका में अपने साथियों की गिरफ्तारी के बाद शहनाज सिंह भारत भाग गया था, लेकिन पंजाब पुलिस ने उसका पीछा कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### नेपाल में फिर से उठी राजशाही की मांग



**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह कड़ी सुरक्षा के बीच पोखरा से काठमांडू पहुंचे। जैसे ही वे त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरे, राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों लोगों ने उनके पक्ष में नारे लगाए। भीड़ ने तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर लिखा था 'हमें अपना राजा वापस चाहिए', 'गणतांत्रिक प्रणाली को समाप्त करो और राजशाही को पुनः स्थापित करो', 'राजा और देश हमारे प्राणों से भी अधिक प्रिय हैं।'

खत्म हुआ जस्टिन ट्रूडो का दौर, मार्क कार्नी बने कनाडा के नए पीएम

# भारत के लिए खुशखबर, अब सुधरेंगे संबंध वे रिश्ते मजबूत करने की कर चुके हैं पैरवी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंक ऑफ कनाडा और बैंक ऑफ इंग्लैंड के पूर्व गवर्नर मार्क कार्नी मार्क कार्नी को रविवार देर रात कनाडा का नया पीएम चुन लिया गया है। पार्टी ने सोमवार को अपने ऐलान में कहा कि कार्नी पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह लेंगे। लिबरल पार्टी के अध्यक्ष सचित मेहरा ने लिबरल नेतृत्व की दौड़ में ब्रिटेन और कनाडा के पूर्व केंद्रीय बैंक प्रमुख मार्क कार्नी की जीत की घोषणा की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कार्नी को कुल 131,674 वोट मिले जोकि कुल मतों का लगभग 85.9% है।

उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड और पूर्व सरकारी सदन नेता करीना गोल्ड और पूर्व संसद सदस्य फ्रैंक बेलिस को मात दी। क्रिस्टिया फ्रीलैंड को 11,134 वोट मिले, करीना गोल्ड को 4,785 वोट मिले और फ्रैंक बेलिस को 4,038 वोट मिले। जस्टिन ट्रूडो ने अपने कार्यकाल के दौरान भारत के साथ संबंधों में खटास लाने के लिए कोई असर नहीं छोड़ी। लेकिन मार्क कार्नी इसे बेहतर बना सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भारत और कनाडा के संबंध एक बार फिर से सुधरेंगे क्योंकि कार्नी वहीं शख्स हैं, जिन्होंने हाल ही में कहा था कि भारत के साथ रिश्ते फिर से मजबूत करने चाहिए।

### कनाडा किसी भी तरह अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा

**खास बातें**
- कार्नी को कुल 131,674 वोट मिले जो कुल मतों का 85.9% है
- कार्नी एक बैंकर और अर्थशास्त्री हैं




पीएम चुने जाने के बाद मार्क कार्नी ने अपने भाषण में ट्रंप की नीतियों की जमकर आलोचना की। कार्नी ने कहा कि कोई है जो हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। जैसा कि हम जानते हैं, डोनाल्ड ट्रंप ने हम जो बनाते हैं, जो बेचते हैं और जिस तरह से हम अपना जीवन यापन करते हैं, उस पर अनुचित टैरिफ लगाए हैं। वह कनाडाई परिवारों, मजदूरों और व्यवसायों पर हमला कर रहा है और हम उसे सफल नहीं होने देंगे। कनाडा तब तक जवाबी टैरिफ लगाए रखेगा जब तक अमेरिका की ओर से उसे सम्मान नहीं मिलता। कनाडा को अमेरिका का 51 वां राज्य बनाने के ट्रंप के बयान पर कार्नी ने कहा कि हमने इसे दुनिया का सबसे महान देश बनाया है और अब हमारे पड़ोसी हमें हड़पना चाहते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमारे संसाधन, पानी, हमारी जमीन, हमारा देश चाहते हैं। इसके बारे में सोचें, अगर वे सफल हो गए, तो वे हमारे जीवन जीने के तरीके को खत्म कर देंगे। अमेरिका एक पिघलने वाला बर्तन है और कनाडा एक मोजेक है। अमेरिका कनाडा नहीं है, कनाडा कभी भी किसी भी तरह, आकार या रूप में अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा।

### ट्रूडो ने छोड़ा पद



जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के लीडर का पद छोड़ दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा कि मैं लिबरल पार्टी के नेता के रूप में उसी आशा और कड़ी मेहनत के साथ विदा ले रहा हूँ, जैसा कि मैंने शुरू में किया था। इस पार्टी और इस देश के लिए काफी उम्मीदें हैं। उन लाखों कनाडाई लोगों की वजह से जो हर दिन साबित करते हैं कि बेहतर हमेशा संभव है। बता दें कि ट्रूडो ने जनवरी में ही पार्टी को देश के नया पीएम चुनने को कह दिया था।

### 2012 में ठुकराया था वित्त मंत्री का पद

नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज कनाडा में जन्मे मार्क कार्नी का बचपन एडमंटन में बीता। उन्होंने अमेरिका के हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। इसके उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर की डिग्री हासिल की फिर 1995 में अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। साल 2008 में उन्हें बैंक ऑफ कनाडा का गवर्नर नियुक्त किया गया। साल 2010 में दुनिया की मशहूर मैगजीन टाइम ने उन्हें विश्व के 25 सबसे प्रभावशाली नेताओं में एक बताया। इसके अलावा साल 2012 में यूरोमनी मैगजीन ने उन्हें 'सेंट्रल बैंक गवर्नर ऑफ द ईयर' घोषित किया। साल 2013 में वह बैंक ऑफ इंग्लैंड के भी गवर्नर बने थे। हाल ही में उन्हें संयुक्त राष्ट्र के जलवायु कार्रवाई और वित्त पर विशेष दूत जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके हैं। वो ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट में ट्रांजिशन इन्वेस्टिंग के पद पर भी रह चुके हैं। उन्हें 2012 में ही तत्कालीन पीएम स्टीफन हार्पर ने वित्त मंत्री बनने का मौका दिया था। लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को नकार दिया था।

ललित मोदी को लगा बड़ा झटका

# वानुअतु के पीएम ने पासपोर्ट रद्द करने का दिया आदेश




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल के पूर्व प्रशासक ललित मोदी को बड़ा झटका लगा है। वानुआतु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने सोमवार को अपने नागरिकता आयोग को मोदी को हाल ही में जारी किए गए पासपोर्ट को रद्द करने का आदेश दे दिया है। वानुआतु द्वारा जारी किए गए एक आधिकारिक बयान से यह जानकारी मिली है। उधर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पिछले सप्ताह हुई मीडिया ब्रीफिंग में इस मामले पर भारत सरकार का रुख साफ करते हुए कहा था कि हमें इस बात की जानकारी है कि ललित मोदी ने बीते 7 मार्च को लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में भारत की नागरिकता छोड़ने के लिए आवेदन किया है। जिसकी संबंधित प्रक्रिया के तहत जांच की जाएगी।

### यूं स्वतः खारिज हो जाता आवेदन

पीएम नापत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में हुए खुलासों और बीते करीब 24 घंटे में इंटरपोल ने दो बार ललित मोदी के खिलाफ अलर्ट जारी करने के भारतीय अधिकारियों के अनुरोध को ठोस न्यायिक साक्ष्यों के अभाव में रद्द कर दिया है। इंटरपोल की स्क्रीनिंग और अन्य जरूरी मानकों की जांच में हालांकि मोदी के खिलाफ किसी तरह की कोई आपराधिक दोष सिद्धि नहीं हुई है। वहीं, एक बार इस मामले में इंटरपोल द्वारा अलर्ट जारी करने के बाद ही ललित मोदी की वानुआतु की नागरिकता के लिए किया गया आवेदन स्वतः ही रद्द हो जाता। यहां बता दें कि वर्ष 2010 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व संस्थापक ललित मोदी अपने ऊपर लगे धन शोधन और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच भारत छोड़कर ब्रिटेन चले गए थे।

### वैध कारणों से हासिल करें नागरिकता

पीएम नापत ने कहा कि वानुआतु की नागरिकता हासिल करना एक विशेषाधिकार है। न कि कोई अधिकार। लेकिन आवेदकों को इसे वैध कारणों से प्राप्त किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि ललित मोदी ने वानुआतु में करीब 1.3 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए नागरिकता ली थी। यह प्रशांत महासागर के देश में बसने का सबसे आसान रास्ता था। बता दें, वानुअतु दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा सा द्वीपीय देश है। इस द्वीपीय राष्ट्र की कुल आबादी महज 3 लाख के करीब है। वानुअतु को साल 1980 में फ्रांस और ब्रिटेन से आजादी मिली थी। वानुअतु निवेश कार्यक्रम के तहत दुनियाभर के लोगों को नागरिकता देने की सुविधा देता है।

## बर्फ से बने शिवलिंग की पूजा



**लाहौर स्पिति।** हिमाचल प्रदेश के लाहौर स्पिति जिले के मदगरण गांव में शिवलिंग की पूजा करते श्रद्धालुगण। स्थानीय मान्यता के अनुसार यूर त्यौहार के दौरान ग्रामीण बर्फबारी के बाद 12 फीट ऊंचा बर्फ का शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा करते हैं।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा पहुंची न्यूयॉर्क

# महिलाओं और बालिकाओं के समग्र विकास की योजनाओं को करेंगी पेश

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयॉर्क में होने वाले 69वें महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के जारी बयान के अनुसार, सत्र सोमवार को शुरू हुआ इसमें लैंगिक समानता व महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर दुनियाभर में हुई प्रगति पर बात हुई।

इस साल का सत्र खास है क्योंकि यह महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए दूरदर्शी एजेंडे बीजिंग घोषणापत्र और कार्रवाई मंच के 30 साल पूरे होने के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष का सत्र 10 से 21 मार्च तक चलेगा। अन्नपूर्णा देवी इस सत्र में भारत की तरफ से राष्ट्रीय वक्तव्य देंगी।



इसमें वे पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं और बालिकाओं के समग्र विकास के लिए सरकार की पहल और योजनाओं को पेश करेंगी। वे इस दौरान वे बीजिंग घोषणापत्र और कार्रवाई मंच सहित संयुक्त राष्ट्र के 2030 सतत विकास एजेंडे को लागू करने की रफ्तार को तेज करने और इसके लिए संसाधनों को सुनिश्चित करने पर होने वाली अहम बातचीत में भी शामिल होंगी।

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन पांच दिवसीय यात्रा पर आएंगे भारत

# पीएम मोदी के साथ करेंगे मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर होगी विस्तृत चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन पांच दिवसीय (16-20 मार्च) आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। इस दौरान उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, व्यवसाय, मीडिया और न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य शामिल होंगे। पीएम के तौर पर क्रिस्टोफर लक्सन की यह पहली भारत यात्रा होगी। वे 20 मार्च को वेलिंगटन लौटने से पहले नई दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान पीएम लक्सन 17 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ भारत-न्यूजीलैंड संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। पीएम मोदी अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे। उसी दिन उनका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का कार्यक्रम है।



### 19-20 मार्च को मुंबई का करेंगे दौरा

पीएम लक्सन 17 मार्च को नई दिल्ली में 10वें रायसीना डायलॉग 2025 के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे। वे 19-20 मार्च को मुंबई का दौरा करेंगे, जहां वे भारतीय व्यापार जगत के नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार पीएम लक्सन की यात्रा भारत-न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने और हमारे लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को गहरा करने के लिए दोनों देशों की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

मॉरीशस के चैंप्स डी मार्स में आयोजन

# राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेने पोर्ट लुइस पहुंचा 'इंफाल युद्धपोत'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कल 12 मार्च को आयोजित किए जाने वाले मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए भारतीय नौसेना का इंफाल युद्धपोत सोमवार को पोर्ट लुइस पहुंचा। उसके साथ सशस्त्र सेनाओं का दस्ता, नौसेना का बैंड और हेलिकॉप्टर भी शामिल है। ये सभी मॉरीशस के चैंप्स डी मार्स में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय दिवस से जुड़े फ्लाईपास्ट में शामिल होंगे। नौसेना ने बताया कि पोर्ट लुइस में नौसैन्य युद्धपोत की यह पहली बंदरगाह की यात्रा है। भारत की तरफ से मुख्य अतिथि के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी इस समारोह में शिरकत करेंगे। मॉरीशस का 57वां राष्ट्रीय दिवस समारोह आयोजित किया जा रहा है।



### 14 मार्च तक होगा पड़ाव

नौसेना ने कहा कि इंफाल युद्धपोत मॉरीशस में 10 से 14 मार्च तक रहेगा। इस दौरान प्रशिक्षण से लेकर सांस्कृतिक आदान-प्रदान, अंतर प्रशिक्षण से जुड़ी यात्राएं, खेलकूद और सामुदायिक भागीदारी मुख्य रूप से शामिल हैं। यह गतिविधि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूती प्रदान करेंगी। इंफाल संयुक्त विशिष्ट आर्थिक जोन निगरानी और मॉरीशस की नौसेना के साथ युद्धाभ्यास में भी शामिल होगा। ये गतिविधियां भारत की पड़ोस सबसे पहले नीति पर आधारित हैं।

23 मार्च तक किर्गिस्तान के तोकमोक में आयोजित किया जा रहा

# भारत-किर्गिस्तान की सेनाओं के बीच शुरू हुआ 'खंजर-12' युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से चिंताजनक बने हुए वैश्विक माहौल के मध्य भारत और किर्गिस्तान की सेनाओं के बीच सोमवार से खंजर-12 नामक संयुक्त युद्धाभ्यास की शुरुआत हो गई है। इसमें दोनों देशों के विशेष बल (एसएफ) भाग ले रहे हैं। भारतीय सैन्य दल की अगुवाई पैराशूट रेजिमेंट (एसएफ) कर रही है। जबकि किर्गिस्तान की सेना का नेतृत्व किर्गिस स्कॉर्पियन ब्रिगेड कर रही है। सेना ने 10 मार्च को जारी एक बयान में बताया कि खंजर युद्धाभ्यास 10 से 23 मार्च तक किर्गिस्तान के तोकमोक में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत और किर्गिस्तान की सेनाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र संघ के आदेश के तहत अंतर संचालनीयता को बढ़ाना, शहरी युद्ध परिदृश्य और अत्यधिक ऊंचाई वाले मुश्किल हालात में अभियान चलाने पर ध्यान केंद्रित करना, आतंकवाद रोधी गतिविधियों और विशेष बलों से जुड़ी घात लगाकर हमला करने वाले युद्ध कौशल यानी स्नाइपिंग में अपनी क्षमता को सुदृढ़ करने, चुनौतीपूर्ण इमारतों में प्रवेश और जंगलों में चलाए जाने वाले अभियान मुख्य हैं। युद्धाभ्यास से एक ओर दोनों सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग और अंतर संचालनीयता बढ़ेगी। वही, दूसरी ओर एक दूसरे की अच्छी आदतों का आदान-प्रदान किया जा सकेगा।

**खास बातें**
- भारतीय सैन्य दल की अगुवाई पैराशूट रेजिमेंट कर रही
- किर्गिस्तान की सेना का नेतृत्व किर्गिस स्कॉर्पियन ब्रिगेड कर रही

### 2011 में शुरू हुए युद्धाभ्यास का इस वर्ष है 12वां संस्करण




इस वर्ष खंजर-12 युद्धाभ्यास का 12वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। वास्तविक रूप से इसका 2011 में शुरुआत की गई थी। जिसके बाद यह लगातार संयुक्त अभ्यास के रूप में विकसित होते हुए क्रमवार रूप से एक साल भारत में और एक साल किर्गिस्तान में आयोजित किया जा रहा है। इसका 11वां संस्करण पिछले साल जनवरी 2024 में भारत में आयोजित किया गया था। युद्धाभ्यास के जटिल चरण के साथ दोनों पक्षों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिलेगा। इसमें किर्गिस्तान द्वारा आयोजित किया जाने वाला नवरोज का त्यौहार भी शामिल है। युद्धाभ्यास से भारत और किर्गिस्तान के द्विपक्षीय और सामरिक संबंधों को काफी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और चरमपंथ की दोनों देशों की साझा चिंता का भी संयुक्त रूप से अवलोकन करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को लेकर बनी हुई दोनों की प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित होगी।

### संपन्न हुआ धर्म गार्डियन युद्धाभ्यास

*उधर, इन सबके बीच भारत और जापान की सेनाओं के बीच बीते 24 फरवरी से चल रहा संयुक्त युद्धाभ्यास धर्म गार्डियन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस बार इसका छठा संस्करण जापान के पूर्वी फुजी प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित किया गया था। सेना ने बताया कि यह युद्धाभ्यास बीते 9 मार्च को खत्म हुआ है। जिसमें समापन समारोह में जापान की सेल्फ डिफेंस फोर्स के कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल टोरिउमी सेजी शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने संयुक्त युद्धाभ्यास के आयोजन पर संतुष्टि प्रकट की और कहा कि इससे दोनों देशों के रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी।*

## खबर संक्षेप



### हॉकी इंडिया ने की 12 करोड़ रुपए इनामी राशि की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को यहां आयोजित किया जाएगा जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा। यह सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे।

### रोहित ने मैच हमारी पहुंच से दूर किया



**दुबई।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने स्वीकार किया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की असाधारण पारी ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया। रोहित ने 83 गेंद में 76 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने रविवार को यहां 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करीबी जीत दर्ज की। सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित शर्मा ने जिस तरह से खेला उससे मैच हमारी पहुंच से दूर हो गया। भारत ने दुबई की परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छा क्रिकेट खेला। मुझे लगता है कि यह कड़वा-मीठा अंत रहा।'

### शुभंकर 37वें, अहलावत संयुक्त 42वें स्थान पर रहे

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत जोबर्ग ओपन में क्रमशः संयुक्त 37वें और संयुक्त 42वें स्थान पर रहे। पहले दो राउंड में 66 और 65 का कार्ड खेलने वाले शुभंकर अंतिम दो राउंड में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने इन दो राउंड में 74 और 72 का स्कोर बनाया जिससे वह नीचे खिसक गए। दूसरे राउंड में 63 का शानदार स्कोर बनाकर कट में जगह बनाने वाले अहलावत ने अंतिम दो राउंड में 72 और 70 का कार्ड खेला। स्कॉटलैंड के कैलम हिल ने तीन खिलाड़ियों के बीच खेले गए प्लेऑफ में दक्षिण अफ्रीका के जैक्स क्रूस्विज्क (66) और शॉन नॉरिस (70) को हराकर खिताब जीता।



### आकर्षण का केंद्र होंगी 3 बार की पैरालंपिक चैंपियन वेनेसा

**नई दिल्ली।** तीन बार की पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता और गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की लंबी कूद की खिलाड़ी वेनेसा लोव मंगलवार से यहां शुरू हो रही विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में आकर्षण का केंद्र होंगी। चौंतीस साल की वेनेसा ने 2016 रियो खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 2021 टोक्यो और 2024 पेरिस पैरालंपिक की लंबी कूद टी63 स्पर्धा में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने 2019 और 2024 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी टी63 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वेनेसा 2024 पेरिस पैरालंपिक में 5.45 मीटर के प्रयास के साथ मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक भी हैं। वेनेसा ने 2019 में ऑस्ट्रेलिया का रुख करने से पहले लंदन 2012 और रियो 2016 में जर्मनी का प्रतिनिधित्व किया था।



## प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित ने कहा, 'भविष्य की कोई योजना नहीं, संन्यास नहीं लेने जा रहा'

# वनडे विश्व कप में काफी समय, भारत को बदलाव के दौर में रोहित की जरूरत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल के बाद रविवार को रोहित शर्मा की लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दो बार ऐसा हुआ जब उनके संन्यास का मुद्दा उठा। दुबई में चैंपियन्स ट्रॉफी में विजयी अभियान के बाद जब पहली बार इस विषय पर उनसे बात की गई तो भारतीय कप्तान रोहित ने खुलकर जवाब दिया, 'भविष्य की कोई योजना नहीं है, जैसे चल रहा है, चलता रहेगा।'उन्होंने अगली बार स्वैच्छिक रूप से इसका जिक्र किया। भारतीय कप्तान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के खत्म होने से ठीक पहले कहा, 'एक और बात। मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने जा रहा, बस यह सुनिश्चित करने के लिए बोला कि आगे कोई अफवाह नहीं फैले।' रोहित का बयान बहुत ही महत्वपूर्ण था क्योंकि जोर 'इस प्रारूप' पर था जो कि 50 ओवर का क्रिकेट है।

रोहित ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी20 विश्व कप जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप को अलविदा कह दिया था और टेस्ट क्रिकेट में उनके भविष्य को लेकर सवाल बने हुए हैं क्योंकि भारतीय टीम इस साल गर्मियों में इंग्लैंड का दौरा करेगी। भारतीय कप्तान ने महत्वाकांक्षाओं को जोरदार और स्पष्ट रूप से व्यक्त किया और 2027 विश्व कप को लेकर उनके कुछ अधूरे सपने हैं जिसकी मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे।



### रन बनते तक संन्यास नहीं

'वनडे प्रारूप' पर जोर देकर रोहित ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। जब तक वह रन बना रहे हैं, उम्र कोई बाधा नहीं बनेगी। हालांकि अगले एकदिवसीय विश्व कप तक वह 40 के करीब होंगे। वनडे अब भी उनका पसंदीदा प्रारूप है लेकिन रोहित ने कभी ऐसा नहीं कहा कि वह टेस्ट मैच नहीं खेलना चाहते। असल में ऑस्ट्रेलिया दौरे और उससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला को छोड़कर वह टीम के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज रहे हैं। जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी काबिलियत दिखाई है लेकिन रोहित अब भी भारतीय ड्रेसिंग रूम में सबसे सम्मानित नेतृत्वकर्ता हैं।

### बुमराह फिट नहीं, गिल परिपक्व नहीं

बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओं और चयनकर्ताओं के शुभमन गिल को कुछ और समय के लिए उप कप्तान की भूमिका में रखने की प्राथमिकता के कारण रोहित टीम की अगुआई जारी रखने के लिए आदर्श उम्मीदवार बने हुए हैं क्योंकि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। रोहित के लंबे समय से साथी विराट कोहली ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल के बाद कहा कि टीम के मुख्य खिलाड़ी अगले आठ साल तक खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन यह उनका कर्तव्य है कि जब भी वह अलविदा कहें तो भारतीय क्रिकेट को अच्छे हाथों में सौंपें।

## पाकिस्तान मेजबान, पुरस्कार वितरण समारोह में नहीं बुलाने पर परेशान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड दुबई में टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान अपने सीईओ और चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के निदेशक सुमैर अहमद सैयद को नजरअंदाज करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सामने अपना विरोध दर्ज करेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने सोमवार को कहा कि आईसीसी ने इस संबंध में जो स्पष्टीकरण दिया है उससे बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी संतुष्ट नहीं हैं। सूत्र ने कहा, 'आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि उसने मोहसिन नकवी के मंच पर आने की तैयारी कर ली थी, इसलिए जब वह फाइनल में नहीं आए तो उसने अपनी योजना बदल दी।' पीसीबी ने इस स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया है और कहा है कि आईसीसी ने टूर्नामेंट के दौरान मेजबान देश के रूप में पाकिस्तान की स्थिति के संबंध में कई गलतियां की थीं।



### लोगो में नाम नहीं, भारत का बजा राष्ट्रगान

भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए मैच के सीधे प्रसारण में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का लोगो बदलना और लाहौर में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले गए मैच में भारतीय राष्ट्रगान बजाना शामिल था। आईसीसी ने दावा किया कि प्लेलिस्ट में गड़बड़ी के कारण त्रुटि को ठीक करने से पहले कुछ सेकंड के लिए भारतीय राष्ट्रगान बज गया था।

### क्या पाकिस्तान मेजबान था?



पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी एक्स पर एक वीडियो डालकर कहा, 'भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीती लेकिन पीसीबी का कोई प्रतिनिधि फाइनल के बाद नहीं था। पाकिस्तान मेजबान था। मेरी यह समझ में नहीं आया कि पीसीबी से कोई वहां क्यों नहीं था।'

## सुकांत, नितेश ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में जीते स्वर्ण पदक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पेरिस पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश और सुकांत कदम ने भारत को स्पेन के विटोरिया में स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 (दो) में क्रमशः एसएल3 और एसएल4 वर्गों में स्वर्ण पदक दिलाए।

नितेश ने एसएल3 वर्ग के फाइनल में जापान के डेसुके फुजिहारा पर 21-19, 21-19 से जीत दर्ज की जबकि सुकांत ने रविवार को एसएल4 वर्ग में हमवतन भारतीय तरुण को 21-13, 21-10 से हराया। एसएच6 वर्ग में नित्याश्रे ने पोलैंड के स्जमिगेल को फाइनल में हराकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। पुरुष युगल में नितेश कुमार और तरुण ने भारत के जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को 21-14, 23-25, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। कृष्णा नागर और नित्याश्रे ने इंग्लैंड के शेफर्ड और चूंग को 21-14, 21-11 से हराकर एसएच6 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। नितेश कुमार ने मनीषा रामदास के साथ मिलकर एसएल3-एसयू5 श्रेणी में भारत के खाते में एक और स्वर्ण पदक डाला। उन्होंने स्वीडन के रिकड निल्सन और डेनमार्क की हेलो सोफी सागोय को 21-9, 21-15 से हराया। अल्फिया जेम्स ने महिला एकल फाइनल में स्विट्जरलैंड की इलारिया ओल्गियाती को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



## राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने नाम बदलकर किया राष्ट्रमंडल खेल

**लंदन।** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने सोमवार को अपना नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर लिया और कहा कि यह संचालन संस्था से एक 'आंदोलन' बनने का बदलाव है। नाम बदलने के फैसले की घोषणा 10 मार्च को राष्ट्रमंडल दिवस के मौके पर की गई। राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल युवा खेलों की संचालन संस्था ने कहा, 'राष्ट्रमंडल दिवस 2025 से राष्ट्रमंडल खेल महासंघ को राष्ट्रमंडल खेल के नाम से जाना जाएगा। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ अपना सार्वजनिक ब्रांड नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर रहा है। यह ब्रांड विकास संगठन के 'खेल महासंघ' से 'खेल आंदोलन' में परिवर्तन को दर्शाता है।'राष्ट्रमंडल खेल की सीईओ कैटी सेडलियर ने कहा, 'ब्रांड नाम राष्ट्रमंडल खेल एक मजबूत, अधिक एकीकृत उद्देश्य को दर्शाता है जो हमारे दर्शकों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ता है।' 'राष्ट्रमंडल खेल महासंघ' को केवल कानूनी इकाई के नाम के रूप में रखा जाएगा। इस बीच राष्ट्रमंडल खेल के संरक्षक किंग चार्ल्स सोमवार को राष्ट्रमंडल दिवस पर बकिंघम पैलेस में ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए राष्ट्रमंडल खेल किंग्स बेटन रिले का आधिकारिक रूप से शुभारंभ करेंगे।

## मोटेरा के जख्मों पर दुबई में मरहम लगाकर राहुल ने बदली अपनी और टीम की तकदीर



एजेंसी ▸▸| दुबई

आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में विजयी छक्का जड़ने वाले केएल राहुल ही थे और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में संकटमोचक की भूमिका निभाकर भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी जिताने में उनका योगदान अनदेखा नहीं किया जा सकता।

यह वही केएल राहुल हैं जिन्होंने 19 नवंबर 2023 को आस्ट्रेलिया के हाथों वनडे विश्व कप फाइनल में भारत की हार के बाद सबसे ज्यादा लानत मलामत झेली थी। जब लगातार दस जीत के साथ फाइनल में पहुंची भारतीय टीम अहमदाबाद में आखिरी मुकाबले में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 240 रन पर आउट हो गई और 107 गेंद में 66 रन बनाने पर राहुल आलोचकों का कोपभाजन बने। टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में भी उन्हें जगह नहीं मिली। मोटेरा के उस फाइनल के सत्रह महीने बाद जब दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर भारत ने तीसरी बार खिताब जीता तो अंत तक डटे रहे राहुल को जिस तरह कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और हार्दिक पंड्या ने गले से लगाया, उसने साबित कर दिया कि इस जीत में उनकी क्या अहमियत है।

## पांड्या का अनोखा सेलिब्रेशन, ट्रॉफी जीतना बड़ी बात नहीं

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतकर भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है। इस जीत के बाद पूरी टीम ने जमकर जश्न मनाया। हालांकि इसमें हार्दिक पांड्या का सेलिब्रेशन सबसे अलग रहा। हार्दिक ने खाबी लेम के आइकॉनिक पोज की नकल उतारी। लेम एक मशहूर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं। इटली के रहने वाले खाबी लेम के टिकटॉक पर 100 मिलियन फॉलोवर हैं। खाबी टिकटॉक पर प्रॉब्लम सॉल्विंग वीडियो बनाते हैं। इसके बाद वह ऐसा चेहरा बनाते हैं जैसे कि उनके लिए यह प्रॉब्लम सॉल्व करना कोई बड़ी बात थी ही नहीं। हार्दिक पांड्या भी खाबी लेम की ही नकल उतारते हुए यह दिखाते हैं मानो उनके लिए यह ट्रॉफी जीतना कोई बड़ी बात नहीं थी।



### ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप

## चोट-फॉर्म से जूझ रहे शटलरों के सामने होगी कठिन चुनौती



एजेंसी ▸▸| बर्मिंघम

चोटों, स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रही ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

प्रकाश पादुकोण की 1980 में ऐतिहासिक जीत और 2001 में पुलेला गोपीचंद की जीत के बाद से कोई भी भारतीय प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड खिताब जीतने में कामयाब नहीं हुआ है। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के बाद बैडमिंटन का सबसे प्रतिष्ठित ताज है। पिछले दो दशकों में भारतीय बैडमिंटन ने नई ऊंचाइयों को छुआ है जिसमें पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत जैसे सितारों ने प्रमुख खिताब जीते हैं। हालांकि, विश्व मंच पर अपनी कई सफलताओं के बावजूद कोई भी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप जीतने में सफल नहीं हो पाया है। साइना और लक्ष्य सेन 2015 और 2022 में उपविजेता रहे जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी लगातार चरण में सेमीफाइनल में पहुंची।

### चुनौतियों से जूझ रहे भारतीय खिलाड़ी

हर साल, भारतीय दल इस ऐतिहासिक खिताब पर अपनी नजरें गड़ाए रहता है और हर बार उन्हें असफलता मिली है। इस साल चुनौती और भी बड़ी होगी क्योंकि भारत के शीर्ष खिलाड़ी चोट की चिंताओं और अनिरंतर फॉर्म सहित कई कठिनाइयों के साथ बर्मिंघम पहुंचेंगे। पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय खिलाड़ियों को 2025 में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। सिंधू को चोटों की समस्या का सामना करना पड़ा, एचएस प्रणय चिकनगुनिया से धीरे-धीरे उबरे, लक्ष्य सेन खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी अपने पिता की मृत्यु से उबर रहे हैं जिनका पिछले महीने निधन हो गया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पिछले महीने एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटना पड़ा था।

## शराब और तंबाकू के एड पर लगाएं रोक

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईपीएल को 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के दौरान 'सरोगेट' विज्ञापनों सहित सभी प्रकार के तंबाकू और शराब के प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल को लिखे पत्र में कहा कि क्रिकेट खिलाड़ी भारत के युवाओं के लिए आदर्श हैं। उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार के तंबाकू या शराब के विज्ञापन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। गोयल ने लिखा, ''आईपीएल को सरोगेट विज्ञापनों सहित तंबाकू और शराब से जुड़े सभी प्रकार के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने वाले नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए।'

## कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अक्षर-राहुल के बीच मुकाबला

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ऑलराउंडर अक्षर पटेल और सीनियर विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए दो दावेदार हैं जिसमें गुजरात के खिलाड़ी का पलड़ा थोड़ा भारी है।

ऐसा माना जा रहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी के खत्म होने का इंतजार करने के बाद फ्रेंचाइजी के अधिकारी अगले कुछ दिनों में अपने नए कप्तान के नाम की घोषणा करेंगे। दिल्ली कैपिटल्स अपने पहले दो मैच के लिए विशाखापत्तनम जाने से पहले दिल्ली में एक छोटा ट्रेनिंग कम अभ्यास शिविर लगाएगी। अक्षर, राहुल, कुलदीप यादव, दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जेक फ्रेजर मैकगर्क और मिशेल स्टार्क 17 और 18 मार्च को विशाखापत्तनम में इकट्ठा होंगे। राहुल हो सकता है कि एक या दो मैच में नहीं खेलें क्योंकि उनकी पत्नी अथिया शेट्टी गर्भवती हैं और यह उनके पहले बच्चे के जन्म की संभावित तारीख पर निर्भर करेगा। कैपिटल्स के साथ अपने सातवें सत्र में 31 वर्षीय अक्षर राहुल की तुलना में टीम का नेतृत्व करने के लिए अधिक संभावित उम्मीदवार दिखते हैं।



## डब्लूपीएल समिति में रोहन देसाई शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के नवनियुक्त संयुक्त सचिव रोहन देसाई को महिला प्रीमियर लीग की समिति में शामिल किया गया है। पंजाब क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दिलशेर खन्ना को भी आठ सदस्यीय समिति में शामिल किया गया है। प्रभतेज भाटिया के बीसीसीआई कोषाध्यक्ष बनने के बाद यह स्थान रिक्त हुआ था। भाटिया कोषाध्यक्ष चुने जाने के कारण इस समिति का हिस्सा बने हुए हैं। डब्ल्यूपीएल समिति इस प्रकार है: रोजर बिन्नी - अध्यक्ष, देवजीत सैकिया (संयोजक) अरुण सिंह धूमल - आईपीएल अध्यक्ष, राजीव शुक्ला - बीसीसीआई उपाध्यक्ष, प्रभतेज भाटिया - बीसीसीआई मानद कोषाध्यक्ष, रोहन गौंस देसाई - बीसीसीआई मानद संयुक्त सचिव, मधुमती लेले, दिलशेर खन्ना।

### लगातार दूसरी बार आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध रखा

# ब्रूक ने दिल्ली के साथ अनुबंध तोड़ा, लगेगा प्रतिबंध

एजेंसी ▸▸| लंदन

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है जिसके लिए उन पर इस टूर्नामेंट में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लग सकता है।

यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि इंग्लैंड के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध रखा है। इसके लिए उन्होंने फ्रैंचाइज़ी और उसके समर्थकों से माफ़ी मांगी। ब्रूक ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मैंने आईपीएल के अगले सत्र से हटने का बहुत मुश्किल फैसला किया है। मैं दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से बिना शर्त माफी मांगता हूं। यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी श्रृंखला की तैयारी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहता हूं। इसके लिए मुझे अपने अब तक के कॅरियर के सबसे व्यस्त दौर के बाद तरोताजा होने के लिए समय चाहिए। मैं जानता हूं कि हर कोई इसे नहीं समझेगा और मैं उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करता हूं, लेकिन मुझे वह करना होगा जो मुझे लगता है कि सही है और अपने देश के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता है और मेरा पूरा ध्यान इसी पर है।' ब्रूक ने अपनी दादी के निधन के कारण आईपीएल के पिछले सत्र से भी नाम वापस ले लिया था।



### दो साल के प्रतिबंध का नियम

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के आईपीएल से जुड़े नियमों के अनुसार अगर कोई विदेशी खिलाड़ी नीलामी में चुने जाने के बाद अनफिट नहीं होने की स्थिति में इस टूर्नामेंट में नहीं खेलता है तो उस पर आईपीएल में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जा सकता है।
बीसीसीआई के पिछले साल टीमों के साथ साझा किए गए दस्तावेज के अनुसार, 'कोई भी (विदेशी) खिलाड़ी जो नीलामी के लिए पंजीकरण करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सत्र की शुरुआत से पहले खुद को अनुपलब्ध घोषित करता है तो उसे दो सत्र के लिए आईपीएल और आईपीएल नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।'

‘क्वीन्स ऑन द व्हील’ 2.0 महिला बाइकिंग का हुआ सफल समापन

# देशभर की 25 महिला राइडर्स 1400 किमी का रोमांचक सफर पूरा कर पहुंची भोपाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा आयोजित महिला बाइकिंग इवेंट ‘क्वीन्स ऑन द व्हील’ के दूसरे संस्करण का समापन सोमवार को केरवा रिसोर्ट में हुआ। इस बाइकिंग टूर में देश और प्रदेश की 25 से अधिक महिला बाइकर्स ने भाग लिया, जिन्होंने सांची, चंदेरी, ग्वालियर, मितावली, पढ़ावली, दतिया, ओरछा, खजुराहो, छतरपुर, सागर, उदयगिरि, भोजपुर और भीम बैठका जैसे विभिन्न पर्यटन स्थलों से होते हुए 1400 किलोमीटर की दूरी तय की।

### ग्वालियर, मितावली, पडावली, बटेश्वर, दतिया का किया भ्रमण

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबन्ध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक स्थलों का प्रचार-प्रसार करना था, बल्कि प्रदेश को महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना भी था। इन महिला बाइकर्स ने ऐतिहासिक शहर ग्वालियर, मितावली, पडावली, दतिया पर भ्रमण किया एवं यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में लाईट एण्ड साउण्ड शो और आदिवर्त राज्य संग्रहालय का भी अनुभव भी किया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच ने किया ‘बांटें प्रेम गुलाल’ मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच द्वारा ‘बांटे प्रेम गुलाल’ मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रजनी यादव ने की। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि आशा सक्सेना एवं मुख्य अतिथि मंजुला ठाकुर रहीं।

महिला काव्य मंच की अध्यक्ष सुनीता केसवानी ने पुष्प गुच्छ भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय महासचिव जया आर्य ने, सुनीता केसवानी के अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका माला पहनाकर सम्मान किया। गोष्ठी में सभी रचनाकार बहनों ने होली एवं महिला दिवस पर अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से मंच को गुलजार किया। मंच संचालन वंदना गुप्ता ने किया।

एक ही दिन में शकुंतला के अलग-अलग रूपों को दर्शाती नाट्य प्रस्तुति

# रंग श्री लिटिल बैले में ‘शाकुंतलम’ ‘नेपथ्य में शंकुतला’ का मंचन

## श्रुति कीर्ति बारीक के निर्देशन में नाटक शाकुंतलम की हुई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एकरंग कल्चर सोशियो सोसायटी द्वारा रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाट्य मंचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्रुति कीर्ति बारीक के निर्देशन में नाटक शाकुंतलम की प्रस्तुति हुई इससे पहले सम्मान समारोह में सरोज शर्मा, नजीर कुरैशी और भीम राव राउत को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गिरिजा शंकर, संजय मेहता और राजीव वर्मा उपस्थित थे।

■ महाभारत के आदि पर्व में वर्णित शकुंतला पर



चक्रवर्ती सम्राट की उपाधि से नवाजे गए ‘भरत’

यह बैले महाभारत के आदि पर्व में वर्णित मेनका विश्वामित्र की पुत्री शकुंतला पर आधारित है, जिसमें शकुंतला को जन्म देकर मेनका वापिस स्वर्ग लोक चली जाती है और वन के पक्षी उस कन्या की रक्षा और देखरेख करते हैं। तब ही महर्षि कण्व कन्या की देखरेख के लिए अपने आश्रम ले जाते हैं। वहीं हस्तिनापुर के महाराजा दुष्यंत शिकार करते हुए कण्व के आश्रम पहुंचते है और वहां उन्हें शकुंतला से प्रेम हो जाता हैं। उसे अपनी अगूंठी देकर वापिस राजमहल जाते हैं। आगे दुर्वासा के श्राप से राजा शकुंतला को भूल जाते हैं और फिर शकुंतला बालक को जन्म देती है, जिसका नाम भरत रखा जाता है। जिसे सब चक्रवर्ती सम्राट होने का आशीर्वाद देते हैं। दुष्यंत, शकुन्तला एवं पुत्र भरत के साथ राजधानी लौट आते हैं।

## जब हिरण, भौंरा, मछली, शेर ने समझाई जीवन की अहमियत

भोपाल। प्रत्येक इंसान को उसके होने की अहमियत पता होती है और जब किसी व्यक्ति को यह अहमियत हिरण, भौंरा, मछली, शेर समझाए तो बात ही क्या। कुछ ऐसी ही उधेड़बुन पर आधारित नाटक ‘नैपथ्य में शकुंतला’ का मंचन शैडो संस्था के नाट्योत्सव के अंतर्गत अपेक्स बैंक हॉल में मंचित इस नाटक में लेखन व निर्देशन मनोज नायर का रहा। इस नाटक में दिखाया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने भीतर की नकारात्मकता को त्याग कर सकारात्मक रुख अपनाकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

समन्वय भवन के हॉल में नाटक ‘नैपथ्य में शकुंतला’ का मंचन



### नाटक की कहानी

नाटक की कहानी एक नाट्य दल की रिहर्सल से शुरू होती है जहां पर अभिज्ञान शाकुन्तम की तैयारी हो रही है, लेकिन शो के दिन ही सुबह लीड कलाकार मानव अपना रोल करने से मना कर देता है। क्योंकि वो अपने आप को हारा हुआ कमजोर मानता है, वो ना इंजीनियर की पढ़ाई पूरी कर पाया, ना ही नाट्य दल में अपनी सही जगह पा पाया।

### स्कोप ग्लोबल स्किल्स विवि एवं आईसेक्ट का विशेष आयोजन

भोपाल। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी एवं आईसेक्ट द्वारा महिला दिवस के अवसर पर सम्मान कार्यक्रम किया गया। इस विशेष आयोजन में समाज की प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया और महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में दिव्यांग समानता प्रशिक्षक पूनम श्रोती, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपा वालिया लोखवानी मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। पूनम श्रोती ने अपने जीवन संघर्ष की प्रेरणादायक कहानी सुनाई और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की सीख दी। वहीं, डॉ. अनुपा वालिया लोखवानी ने महिला स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण सत्र का आयोजन किया, जिसमें स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की।

नाटक ‘दिल की दुकान’ का मंचन

# दिल का मामला कभी दिल्लगी होता है तो कभी दिल की लगी...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मित्रों यह है दिल की दुकान। दिल का मामला कभी दिल्लगी होता है तो कभी दिल की लगी। लेखक राजेन्द्र शर्मा द्वारा लिखित ‘दिल की दुकान’ नाटक के द्वारा हास्य-परिहास के संदेश प्रसारित करता यह नाटक दर्शकों को खूब हंसाता और गुदगुदाता है। मौका था सोमवार को शहीद भवन में नाटक ‘दिल की दुकान’ के मंचन का। एकता हास्य नाट्य समारोह के अंतर्गत मंचित इस नाटक में निर्देशन सुमीत द्विवेदी का रहा।

### नाटक की कहानी

नाटक में दिखाया गया कि यदि मनुष्य प्रयन्त करें तो हृदय परिवर्तन संभव है। हृदय परिवर्तन कर मनुष्य अपनी कमजोरी पर विजय प्राप्त कर सकता है। किन्तु समाज तो अपने ही करे पर चलता है। नई प्रेरणा, नया संदेश देने वाले व्यक्ति का प्यार भरा दिल कुचल देता है। दिल की दुकान का मालिक तरह-तरह की विशेषताओं से युक्त दिल बेचता है तो दूसरी ओर समाज में अनेक विसंगतियां है। कोई कंजूस है, तो कोई शराबी, कोई डरपोक, कोई पत्नी पीड़ित किन्तु जितनी भी दवा कर ले दर्दे दिल का मर्ज बढ़ता गया। अन्त में बीमार समाज अपने दिलदार का क्या हश्र करता है। यह नाटक में बखूबी दिखाया गया।

# बरकतुल्लाह विवि में हर्बल गुलाल मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



बरकतुल्ला विवि के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय हर्बल गुलाल तैयार करने की कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को हर्बल गुलाल बनाने की प्रक्रिया से परिचित कराना और उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना हैं। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता तिलवारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्र जो भी सीखेंगे, उसे वे भविष्य में छोटे पैमाने के व्यवसाय के रूप में उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं और उन्हें इस प्रकार के कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हैं।




### भोपाल बना कला का केन्द्रः चौपाल स्टेज 3.0 ने जमाई महफिल



भोपाल। भोपाल की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित चौपाल स्टेज 3.0 का भव्य आयोजन एक यादगार कला महोत्सव के रूप में सम्पन्न हुआ। इस अनूठे टैलेंट शो में 15 प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से न केवल मंच को रोशन किया बल्कि दर्शकों के दिलों में भी अपनी जगह बनाई। यह कार्यक्रम नृत्य, संगीत, रैप, स्टैंड-अप कॉमेडी और शायरी जैसी विधाओं का एक उत्कृष्ट संगम रहा। कार्यक्रम में एडिनो के जोशीले रैप ने युवाओं में नया जोश भरा, वहीं पलक के नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शुभम की शेरो-शायरी पर वाह-वाह की गूंज सुनाई दी, जबकि अर्षप्रीत की मधुर आवाज ने समां बांध दिया। सौरभ की हास्य प्रस्तुति ने पूरे हॉल को ठहाकों से भर दिया। इस आयोजन में 200 से अधिक कला प्रेमियों ने भाग लिया और हर प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया।

गौर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव विहान

# विभिन्न प्रतियोगिताओं से किया प्रतिभा का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में सोमवार को वार्षिकोत्सव विहान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार ने किया गया। इसके बाद महाविद्यालय की छात्राओं श्रीया विश्वकर्मा, प्राची विश्वकर्मा, सुमन रघुवंशी ने सरस्वती वंदना सस्वर प्रस्तुत की।

कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों के प्रतिवेदन का वाचन किया गया। मुख्य अतिथि बारेलाल अहिरवार ने कहा कि विहान वार्षिक स्नेह सम्मेलन विद्यार्थियों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। विद्यार्थियों को इसमें सक्रिय सहभागिता करना चाहिए। छात्र संघ प्रभारी डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन के आयोजन की रूप रेखा पर प्रकाश डाला।

इसके बाद ओपन माइक, कार्पोरेट वॉक, मॉम्स मैजिक, हेयर स्टाइल और मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# शब्दों के पुष्प के साथ मना कृष्णा सोबती और मोहन राकेश का जन्मशती समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



हिन्दी नाटक और कथा साहित्य के प्रमुख हस्ताक्षर कृष्णा सोबती और मोहन राकेश की जन्मशती के अवसर पर मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा विशेष साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन मायाराम सुरजन स्मृति भवन में किया गया। डॉ विजय अग्रवाल के स्वागत उद्बोधन के बाद प्रतिष्ठित युवा आलोचक डॉ शशिभूषण मिश्रा ने मोहन राकेश के रचनाकर्म पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि किसी लेखक के रचनाकर्म पर बातचीत करने के साथ ही उसके साहित्यिक सांस्कृतिक विचारों पर बातचीत करना बेहद आवश्यक है। वहीं ख्यातिलब्ध कथाकार डॉ क्षमा शर्मा ने कृष्णा सोबती की रचनाएं और बदलता परिदृश्य विषय पर कहा कि कृष्णा उनकी पड़ोसी थीं। उसी दौर के कुछ दिलचस्प किस्से भी उन्होंने सुनाए। उन्होंने बताया के कृष्णा अपने वक्त से बहुत आगे का सोचती थीं।

लायन कुल भूषण मित्तल, मनीष शाह मुख्य रूप से हाजिर

# लायंस क्लब रीजन-2 ग्रीन की कांफ्रेंस में सम्मानित हुए कला मनीषी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



लायंस क्लब रीजन-2 ग्रीन की ओर से रीजन कांफ्रेंस रबरीत का आयोजन हरनूर पैलेस में किया गया, जिसमें शहर के संगीत, चित्रकला, साहित्य एवं सामाजिक क्षेत्रों में सक्रिय लोगों को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायन कुल भूषण मित्तल, मनीष शाह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। समारोह की अध्यक्षता लायन नरेन्द्र सिंह जग्गी ने की। कार्यक्रम में सिरेमिक कला एवं साहित्य के लिए शंपा शाह, संगीत के क्षेत्र में वरिष्ठ सितार वादिका स्मिता नागदेव और वरिष्ठ चित्रकार कुसुमलता शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लायन नरेन्द्र सिंह जग्गी ने क्लब की वार्षिक स्मारिका रमनीक का विमोचन किया और लायन क्लब द्वारा समाज सेवा तथा कला संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला।



# स्कॉटलैंड के वाद्य यंत्र ‘मशकबीन’ का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानव संग्रहालय में माह का प्रदर्शन

मानव संग्रहालय के अंतरंग प्रदर्शनी भवन वीथी संकुल में मार्च माह का प्रादर्श मशकबीन-एक पारंपरिक संगीत वाद्य प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रख्यात विद्वान सुरेश सोनी ने किया। मशकबीन का उपयोग सदियों से उत्तराखण्ड में हो रहा है। स्थानीय बोली में इसका प्रचलित नाम पाइप अथवा बीन-बाजा है। कई इलाकों में यह मुसा बाजा के नाम से भी जाना जाता है। आंग्ल भाषा में इसे बैगपाइप कहते है यह मूलतः स्कॉटलैंड का वाद्य यंत्र है। इसे उत्तराखण्ड में लाने का श्रेय ब्रिटिश सेना में शामिल गढ़वाली और कुमाऊंनी सैनिकों को जाता है। यह वाद्य गढ़वाल व कुमाऊं में इतना प्रचलित हुआ कि अब यह यहां का लोकवाद्य जैसा प्रतीत होता है। यह शादी-विवाह, तीज- त्यौहारों व पारम्परिक संस्कारों जैसे अवसरों पर अन्य स्थानीय वाद्य यंत्रों ढोल दमों के साथ बजाया जाता है।

# आईआईएफएम में ‘कल्पतरु 2025’ और एलुमनी मीट ‘रिमिनिसेंस’ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भारतीय वन प्रबंध संस्थान (आईआईएफएम) में कल्पतरु 2025 के अंतर्गत रिमिनिसेंस एलुमनी मीट का भी आयोजन हुआ, जिसमें पद्मश्री भैरू सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) चंचल शेखर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

आईआईएफएम के निदेशक, डॉ. के. रविचंद्रन ने संस्थान की समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता और भविष्य की दृष्टि पर प्रकाश डाला।

गणमान्य व्यक्तियों ने आईआईएफएम द्वारा जीवंत शैक्षणिक और अतिरिक्त गतिविधियों की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर संस्थान के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दीं।

आकाशवाणी भोपाल में होली पर शब्दों की बौछार...

# रंग देंगे सब रंगों से गोरे गोरे गाल, जोगीरा सा रा रा र....

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सोना लिया सुनार से आलू निकल गया, रंगों की डिब्बियों में बालू निकल गया...., वहीं रंग गुलाबी नीला पीला हरा बैंगनी लाल, रंग देंगे सब रंगों से गोरे गोरे गाल, जोगीरा सा रा रा र.... कुमार चन्दन के इस जोगीरा को सुनते ही श्रोता वाह वाह कर उठे। आकाशवाणी द्वारा आयोजित ‘शब्दांजलि’ में पांच कवियों ने अपनी-अपनी कविता से फागुन की ठंडक घोल दी। कवियों की कलम का हास्य के साथ-साथ श्रृंगार रस में डूबने की इस कड़ी में अगली प्रस्तुति गीतकार डॉ. प्रार्थना पंडित ने प्रीत डोर से बंधी हूं मैं सिंदूर से बंधी हूं, जैसे भी कहेगा मैं सब कर जाउंगी.... सुनाया।




### अरे साली को जो रंग लगाया...

वहीं अगली कड़ी में युवा प्रेम पर केंद्रित कविता प्यार फोन पे जताता है, शिकवे शिकायत करता है, कैसा पागल लड़का है वो, बेकल बेकल फिरता है... के बाद कवि दीपक शुक्ला ने अरे साली को जो रंग लगाया घरवाली को गुस्सा आया... सुनाया। दीपक दनादन ने नसीहत देते हुए अगली कविता में कहा बड़ी ना उम्र ना कद ना नाम होना चाहिए बड़ा तो आदमी का काम होना चाहिए....।

### व्यर्थ न जाएं पर्व रंग का यूं ही हंसी ठिटौली में....

अगली कविता में सुनीता ने कन्हैया की होली का चित्र खींचा गोरी गोरी राधा के संग होली खेले श्याम, इक दूजे को रंग में रंग के, रंग गया गोकुलधाम, जोगीरा सा रा रा र... तत्पश्चात मंच पर आये वरिष्ठ कवि राजेंद्र गट्टानी ने अपनी हास्य चुटकियों से उपस्थित जन समूह का मन जीत लिया। उन्होंने अपनी कोठी से निकले और झांकें उनकी खोली में, शिशुओं का आहार नहीं जिन माता की झोली में, तो आओ उनके जीवन में भी खुशियों के कुछ रंग भरे, व्यर्थ न जाएं पर्व रंग का यूं ही हंसी ठिटौली में.... ने श्रोताओं की खूब तालियां बंटौरी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930